ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

गौतम गंभीर एलएसजी छोड़कर बतौर... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 23 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 287 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### साहिबगंज एसपी हाजिर नहीं हुए ईडी ने 28 को फिर बुलाया

**रांची।** ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम बुधवार को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में हाजिर नहीं हुए। अब ईडी ने उन्हें दोबारा समन भेजा है। दूसरे समन में उन्हें 28 नवंबर को दिन के 11 बजे तक ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। पहले समन पर बुधवार को साहिबगंज एसपी दिन के 11.30 बजे तक ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। बाद में उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर जानकारी दी कि समन को लेकर उन्होंने पुलिस मुख्यालय से लिखित मंतव्य मांगा है। ऐसे में एजेंसी के समक्ष वह उपस्थित नहीं हो सकते। ईडी को भेजे पत्र में नौशाद आलम ने मंतव्य पर राय मिलने की वजह से दूसरी तारीख की मांग की थी। इसके बाद एजेंसी ने दूसरा समन बुधवार शाम जारी कर लिया। अवैध खनन से जुड़े केस में ही नौशाद आलम को समन किया जा रहा है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय में मौजूद रहे नौशाद : साहिबगंज एसपी बुधवार को पुलिस मुख्यालय में ही मौजूद रहे। यहां उन्होंने लिखित आवेदन पुलिस मुख्यालय को समर्पित किया। इसके बाद राज्य के आला अधिकारियों से भी मुलाकात की।

### पूर्व सीएम का हत्यारा जगतार सिंह 18 साल बाद बरी



**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे जगतार सिंह हवारा को जिला अदालत ने 18 साल पहले दर्ज एक केस में बरी कर दिया। पुलिस ने साल 2005 में हवारा के खिलाफ देश के खिलाफ षड्यंत्र रचने, सेना बनाने व हथियार इकट्ठा करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। अब इस केस में उसे बरी कर दिया गया है। सेक्टर-36 थाना पुलिस ने 16 जुलाई 2005 को आईपीसी की धारा 121, 121ए, 123, 153, 120बी, आर्म्स एक्ट व एक्स्पलोसिव एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था, लेकिन पुलिस हवारा पर लगे आरोपों को अदालत में साबित नहीं कर पाई। मामले में हवारा के वकील अमर सिंह चहल ने बताया कि मामले में गवाह ने जगतार सिंह हवारा को पहचानने से इन्कार कर दिया। चहल की ओर से दलील दी गई कि इस मामले में मुख्य आरोपियों को सजा हो चुकी है, जबकि हवारा का इस वारदात से कोई ताल्लुक नहीं था। वहीं, पुलिस का आरोप था कि हवारा व उसके साथी खालिस्तान बनाने और देश में आतंक फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस को इनसे एक पिस्टल, पांच कारतूस और 450 ग्राम आरडीएक्स मिला था। बता दें कि इस मामले में हवारा के अलावा परमजीत सिंह उर्फ सुखा और कमलजीत सिंह उर्फ मान भी आरोपी थे।




झारखंड विधान सभा के 23वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन,विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

# लोकतंत्र की महापंचायत को बचाना सबका दायित्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की सबसे बड़ा पंचायत विधानसभा है। यहां सिर्फ आमजन ही नहीं बल्कि इस राज्य के जल, जंगल और जमीन के लिए भी महापंचायत लगती है। यहां से नीतियां बनती है। आम लोगों के साथ-साथ जीव जंतुओं के लिए भी विचार विमर्श होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी महत्ता क्या है। इस महापंचायत में विधायकों की अहम भूमिका होती है। हजारों लाखों लोग आशा और उम्मीद के साथ अपना जनप्रतिनिधि भेजते हैं। हर हाल में लोकतंत्र की इस महापंचायत को टूटने और नुकसान से बचाना होगा। इसकी जड़ों को और मजबूत करते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान, जिसको लेकर हम यहां तक आए हैं, उसको और आगे लेकर जाना है। श्री सोरेन विधानसभा परिसर में आयोजित झारखंड विधानसभा की 23वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा सही तरीके से महापंचायत में पंचायती हो, इसके लिए पक्ष और विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश**



### इनको मिला सम्मान

विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों, देश की सीमा पर एवं नक्सल अभियान में शहीद हुए तथा शांतिकाल में वीरता पदक प्राप्त झारखण्ड राज्य के बहादुर पुलिस कर्मियों एवं सैनिकों, झारखण्ड राज्य के खिलाड़ियों, झारखण्ड राज्य के 10वीं एवं 12वीं एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के टॉपर छात्र/छात्राओं, सामाजिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक से सम्मानित व्यक्तियों एवं मिशन चन्द्रयान-3 में सम्मिलित झारखण्ड राज्य के वैज्ञानिकों को राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ने शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर त्रैमासिक पत्रिका उड़ान एवं अन्य पुस्तको का विमोचन भी हुआ।

पेज तीन भी देखें

### हम सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के 75वें वर्ष और झारखण्ड अलग राज्य के 23वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में अगर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय के लोकतंत्र को देखें तो इसमें बहुत बदलाव हुए हैं। इस क्रम में हमने क्या खोया, क्या पाया। यह भी देखना होगा।

## 'पुरानी पेंशन' बहाली को लेकर केन्द्र व राज्यों के करोड़ों कर्मचारी करेंगे हड़ताल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

यदि केन्द्र सरकार ने 'पुरानी पेंशन' बहाल नहीं किया, तो रेलवे व सेना (सिविल ) सहित केन्द्र व राज्यों के अन्य विभागों के करोड़ों कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य व एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के बारे में रेलवे व रक्षा कर्मियों का मत जानने के लिए 20 व 21 नवंबर को स्ट्राइक बैलेट कराया गया था। इसमें डिफेंस (सिविल) की 400 यूनिटों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। इनमें से लगभग 99.9 प्रतिशत कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में मत दिया है। रेलवे में 11 लाख कर्मचारी हैं। इसलिए उनके वोट की गिनती में समय लग रहा है। एक - दो दिन में हो जाएगा , तो उसका भी परिणाम आ जाएगा। लेकिन वहाँ भी इसी तरह का परिणाम आने की संभावना है। मालूम हो कि केंद्र सरकार के रेलवे में लगभग 11



**सेना (सिविल ) के 4 लाख कर्मियों में से 99.9 अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में**

लाख कर्मचारी हैं और रक्षा (सिविल) के 400 यूनिटों में लगभग 4 लाख कर्मचारी हैं। केवल इन दो ही विभाग को मिलाकर 15 लाख कर्मचारी हो जाते हैं। यदि कर्मचारियों का दो तिहाई बहुमत, अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में आता है, तो बहुत जल्द देश में रेलें थम जाएंगी, आयुध कारखाने, जो अब निगमों में बदल दिये गये हैं, वहां पर काम बंद हो जाएगा। इस मांग को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों के कई दूसरे विभागों में भी हड़ताल होगी।

सी. श्रीकुमार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नेशनल हेराल्ड केस, इडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपति अटैच की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपति अटैच की है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई है ।इसी केस में इडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। 2 और 3 अगस्त को इडी की टीम ने



सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी।

**सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल हुए :** 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

## छह जेलों के जेलर बदले गए / रांची जेलर का भी हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के 6 जिलों के जेलर बदल दिए गए हैं. जिन जानवरों का तबादला किया गया है उनमें रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के बहुचर्चित जेलर नसीम खान का भी नाम भी शामिल है. नसीम खान को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से तबादला करते हुए केंद्रीय कारा मेदिनीनगर पलामू भेज दिया गया है.

**ईडी के राडार पर है नसीम खान**

रांची जेल के जेलर नसीम खान ईडी के राडार पर है ,नसीम खान पर आरोप है कि उन्होंने जेलर के पद पर रहते हुए ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कई मदद की. इस मामले में एड के द्वारा नसीम खान को सामान भेज कर पूछताछ भी की गई थी.

**कौन कहा गए**

| | |
|---|---|
| मोहम्मद नसीम | केंद्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू |
| अजय कुमार | मंडल कारा ,गढ़वा |
| रामाशंकर प्रसाद | केंद्रीय कारा ,दुमका |
| सुबोध कुमार पांडे | केंद्रीय कारा ,गिरिडीह |
| धर्मशिला देवी | केंद्रीय कारा घाघीडीह , जमशेदपुर |
| प्रमोद कुमार | बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची |

## झारखंड मंत्रालय में 22 नवंबर को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

1 न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को एसीपी की स्वीकृति में एक वर्ष से अधिक विलंब की स्थिति में बकाया राशि की निकासी के समय प्रत्येक वर्ष के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि दी जाएगी ।

2 स्वर्गीय रवि शंकर उपाध्याय, तत्कालीन पीठासीन पदाधिकारी, राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, राँची की चिकित्सा हेतु एयर एम्बुलेंस से राँची से हैदराबाद ले जाने में हुए व्यय के प्रतिपूर्ति की स्वीकृति ।

3 राँची में आयोजित हुए झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप 23 एवं विभिन्न त्योहारों में विधि व्यवस्था संधारण हेतु खरीदे गए 12 वाहनों कि लागत का झारखण्ड आकस्मिकता निधि से दो करोड़ छब्बीस लाख चौवालीस हजार दो सौ चौरानवे अग्रिम के रूप में स्वीकृत स्वीकृति दी गई।

4 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दायर वादों के अनुसंधान हेतु पुलिस उपाधीक्षक से न्यून पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों को भी प्राधिकृत किये जाने की स्वीकृति दी गई।

5 झारखण्ड भूगर्भ जल सेवा नियमावली, 2023 के गठन के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।

6 गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर (माझाटोली-चैनपुर-डुमरी पथ पर)-जारी (भीखमपुर-जारी-मेराल पथ पर) पथ लंबाई-10.109 कि०मी० को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन सहित) के लिए उनतीस करोड़ साठ लाख सैंतीस हजार की प्रशासनिक स्वीकृति ।

7 परगनैत' की प्रतिमाह सम्मान राशि एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार की गई।

8 डॉ० लवलीन पाण्डेय, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरिहरगंज, पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति ।

9 वित्तीय वर्ष 2023-24 में न्यायाधीश (सेनि) डीपी सिंह, अध्यक्ष, सिख विरोधी दंगा आयोग, राँची से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगा में बोकारो जिला के कुल 24 (चौबीस) पीड़ितों/आश्रितों को मुआवजा भुगतान हेतु झारखण्ड आकस्मिकता निधि से एक करोड़ बीस लाख पाँच हजार सात सौ चालीस अग्रिम के रूप में स्वीकृत ।

10 राज्य में पूर्व से स्थापित 13 राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों के सृजन एवं अनुपयोगी पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति ।

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## संभावनाओं के बावजूद झारखंड में फिल्म निर्माण उद्योग का स्वरूप नहीं ले पाया



सुनील बादल

भारत के बारे में कहा जाता है कि यहां दुनिया की सबसे ज्यादा फिल्में बनती हैं और सबसे ज्यादा फ्लॉप होती हैं कुछ इसी प्रकार की बातें झारखंड के बारे में कही जाती हैं क्योंकि यहां के लोग स्वभावतः कलाकार होते हैं जिस कारण मुंडारी की एक कहावत प्रचलित है- ह्यसेन गे सुसुन कजि गे दुरंग यानी जहां चलना ही नृत्य और बोलना ही संगीत है (वह राज्य झारखंड)। यहां के लोगों मे

**झारखंड में हिंदी के अलावा नागपुरी,खोरठा,कुड़ुख और संताली सहित देश की विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्में बनाई गई हैं । राज्य के फिल्म उद्योग को जॉलीवुड के नाम से भी जाना जाता है ।2015 से ही झारखंड सरकार राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थान, संस्कृति को उजागर करने के साथ-साथ फिल्म निमार्ताओं को सब्सिडी देकर रोजगार पैदा करने के लिए राज्य में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहित कर रही है। हाल के वर्षो में राज्य में कई हिंदी फिल्मों की शूटिंग हुई है, जिनमें एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी , ए डेथ इन द गंज , अजब सिंह की गजब कहानी , रांची डायरीज , बेगम जान , पंचलैट और इलाका किशोरगंज शामिल हैं । हाल के वर्ष में तोर बिना, महुआ , तोर चाहत में , मोर गांव मोर देश और फुलमनिया सहित कई नागपुरी फिल्मों का निर्माण हुआ ।**

फिल्म निर्माण के प्रति ललक इतनी है कि हर लेखक,संगीतकार और कलाकार इसे अपनी मंजिल मानता है और अनगिनत फिल्में वीडियो एल्बम से लेकर डिजिटल पर बनती हैं। अनगिनत इसलिए कि इनका कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता पाइरेसी और लागत या डिस्ट्रीब्यूशन की बड़ी लागत से परेशान नए निमार्ता इसे यूट्यूब पर दल रहे हैं । कई बड़े नाम जो झारखंड में फिल्म निर्माण से जुड़े हैं वे हर फिल्म के बाद यह कहते पाए जाते हैं कि अब वे फिल्में नहीं बनाएंगे क्योंकि दर्शकों का वो स्नेह नहीं मिला जो अपेक्षित था और घाटा बहुत हुआ। पर सवाल यह उठता है कि झारखंडी फिल्मों को दर्शक क्यों नहीं मिल रहे? क्या दर्शकों की दीवानगी कम हो गई या जो वे चाहते हैं वो नहीं मिल पा रही? इसके बड़े कारण हैं पहला यह कि फिल्में शौकिया तौर पर बनाई जा रही हैं उनमें वह व्यावसायिकता नहीं जो दर्शको को बांध सके। सबसे कमजोर पक्ष है कहानी का कमजोर होना। दूसरा जो भी फिल्म बनाते हैं वे खुद डायरेक्टर बनना चाहते हैं जबकि उन्हें तकनीकी ज्ञान नहीं होता और कई बार हीरो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नक्सलियों ने किया भारत बन्द का ऐलान पुलिस की कारवाई के खिलाफ बन्द का ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नक्सलियों ने अपने खिलाफ चल रही पुलिस की कारवाई के विरोध में भारत बंद का एलान किया है.भाकपा माओवादियो के केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय के द्वारा पत्र जारी कर भारत बन्द का ऐलान किया गया है. प्रवक्ता अभय के अनुसार नक्सली 16 से 22 दिसंबर तक देशव्यापी प्रचार आंदोलन अभियान चलाएंगे.

**22 दिसम्बर को भारत बंद का एलान :** भाकपा माओवादियो के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिलकर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है. अगस्त 2022 से लेकर अब तक लगातार लाल दस्ते पर बर्बर हमले किए जा रहे हैं. इन हमलों में हमारे साथियों को पकड़ पकड़ कर मारा जा रहा है. भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी क्रांतिकारी आंदोलन क्रांतिकारी जनता के उन्मूलन के लिए कार्य करती है ऐसे में जरूरत है कि पुलिस के नाजायज हमले के खिलाफ आवाज बुलंद की जाए. पर्वत अभय के अनुसार 16 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक देशव्यापी प्रचार आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है. प्रचार अभियान के बाद संगठन ने यह तय किया है कि 22 दिसंबर को पूरा भारत बंद रहेगा.

**आवश्यक सेवाएं बंद से मुक्त :** नक्सलियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह भी लिखा गया है कि सभी आवश्यक सेवाएं मसलन दूध ,एम्बुलेंस जैसी सेवाएं बंद से मुक्त रखी गई है.

**संघर्ष एरिया में पुलिस की दखल से बेचैन है नक्सली :** भाकपा माओवादियो के द्वारा जारी किए गए पत्र से यह स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे हैं लगातार अभियान से वह घबराए हुए हैं. नक्सलियो के द्वारा जारी किए गए पत्र में हाल के दोनों देश भर में पुलिस के अभियान की वजह से उन्हें कहां-कहां नुकसान हुआ है इसका जिक्र भी किया गया है.

**पुलिस अलर्ट :** वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों के प्रचार प्रसार की रणनीति को लेकर पुलिस मुख्यालय भी बेहद अलर्ट है. 16 नवंबर से नक्सलियों के द्वारा ग्रामीण इलाकों में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वह ग्रामीणों को अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगे हुए हैं. पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बन्द से निपटने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी.

## गागर में सागर

### राष्ट्रीय लोक अदालत के मामलों का निष्पादन करायें : जिला जज

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी नौ दिसंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोग अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य दिवस में व्यवहार न्यायालय आकर ऐसे मामलों का निष्पादन कराया जा सकता है।

### रिम्स परिसर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम की टीम ने रिम्स परिसर में स्थित आश्रयगृह के आसपास के स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले माइकिंग कर अतिक्रमण किए गए स्थानों को खाली करने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद बुधवार की सुबह 26 से ज्यादा दुकानों को हटाया गया। जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि रिम्स में 50 बेड का आश्रयगृह बना हुआ है। लेकिन उसके गेट के आसपास के खाली जगह में स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। लोग अपने हिसाब से वहां छोटी-छोटी दुकान खोलकर बैठे हैं। जिससे इलाज के लिए रिम्स आने वाले लोगों को आश्रयगृह खोजने में दिक्कत आ रही थी। लोगों ने इसकी शिकायत की तो निगम की टीम ने वहां पहले जांच की। फिर आश्रयगृह के आसपास किए गए अतिक्रमण को टीम ने खाली कराया।

### टनल में फंसे मजदूरों के स्वजनों से मिले विधायक कोचे मुंडा

**खूंटी।** उत्तराखंड के उत्तर काशी में सुरंग (टनल) ढहने से फंसे 41 मजदूरो में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के भी दो मजदूर शामिल हैं। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को गुमड़ू गांव जाकर टनल में फंसे मजदूर विजय होरो(22 ) के पिता अर्जुन मुंडा और उनके स्वजनोंसे मुलाकात की। बाद में विधायक डुमारी गांव पहुंचे और उत्तर काशी के टनल में फंसे मजूदर चमरा उरांव(35 ) के पिता भक्तु उरांव से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया और मजदूर के परिवार वालों को आश्वस्त किया कि टनल में एक्सपर्ट की टीम रेस्क्यू के लिए लगातार काम कर रही है। सभी मजदूर सकुशल वापस आएंगे। विधायक ने मजदूरों के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई 6 दिसंबर को

**रांची।** जमीन घोटाला मामले के आरोपित भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तिथि छह दिसम्बर निर्धारित की है। इससे पूर्व 17 नवम्बर को भरत प्रसाद की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। यह मामला बरियातू के सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री करने से जुड़ा है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित कई आरोपित जेल में है।

### चेक बाउंस : अमीषा पटेल की अगली सुनवाई 28 नवंबर को

**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। अमीषा पटेल के अधिवक्ता ने इस मामले से जुड़े याचिकाकर्ता अजय कुमार सिंह के पहले गवाह अजय सिंह उर्फ टिंकू सिंह से पूछताछ के लिए आवेदन दिया था। इसका विरोध प्रार्थी के अधिवक्ता विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने किया था। गवाह को पेश किया जायेगा की नहीं इस मामले पर सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 28 नवम्बर निर्धारित की है। यह जानकारी अधिवक्ता विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने दी।

# रातू में नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से 62 लाख की ठगी

## दर्जनों महिलाएं पहुंची रातू थाना, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

### झखराटांड़ में 'द चिल्ड्रन केअर' के नाम चलती थी संस्था

### कार्यालय बंद कर फरार हुआ ठग हफिजूर रहमान

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में 'द केयर चिल्ड्रन केअर' नाम के संस्था का कार्यालय खोल एक ठग ने सैकड़ो महिलाओं को नौकरी दिलाने, एजुकेशन स्कॉलरशिप सेनेटरी नेपकिंग, पोषाहार, सब्सिडी लोन व रोजगार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की उगाही कर फरार हो गया। महिलाओं को ठगी का एहसास तब हुआ जब संस्था का संस्थापक हफिजुल रहमान अक्टूबर माह में ही कार्यालय में ताला जड़ फरार हो गया। ठगी की महलाओं के ने बताया कि रुपया कैश के अलावा यूपीआई के माध्यम से दिया गया है। 30 महिला व पुरूष से लगभग 62 लाख रुपया की ठगी की गई है।

ठगे गये सभी लोग एजेंट है जो विभिन्न प्रखंडो के लगभग 700 महिलाएं व पुरुषों से लोन, एजुकेशन, सब्सिडी दिलाने व अन्य प्रलोभन दे कर रुपये की वसूली करते थे और द केयर चिल्ड्रन संस्था के संस्थापक हफीजुल रहमान को देते थे। ठग हफीजुल रहमान बरियातू थाना क्षेत्र के फातमा अपार्टमेंट के जामा मस्जिद के पास रहने वाले रेयासत अंसारी का पुत्र है। वह झखराटांड़ के एक मकान में बतौर किराये में कार्यालय खोल कई सालों से लोगो को अपने जाल में फंसता था।






**ठगी के शिकार लोग**

अध्यक्ष दुर्गा उरांव 10 लाख, तराना नाजमी 10 लाख, अफसरी बेगम 4.32 लाख, हलीमा परवीन 2.80 लाख, गजाला परवीन 3 लाख, गुलअफसा खातून 2.50 लाख, शिल्पा तिर्की 3.32 लाख, हीरावती देवी 1 लाख, किरण देवी 1.50 लाख, तबस्सुम परवीन 1.68 लाख, नुजहत परवीन 1.50, लाख यासमीन परवीन 1.8 लाख साजिया अनवर 1.50 लाख, गुलशन खातून 1,50 लाख, मजहबी परवीन 1.50 लाख, सफीना खातून 30 हजार, नुसरत प्रवीण 24 हजार, रेशमा परवीन 1.50 लाख, ललिता देवी 1 लाख, सुनीता कुजूर 1 लाख, रूमाना परवीन 1.50 लाख, सीता देवी 24 हजार, नेहा टोप्पो 1.50 लाख, नीता तिर्की 30 हजार, खुशबू गुप्ता 1.50 लाख, चिंतामणि कुजूर 1.50 लाख, असिफुन खातून 66 हजार, हाजरा खातून 24 हजार, रूपा देवी 30 हजार, वीणा देवी 42 हजार

इसके लिए उसने कमिटी बनाकर दर्जनों एजेंट बनाये है। वसूले के बदले एजेंटो को संस्थापक द्वारा प्रतिमाह 6 हजार रुपया दिया जाता था। रातु प्रखंड के लिये हुरहुरी बाड़ी टोला निवासी दुर्गा उरांव को अध्यक्ष बनाया गया है। सिर्फ एक एजेंट दुर्गा उरांव के द्वारा ठग हफीजुल को 10 लाख रुपया दिया गया है।

इसके अलावा दर्जनों महिलाओं से लगभग 62 लाख रुपये की ठगी की गई है। मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने रातु थाने में ठग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन दिया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें : गौरव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सड़क सुरक्षा विभाग रांची और रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कांके रोड स्थित डीएवी नीरजा सहाय स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी डिपार्टमेंट के इंजीनियर गौरव कुमार ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। हेलमेट पहनकर दो पहिया चलाने वाले व्यक्ति अपनी जान बचा सकते है। 18 साल के आयु के बाद ही वाहन चलाना चाहिए। साथ ही यातयात के नियमों का पालन करना चाहिए। कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करना चाहिए, सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चलानी चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के दौरान 108 नम्बर पर फोन कर सहायता लिया सकता है। इस दौरान बच्चों ने रांचीवासियों और अपने अभिभावकों को पेंटिंग बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एक घंटे के अंदर हॉस्पिटल पहुंचाने पर रोड सेफ्टी विभाग के की ओर से नेक नागरिक का फर्ज निभाने को लेकर व्यक्ति दो हजार से पांच हजार तक के प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र इनाम के तौर पर दिया जायेगा। मौके पर रोड सेफ्टी मैनेजर जमाल खान, बॉलीवुड अभिनेत्री अंतरा दुबे, डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के प्राचार्या किरण यादव, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी जय श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## आयुक्त ने किया निमार्णाधीन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** आयुक्त मनोज जायसवाल ने बुधवार को इटकी में निमार्णाधीन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का निरीक्षण किया और कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि इटकी प्रखंड में निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाय। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्र के पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन और डीएसओ प्रदीप भगत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## संगठन की मजबूती के लिए कैडर को बढ़ावा दिया जायेगा : डॉ. राकेश

**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़**
बुधवार को रांची जिला कांग्रेस कमेटी की तमाड़ विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष डॉ.राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में तमाड़ के मामा होटल परिसर में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी शिवकुमार भगत, विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रभारी प्रिंस सिंह, लीडर डेवलपमेंट मिशन के कोऑर्डिनेटर समरेंद्र तिवारी, तमाड़ प्रखंड प्रभारी ऐनुल हक, बुण्डू प्रखंड प्रभारी रमेश पांडेय उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा के निमित्त तमाड़ विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा की गई। बैठक में तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो सहित मंडल अध्यक्षगण मौजूद थे। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने तमाड़ और बुण्डु के प्रखंड अध्यक्षों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक महीने मंडल अध्यक्षों के साथ पंचायत और बुथ प्रमुखों की बैठक जरुर करें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को नेतृत्व का मौका दिया जायेगा। पार्टी तमाड़ विधानसभा में ऐसे युवाओं को तरासने का काम करेगी। बैठक को जिला महासचिव अजय साहु तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे, जिला महासचिव निशिकांत पुरान ने भी संबोधित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष लालु प्रसाद महतो, खगेश महतो युवा कांग्रेस के विनीत सिंह आदि उपस्थित थे।



### बाबूलाल मरांडी का चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास आज से

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 23 से 26 नवंबर तक चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष रांची से सड़क मार्ग द्वारा दुमका के लिए प्रस्थान करेंगे। 24 नवंबर को पाकुड़ जिला में विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 25 नवंबर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होंगे। रैली का शुभारंभ शहीद स्थल भोगनाडीह से होगा। रैली विभिन्न स्थानों से गुजरेगी तथा 26 नवंबर को साहेबगंज के बोरियो, तीन पहाड़ होते हुए बरहरवा में संपन्न होगी।

## गांवों का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता : सुदेश कुमार महतो

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिली प्रखंड अंतर्गत ग्राम पिस्का पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत पिस्का से लोवादाग मरम्मती कार्य का शिलान्यास सांसद संजय सेठ एवं विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा शीला पाठ अनावरण कर किया गया। वही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सिंगपुर से काटाडीह पाथ का भी विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास सांसद एवं विधायक के द्वारा किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांवों का विकास करना हमारा पहली प्राथमिकता है। गांवों में ग्रामीण के बीच बहुत ही आसुविधा होती है। बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी स्कूल में भेजते हैं, कारण यह है कि उनके पास उतने पैसे नहीं रहते हैं की अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ा पाए।

यही सारी समस्या को देखते हुए हमारा कर्तव्य बनता है कि सरकारी स्कूल में हर एक सुविधा बहाल किया जाएगा। ताकि सरकारी स्कूल के बच्चे स्मार्ट क्लास के जरिए पढ़ लिख कर अपने भविष्य को सवारेंगे। इस मौके पर जिप परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, पूर्व जीव सदस्य गौतम कृष्णा साहू, सुशील महतो, डॉ रमनेश प्रसाद, रत्नेश प्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, धीरज महतो, प्रसाद शोभा महतो, तुलसीदास महतो, उप प्रमुख आरती देवी शिशुपाल महतो गणेश महतो आदि उपस्थित थे।



## 'भारतीय भाषा उत्सव' 'भाषाएं अनेक-भाव एक' विषय पर होगा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूल में भाषा शिक्षा पर विचार-विमर्श करते हुए 28 सितंबर से 11 दिसंबर तक 75 दिवसीय 'भारतीय भाषा उत्सव' 'भाषाएं अनेक-भाव एक' विषय पर आयोजित होगा। राज्य के सरकारी स्कूलों में भी इस उत्सव के तहत एनईपी के बहुभाषी विषय को गति देने के लिए विभिन्न स्तर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसमे स्कूली बच्चे बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उत्सव के तहत स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, क्विज, छात्रों, शिक्षकों का इंटरफेस आदि जैसी गतिविधियां शामिल हैं। भारतीय भाषा उत्सव का समापन 11 दिसम्बर को महान राष्ट्रीय तमिल कवि सुब्रमण्य भारती, जो 'महाकवि भारती' के नाम से लोकप्रिय हैं और तमिलनाडु के एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, की जन्म जयंती पर होगा। भारतीय भाषा महोत्सव के तहत राष्ट्रीय स्तर पर भव्य 'भाषाथॉन' का आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्य स्तर के विजयी प्रतिभागी शामिल होंगे। इस उत्सव के समापन के रूप में 11 दिसंबर को राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमण्य भारती की जयंती के मौके पर आयोजित होने वाली गतिविधियों में लाखों स्कूल और करोड़ों छात्र शामिल होंगे।



## हुन्दूर में सांसद आदित्य साहू ने किया श्मशान घाट शेड निर्माण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**
**पिठोरिया।** रांची पिठोरिया क्षेत्र हुन्दूर श्मशान घाट में शेड निर्माण का शिलान्यास राज्य सभा सांसद आदित्य साहू के फंड से 10 लाख के लागत से शेड निर्माण का शिलान्यास किया गया। हुन्दूर मुक्ति धाम में लगभग 5 से अधिक गांव के लोग इस श्मशान घाट में दाह संस्कार का कार्यक्रम करते हैं, जिसमे सुविधाओं का अभाव के कारण लोगों को घाट में असुविधा होती थी। लंबे समय से मांग थी पर आदित्य साहू से मिलने के बाद से महज 2 महीना में ही मांगे पूरी की गई। सांसद ने यह भी निर्देश दिया कि कमिटी के देख रेख अच्छी क्वालिटी गुणवत्तापूर्ण मजबूत निर्माण हो। इसके लिए इंजीनियर को भी सही तरीके से काम करने के लिए सुझाव दिए। इस कार्य के लिए ग्रामीण काफी खुश हुए। संजय सेठ से भी पुलिया के लिए मांग रखी गई है। वहीं विधायक समरी लाल के द्वारा 1 चापानल का शीघ्र ही शमशान घाट स्थल में निर्माण के लिए भी बात रखी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित रांची संसद संजय सेठ कांके विधायक समरी लाल सिमरिया, विधायक किशुन दास बीजेपी नेता, अमरनाथ चौधरी, मंकी जी,आरएसएस नेता सुबोध साहू, रांची ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र कुमार, आशीष साहू, समाज सेवी भारत साहू, राजेश मास्टर, दीपक साहू, राजा महतो बालेन्द्र साहू, शिवा साहू, नंदलाल साहू, ओम प्रकाश साहू, महानंद महतो, मुखिया रजनी देवी, दुबराज साहू, पप्पू महतो शंकर साहू,गोपाल साहू, अमित साहू अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



## जेबीकेएसएस ने कांके थाना का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने बुधवार को कांके थाना का घेराव किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। जेबीकेएसएस केन्द्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि मंगलवार को देर रात कांके थाना परिसर में ड्यूटी में तैनात पुलिस प्रशासन के अभद्र व्यवहार के खिलाफ बुधवार को जेबीकेएसएस रांची टीम ने कांके थाना का घेराव किया। घेराव कर रहे जेबीकेएसएस के आक्रोशित लोगों ने कहा कि स्थानीय जन समस्या को लेकर जेबीकेएसएस रांची टीम केंद्रीय सक्रिय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो के साथ स्थानीय लोगों के आग्रह पर मंगलवार को देर रात थाना परिसर पहुंचे थे। थाना परिसर घुसते ही देवेंद्र नाथ महतो सहित सभी जेबीकेएसएस सदस्यों को ड्यूटी में तैनात पुलिस प्रशासन ऊंची आवाज में गाली-गलौच करते हुए धक्का मुक्की कर थाना परिसर से बाहर कर अपमानित करने का प्रयास किया गया।


GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

Very Short e-procurement Notice
Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/05/RE-1/2023-24
DATE- 22.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Setting up of Head Office of Sidhu-Kanhu Agriculture Forest Produce Co-operative federation ltd, kanke Road, Ranchi. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 1,91,91,000.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 3,83,900.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 06 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 04.12.2023 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 12.12.2023 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 04.12.2023 at 11:00 AM to 12.12.2023 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender .gov.in on or before 05:00 PM on 12.12.2023. Hard Copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 02:00 PM on 13.12.2023. Technical Bid received online will be opened at 02:00 PM on 14.12.2023.
03. Estimate Cost May Vary.
04.Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.311744 Co-opretive(23-24):D


**आदेश**

## हाईकोर्ट का झारखंड सरकार को निर्देश

# 12 संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति तुरंत करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकयुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति करते हुए शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को निर्धारित की है।

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में राजकुमार नामक व्यक्ति की ओर से दायर अवमानना याचिका और एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को यह निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण इन पदों पर नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। इन पदों पर नियुक्तियों के लिए जो समिति होती है, उसमें नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति अनिवार्य होती है। अब विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष की घोषणा कर दी है।




हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया था कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए नेता प्रतिपक्ष का पद के रिक्त रहने से कोई अड़चन नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है।

एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी इसी मुद्दे पर जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि करीब 4 वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है।

### गांजा के साथ बिहार का एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से नौ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम बृजेश कुमार बताया गया है। वह बिहार के कैमूर जिले के अधौरा का रहने वाला है। आरपीएफ की ओर से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल की ओर से लगातार चलाए जा रहे अभियान में ऑपरेशन नारकोश के तहत आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर जांच की। इसी दौरान ट्रेन संख्या 18309 संभलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस का रांची स्टेशन आगमन हुआ। ट्रेन से निकलकर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में एक काले रंग के बैग के साथ स्टेशन निकासी गेट की तरफ तेजी से जाता देखा गया। संदेह होने पर उसे रोककर उसके बैग की जांच करने पर नौ किलो गांजा बरामद किया गया।

## गागर में सागर

### गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के साथ जिला प्रशासन की हुई बैठक



**रांची ।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार गुरु नानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर बैठक में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शोभा यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। प्रमुख चौक-चौराहे पर शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था, महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, वॉलिंटियर्स टीम आदि को लेकर चर्चा की गयी। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री शमशेर आलम एवं ज्योति सिंह मथारु ने गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटि के सदस्यों को हर संभव सहयोग की बात कही।

**शोभायात्रा रुट का लिया जायेगा जायजा :** गुरुनानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर 23 नवंबर को रुट का जायजा लिया जायेगा। इसमें गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### श्री श्याम प्रभु जन्मोत्सव की तैयारी पूरी



**रांची ।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव धूम धाम के साथ आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को अत्यन्त सुचारीपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्री श्याम प्रभु सहित शिव परिवार एवम बजरंगबली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा । ज्ञातव है की कार्तिक शुक्ला एकादशी को श्री श्याम प्रभु का जन्म हुआ था । मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रारम्भ होगा । श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश के सन्मुख अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा श्री श्याम प्रभु की सेवा में संगीतमय संकीर्तन किया जायेगा साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा एवम विभिन्न प्रकार के मिष्ठान का भोग अर्पित किया जायेगा ।

### देवोत्थान जतरा मेला 24 को ,भगवान शिव की होगी पूजा



रांची। देवोत्थान जतरा मेला 24 नंवबर को आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में देवोत्थान जतरा मेला समिति के संयोजक डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि बड़गाईं में दो पहाड़ियों के मध्य भगवान शिव का धाम है, जो देवोत्थान धाम के नाम से प्रसिद्ध है। इस देवस्थल पर देवताओं के जगने की खुशी में कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रबोधिनी एकादशी की रात्रि जागरण करते हुए पूजा पाठ कर नृत्य दान करते हैं, जो देवोत्थान मेला के रूप में प्रसिद्ध है। इस मेल में आसपास के गांव सहित अन्य सैकड़ों गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। वे भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना कर मेला का आनंद उठाते हैं। आसपास के गांव के अखाड़े के नृत्य दल एवं नचनी नृत्य दल भी अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों से सुसज्जित होकर भगवान शिव का पूजन - अर्चन करके नृत्य गान कर अपनी प्राचीन संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए लोगों का मनोरंजन करते हैं।








**राष्ट्रपति** अवॉर्डी सुश्री फलक फातिमा झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर महामहिम राज्यपाल माननीय मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सम्मानित!

आज दिनांक 22 नवंबर 2023 को झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल महामहिम श्री क राधाकृष्णन झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय श्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र महतो जी द्वारा राष्ट्रपति अवॉर्डी, एन एस एस कार्यकर्ता एवम पासवा की प्रदेश महासचिव सुश्री फलक फातिमा को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल द्वारा विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। सुश्री फलक फातिमा राष्ट्रपति अवार्डी रांची विश्वविद्यालय,रांची से एमएससी एवं बीएड की हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस रांची विश्वविद्यालय स्वयं सेवक के रूप में लगातार आठ वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रुप से कार्य कर रही हैं, कोरोना काल में कांके के हातमा एवं सुकुरहुटू गांव को गोद लिया, 3000 से अधिक पौधे रोपे और करीब 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित करके ब्लड बैंकों को दान किया,अपने समाज में जागरूकता फलाने के लिए एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता,मतदान जागरूकता, यातायात और सड़क जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों का अयोजन स्वंय किया और गांव वालों को भी प्रेरित किया। इनके अनेक कार्यों को देखते हुए 24 सितंबर 2022 को माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा राष्ट्रपति भवन में फलक फातिमा को सम्मानित किया गया तो दूसरी ओर पहली बार इस सम्मान से रांची विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ। देशभर में 30 एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाता है,पहली बार महामहिम के हाथों रांची विश्वविद्यालय के किसी छात्र को यह अवसर प्राप्त हुआ।

## गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड भी ले रहा हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोवा में 20 नवंबर से 24 नवंबर 2023 तक चलने वाले गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड फिल्म विकास निगम भी हिस्सा ले रहा है। इस फिल्म बाजार में देश के कई प्रांतों और विश्व के कई देश के फिल्म प्रोड्यूसर भी शामिल हुए हैं। झारखंड के फिल्म नीति की जानकारी कई फिल्म प्रोड्यूसर्स ने प्राप्त की है। झारखंड सरकार की फिल्म नीति को प्रमोट करने के लिए झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में श्री बीरू प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष, झारखंड फिल्म विकास निगम तथा सहायक कंपनी सचिव श्री अमन कुमार गोवा में उपस्थित हैं और वह दोनों झारखंड फिल्म नीति और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ फिल्मांकन के लिए उचित माहौल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। श्री बीरू कुशवाहा ने बताया कि आज झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए देश के कई प्रदेशों के प्रोड्यूसर्स जेएफडीसीएल के स्टॉल पर आए। कई प्रोड्यूसर्स ने झारखंड फिल्म नीति की सराहना की और राज्य में फिल्म की सूटिंग करने की इच्छा जाहिर की। झारखंड के स्टॉल में मुख्य रूप से श्रेया अग्रवाल, इंटरनेशनल मार्केट प्लेस फॉर मीटिंग इंडियन प्रोडक्शंस, निहारिका रॉय, एमडी, एमसीओ, मृदुल गुप्ता, पल्स प्रोडक्शंस, श्वेता रंजन, पीएम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, फहीम खान, एफएमसीजी, नितेश चौरसिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन सहित कई प्रोड्यूसर्स शामिल थे।

### झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस

## जलवा बिखेरेंगे न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र के कलाकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के 23वी स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिनांक 23 नवंबर 2023 को झारखंड विधानसभा में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार बुढ़मू रांची के कलाकार लक्ष्मीनाथ महतो के नेतृत्व में आकर्षक नागपुरी नृत्य संगीत की प्रस्तुति की जाएगी। झारखंड विधानसभा के द्वारा आमंत्रण प्राप्त होने पर श्री लक्ष्मीनाथ महतो ने पूरी तैयारी कर ली है। ज्ञात हो कि श्री लक्ष्मी नाथ महतो एवं उनके दल न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार, रांची के कलाकार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच यथा अन्तरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला फरीदाबाद हरियाणा, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव रायपुर, राष्ट्रीय संस्कृति उत्सव बेंगलुरु कालाहांडी उत्सव उड़ीसा कुल्लू दशहरा उत्सव हिमाचल प्रदेशआदि बहुत सारे जगहों पर अपना प्रस्तुति दे चुके हैं।न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र बुढ़मू रांची द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में दलनेत्ता लक्ष्मीनाथ महतो के अलावा राजेश बड़ाइक, रामेश्वर मिंज, योगेंद्र गोप, रजनी टेटे, एस्क्युटी, सोनू सपुआर, सुशांत केरकेट्टा, सोनू मुंडा, बिनोद मुंडा, सुलेखा , मीना, किरण, निधि, अंजली, मनिता इत्यादि के द्वारा झारखंड का प्रसिद्ध नागपुरी डमकच और झूमटा गीत नृत्य की महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी

### विधानसभा स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए पर्वतारोही शशि शेखर

झारखंड विधानसभा की 23 वो स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र पर्वतारोही शशि शेखर को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा अध्यक्ष रबीद्र नाथ महतो ने सम्मानित किया। ऑटोमोबाइल इंजीनियर शशि शेखर ने मई 2023 में विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 8430 मीटर की ऊँचाई तक सफलतापूर्वक चढ़ाई के तिरंगा फहराया।

## गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



गुरुनानक सत्संग सभा के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर, कॉलोनी रातू रोड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 25 नवंबर 2023 को श्री गुरुनानक देव जी के 554वाँ प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर नगर कीर्तन से पूर्व आयोजित होने वाले समागम कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में श्री गुरुनानक सत्संग सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन मिड्ढा, पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह बेदी, उप प्रधान सुरेश मिड्ढा, सदस्य जीतू अरोड़ा, श्री अश्विनी सुखीजा, हरगोविंद गिरधर, इंदर मिड्ढा, हरीश मिड्ढा, अनूप गिरधर, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा एवं अन्य उपस्थित थे।

### बोर्ड की बैठक में योजना पर चर्चा

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड मुख्यालय में अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बोर्ड के सभी प्रमंडलीय कार्यपालक अभियंता,मुख्य अभियंता,विधि पदाधिकारी एवं सचिव के साथ समीक्षा बैठक बुलाया । इस बैठक में बोर्ड के भू -सम्पदा के वर्तमान अद्यतन स्तिथि एवं भावी विकास योजना तथा राजस्व वृद्धि एवं के विषयों पर विमर्श किया..बैठक में सभी कार्यपालक अभियंताओं से प्रमण्डल अंतर्गत नई योजनाओं सहित नए बने फ्लैटों को लॉटरी करवा कर लाभुकों को आवास की सुविधा दी जा सके. एवम आगामी बोर्ड बैठक के लिए कार्य योजना पर भी चर्चा हुई । बैठक में सचिव विनय मनीष लकड़ा, मुख्य अभियंता नरेंद्र शर्मा, प्रधान लिपिक शंकर गोप,मुख्य लेखा पदाधिकारी.अरविंद कुमार सिंह., विधि पदाधिकारी मनोज चौबे,कार्यपालक अभियंता हजारीबाग रवींद्र कुमार.......कार्यपालक अभियन्ता रांची सुबोध तिर्की,कार्यपालक अभियंता जमशेदपुर सुरेंद्र.कुमार सहित सभी मौजूद रहे ।

## सामूहिक आदर्श विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन 26 नवंबर को,



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 नवंबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग झारखंड के तत्वाधान में एवं रांची आवरण संस्थान के मी टू वी के सहयोग से 121 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह रांची गौशाला न्यास सुकुरहुटू कांके के विशाल प्रांगण में 600 से अधिक गौ माता वंश के समक्ष यह आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मेदमल जैन,मी टू वी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के प्रांतीय सह- सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले 9 वर्षों से अब तक 30 सामूहिक विवाह समारोहों के आयोजन में लगभग 3000 से भी अधिक कन्याओं का विवाह संपन्न हो चुका है। इस वर्ष 121 कन्याओं का सामूहिक आदर्श विवाह होगा, तथा पांच दिव्यांग जोड़ियां के कन्यादान के लिए रामकुमार प्रहलाद राय सिंघानिया परिवार से कमल, प्रदीप,और विमल सिंघानिया सहयोग प्रदान करेंगे। इस वर्ष 400 से अधिक दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ आमन्त्रित किया गया है. इनके लिए एक अलग मंच बनाया गया है ताकि दिव्यांग और सामान्य बच्चों का आमोद प्रमोद हो सके, समावेशी वातावरण बने और प्रत्येक दिव्यांग को व्यक्तिगत अथवा समूह में अपनी प्रतिभा, कला संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके. विदाई के समय प्रत्येक आमन्त्रित दिव्यांगजनो को उपहार स्वरूप दैनिक जीवन उपयोग होने वाली वस्तुएं दिया जाएगा। समारोह मे 40 से अधिक वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाज से उपेक्षित किन्नर समुदाय के 25 सदस्य समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगों एवं वृद्ध जनों की सेवा में उपस्थित रहेंगे।

## केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरोध में धरना





**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली**

संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त श्रमिक संगठनों की ओर से केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरोध में राष्ट्रव्यापी महापड़ाव रांची राजभवन के समक्ष किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरे राज्य में चल रही है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव महेंद्र पाठक ने प्रेस वार्ता कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है महंगाई बेकारी बेरोजगारी चरम पर है। 70 वर्षों में हुए 55 लाख करोड़ का कर्ज. दस साल 155 लाख करोड़ हो गए, लगातार देश पर बोझ बढ़ता जा रहा है । किसान मजदूर हांसिए पर है । किसानों को चार लेबर कोड को रद्द करने ,असंगठित मजदूरों के 18000 रुपया न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करने, किसानों को 10000 मासिक किसान पेंशन निर्धारित करने ,शिक्षित बेरोजगार नौजवानों को 10000 बेरोजगारी भत्ता देने ,भूमि बैंक को रद्द करने ,धान क्रय केंद्र अबीलंब चालू करने , किसानों के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य ?2500 कुंतल एवं 500 बोनस आदि कई मांगों के समर्थन में राज्य भर से हजारों किसान रांची पहुंचेंगे। अजय कुमार सिंह जिला सचिव ने बताया की 25 नवंबर को राजभवन के समक्ष संध्या में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा और 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव से अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अंजान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मजदूर नेता डॉ भालचंद्र कांगो , एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेद्र कुमार , अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव महेंद्र पाठक , एटक के महासचिव अशोक यादव, कार्यकारी अध्यक्ष लखन लाल महतो ,प्रमोद कुमार पांडे ,महादेव राम ,पशुपति कॉल ,कन्हाई मल पहाड़िया ,सहित कई लोग संबोधित करेंगे । पत्रकार वार्ता में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ,महेंद्र पाठक ,अजय कुमार सिंह, नेमन यादव, इम्तियाज खान, मोनिका उपस्थित थे।

### भूतपूर्व प्राचार्य श्री राम इकबाल सिंह का आकस्मिक निधन



**रांची ।** जे०वी०एम०,श्यामली जिसका परिवार था, स्नेह जिसकी शक्ति थी, परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी ... ऐसे महान विलक्षण, अनुशासित एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी भूतपूर्व प्राचार्य श्री राम इकबाल सिंह (05.08.1982 से 31.10.2000) का आकस्मिक निधन से पूरा विद्यालय परिवार मर्माहत है। इस अपूर्णीय क्षति में पूरा विद्यालय शोक-संतप्त परिवार के साथ है। दिवंगत आत्मा को जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के वर्तमान प्राचार्य श्री समरजीत जाना, सभी शिक्षक वृंद, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्रगण एवं विद्यालय प्रबंधन की ओर से भावपूर्ण श्रदांजलि।

## एयरलिफ़्ट होंगे टनल में फंसे झारखंड के मजदूर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने मजदूरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। टनल से सकुशल बाहर निकलने के बाद सभी मजूदरों को एयरलिफ्ट कर झारखंड लाया जाएगा। देश के अलग-अलग हिस्सों के 41 मजदूरों में से सबसे ज्यादा 15 झारखंड के हैं।टनल में फंसे मजदूरों पर झारखंड सीएम हेमंत सोरेन का कहना है कि सुरंग में खुदाई के काम के दौरान सुरक्षा के उपायों पर विशेषतौर से ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्होने चिंता जताई कि उत्तराखंड में पिछले कई सालें में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं।जीवनव्यापन के लिए सिर्फ खाना ही जरूरी नहीं, इस तरह के भयावाह हादसे में फंसने की वजह से मानसिकतौर से पीड़ित और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ,-हेमंत सोरेन पिछले 11 दिनों से फंसे लोगों की मानसिक तनाव का अंदाजा लगाना आसान नहीं है। टलन में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान झारखंड सरकार के प्रतिनिधि भी उत्तरकाशी के सिलक्यारा में मौजूद हैं। झारखंड सरकार में संयुक्त श्रम आयुक्त, राजेश प्रसाद ने बताया कि सभी मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने के बाद देहरादून से एयरलिफ्ट कर उन्हें रांची लाया जाएगा। लेकिन, मजदूरों को एयरलिफ्ट करने से पहले सभी की जरूरी मेडिकल जांच की जाएगी। मेडिकल जांच पूरी तरह से स्वस्थ मिलने के बाद ही मजूदरों को देहरादून से एयरलिफ्ट किया जाएगा।

**गागर में सागर**

## प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में रोशमा डुंगडुंग ने बीडीओ के रुप में पदभार संभाला



**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को नव पदस्थापित बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ नम्रता जोशी ने अपना पदभार सौंपा। विदित हो 12 अक्टूबर को निवर्तमान बीडीओ नम्रता जोशी ने बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया था और एक महीने दस दिन में तबादला होना लोगों को बीच चर्चा का विषय बना गया है। पदभार ग्रहण समारोह में प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी, प्रखंड नाजिर फणीभूषण प्रसाद,प्रखंड समन्वयक पीएमए वाई अजय जायसवाल, पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, कैलाश कुशवाहा, बीएफटी दिलीप दास, महेंद्र टुड्डू, संतोष प्रसाद, रोजगार सेवक रुपेश कुमार सिन्हा, नारायण प्रसाद समेत अन्य प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## बोकारो में तेज रफ्तार का कहर, ऑटो पलटने से एक की मौत, एक घायल

**बोकारो।** गोमिया पेटरवार मुख्य मार्ग तेनु सड़क पर टेना झील के समीप तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा पलटने से साडम निवासी लालू ठाकुर की मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ऑटो तेज गति से आ रही थी और अचानक पलट गई. ऑटो पलटने से एक व्यक्ति इसमें दबा गया और घटना स्थल पर ही अचेता अवस्था मे आगया. वहीं घटना के बाद पेटरवार थाने को सुचना दी गई. थाना द्वारा घायलों को पेटरवार समुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां डॉ कुंदन राज ने जांचोपरान्त लालू ठाकुर को मृत घोषित कर दिया. वहीं एक महिला जो बुरी तरह से घायल थी उसे बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. बता दें घटना बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र की है.

## 26 नवंबर को धनबाद में डांस झारखंड डांस का आयोजन

**धनबाद ।** सनराईज इवेन्ट मेनेजमेन्ट इंडिया के द्वारा डांस झारखण्ड डांस, वॉइस ऑफ झारखण्ड और मिस्टर मिसेज एंड मिस झारखंड का ऑडिशन 26 नवंबर को धनबाद में किया जाएगा आज आयोजकों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया. जिसमें सनराईज इवेन्ट मेनेजमेन्ट इंडिया के जनरज मैनेजर मो. सगीर के द्वारा बताया गया कि सनराईज इवेन्ट मेनेजमेन्ट इंडिया के अध्यक्ष भरत सिंह के द्वारा झारखण्ड प्रदेश में कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उदेश्य से झारखण्ड बिगेस्ट फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें डांस के लिए 'डांस झारखण्ड डांस' सिंगिंग के लिए वॉइस ऑफ झारखण्ड और मॉडलिंग के लिए मिस्टर मिसेज एंड मिस झारखंड शामिल है. इस झारखण्ड बिगेस्ट फेस्ट का पहला ऑडिशन 26 नवंबर को यूनियन क्लब में रखा गया है।

## पिकअप वैन ने वृद्ध को रौंदा, मुआवजे के लिए एनएच-33 जाम

**जमशेदपुर।** तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से 50 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति चरण बेसरा की मौत हो गयी. घटना बुधवार सुबह करीब 7 बजे की बतायी जा रही है. हालांकि, इस घटना कई अन्य लोग भी घायल हुए है. दुर्घटना में देवघर गांव निवासी चरण बेसरा (50) की मौत की सूचना मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया. सूचना पाकर एमजीएम थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. सुबह 11 बजे तक लोगों के साथ वार्ता जारी थी, लेकिन मांगों को लेकर सभी लोग अड़े थे. घटना के बाद सड़कों पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. इधर, पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर कब्जे में ले लिया है.

## क्राइम कंट्रोल के लिए एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर टाइगर मोबाइल को किया रवाना

**धनबाद ।** अपराधियों पर शिकंजा कसने को लेकर जिला पुलिस सख्त है. इसे लेकर बुधवार को एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस लाइन में अधिकारियों संग क्राइम कंट्रोल को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों का निपटारा करने और शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए. वहीं 25 टाइगर मोबाइल को बाजारों में निगरानी के लिए पेट्रोलिंग करने को लेकर एसएसपी ने हरी झंडी दिखाई जो शहर के प्रमुख चौक चौराहा और बाजारों में पेट्रोलिंग करेंगे. एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि शहर के लोगों की सुरक्षा उनकी जिम्मेवारी है और इसको लेकर लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है. जो अभी हाल में जमानत पर छूटे हैं उनकी भी निगरानी की जा रही है. शहर में प्रमुख चौराहा और बाजारों पर लगातार बाइक से पेट्रोलिंग की जाएगी. आज 25 बाइक के साथ टाइगर मोबाइल को रवाना किया गया है, आने वाले समय में 25 और बाइक लेकर कुल 50 बाइक से पेट्रोलिंग की जाएगी और अपराधियों पर नकेल कसा जाएगा.

# 25 नवंबर को 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को 10 पंचायत, धनबाद नगर निगम के दो वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1 वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को टुंडी के बरवाटांड़, कलियासोल के आसनलिया, निरसा के बेलकूपा, तोपचांची के बिशनपुर,




बाघमारा के बागड़ा एवं लोहापट्टी, बलियापुर के आमझर, एगारकुंड के वृंदावनपुर तथा गोविंदपुर प्रखंड के आसानबनी एक एवं आसानबनी दो पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 10 के माडा भवन पुटकी एवं वार्ड तीन के अंचल कार्यालय कतरास तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 के सामुदायिक भवन मुंडाधौड़ा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:00 बजे से संध्या 3:00 बजे तक अथवा जब तक अंतिम व्यक्ति की शिकायत न सुनी जाए या उनका आवेदन नहीं लिया जाए, तब तक शिविर चलेगा।

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को नहीं मिली अनुमति

**धनबाद।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नहीं आ पाएंगे चीटही धाम. जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी है. जिसके बाद आयोजक बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने जिला प्रशासन के निर्णय के विरुद्ध न्यायालय जाने की बात की है. विधायक ढुल्लू महतो ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धनबाद जिला प्रशासन सरकार के इशारे पर काम कर रही है. उन्होंने कहा कि यह सरकार सनातन विरोधी है. बाबा बागेश्वर के जीतने भी भक्त हैं वह निराश ना हों. हम आने वाले समय मे दोबारा बाबा बागेश्वर के आगमन को लेकर प्रयास करेंगे।

मानवता को शर्मसार करने का मामला

## तीन दरिंदों ने बनाया दो मासूम को हवस का शिकार

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** मानवता को शर्मशार करने का मामला सामने आया है. यह घटना गिरिडीह जिला के तिसरी थाना क्षेत्र की है. गांव के तीन दरिंदो ने मिलकर दो मासूम को हवस का शिकार बनाया है. आरोपी सचिन यादव, उदय यादव और अरुण यादव है. पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी. इसके बाद परिजनों के साथ दोनों नाबालिग थाना पहुंचकर अपना बयान दर्ज करायी है. पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. हालांकि, अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

### पत्ता चुनने दोनों बहन गई थी जंगल

पुलिस के अनुसार दो नाबालिग बहन जंगल में पत्ता चुनने गई थी. इसी बीच पीछे से गांव के तीन युवक पहुंचे और जान मारने की धमकी देकर दोनों मासूम को हवस का शिकार बनाया. वहीं तीसरा युवक जंगल में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. इसके बाद दोनों नाबालिग घर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी परिजनों को दी.

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत

पूरे मामले में गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही हैं. जल्द आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा जायेगा. दोनों नाबालिग का पुलिस मेडिकल जांच करवा कर कोर्ट में 164 का बयान दर्ज करवायेगी.

# धनबाद थाना के मालखाना में लगी आग, कई वाहन स्वाहा

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद थाना परिसर स्थित महिला थाना की पुरानी इमारत में बुधवार की शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. इसी भवन को मालखाना के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा रहा था. वहां रखे गए जब्त प्रदर्श के साथ परिसर में सामने खड़े कई ऑटो भी जलकर राख हो गए. साथ ही पोस्टमार्टम के बाद जांच के इंतजार में सुरक्षित रखे गए शवों के बिसरा भी स्वाहा हो गए. करीब दो दर्जन बिसरा जलने की आशंका जताई जा रही है. इधर, मालखाना में रखे सामान के बारे में थानेदार संतोष गुप्ता ने बताया कि कुछ स्क्रेप रखे हुए थे, जिन्हें आग से नुकसान पहुंचा है. आनन फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. अग्निशमन विभाग के तीन वाहन तत्काल मौके पर पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. बताया गया कि उक्त पुराने भवन को पहले ही खाली कराया जा चुका था. बाद में इसका प्रयोग मालखाना के रूप में किया जाने लगा. भवन से सटे पेड़ों की



टहनियां भी आग की चपेट में आ गईं. आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है. देर शाम तक अग्निशमन विभाग की टीम व धनबाद थाने के अधिकारी आग बुझाने में जुटे थे. आग से मालखाना के कितने सामान जले हैं, इसकी जानकारी थानेदार के पास नहीं है. इस बाबत एसएसपी संजीव कुमार ने थानेदार से रिपोर्ट तलब की है.

## धनबाद के जेल अधीक्षक को शो-कॉज

धनबाद में एमपी-एमएलए से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने बुधवार को धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक को शो-कॉज जारी किया है. जेल अधीक्षक पर अदालत के आदेश का पालन नहीं करने का आरोप है. अदालत ने नीरज हत्याकांड में जेल में बंद संजीव सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जेल अधीक्षक को शो-कॉज नोटिस जारी किया है।. संजीव सिंह की ओर से उनके अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने संजीव सिंह की ओर से दाखिल मेडिकल ग्राउंड पर जमानत अर्जी पर बहस की. 30 अक्टूबर को संजीव सिंह की ओर से जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी, जिस पर अदालत ने जेल अधीक्षक से संजीव सिंह के स्वास्थ्य की अद्यतन रिपोर्ट तलब की थी.

विधायक सुदिव्य कुमार की पहल

## 'पुराना जेल परिसर में बनेगी पार्किंग, जाम से मिलेगी मुक्ति'


नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर में जाम की समस्या से जल्द ही मुक्ति मिलने वाली है. गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की पहल पर जिला प्रशासन ने इस दिशा में पहल की है. पुराना जेल परिसर में पार्किंग बनाई जाएगी. सड़क किनारे जहां-तहां खड़े किए जाने वाले वाहन अब उक्त पार्किंग में ही खड़े किए जाएंगे. बढ़ती आबादी और सिमटते शहर के कारण शहर वासियों को रोजाना जाम की समस्या झेलनी पड़ती है. पार्किंग का निर्माण होने से सड़क किनारे वाहन खड़े करने की नौबत नहीं आएगी. ज्ञात हो कि विधायक सोनू ने 7 नवंबर को उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि शहरी क्षेत्र में यातायात की समस्या विकराल होती जा रही है. सड़क किनारे वाहन खड़े करने से अक्सर जाम



की स्थिति उत्पन्न होती है. उन्होंने डीसी को पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था करने का सुझाव देते हुए पुराना जेल परिसर को बेहतर विकल्प बताया था. विधायक की पहल के बाद डीसी नमन लकड़ा ने नगर निगम को पत्र लिखकर उपनगर आयुक्त को इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया है. पार्किंग से होने वाली आय परिसर के रखरखाव पर खर्च की जाएगी. बाकी बची राशि जिला कोषागार में जमा करने का निर्देश दिया गया है.

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए रेल कर्मचारियों ने किया मतदान



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** एआईआरएफ के आह्वान पर ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का दो दिवसीय स्ट्राइक वॉलेट आज संपन्न हो गया, यह स्ट्राइक बैलट धनबाद मंडल के 14 शाखा के साथ-साथ पूर्व मध्य रेलवे का पांचो मंडल में एक साथ संपन्न हुआ,और यह पूरे भारतीय रेलवे में एक साथ दिनांक 21 और 22 नवंबर संपन्न हुआ,रेल कर्मचारी अपनी एनपीएस को हटाकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांगों को लेकर यह स्ट्राइक बैलेट ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के द्वारा रखा गया था,धनबाद मंडल के सभी 14 शाखा के संपन्न हुए वोटो का गिनती कर पटना स्थित ईसीआरकेयू के मुख्य कार्यालय में भेज दिया जाएगा, फिर पटना से पांचो मंडल का परिणाम एआईआरएफ के मुख्य कार्यालय भेज दिया जाएगा और फिर वहां से इसका जो निर्णय लिया जाएगा उसी पर सभी जोन मंडल और शाखा अमल करेंगे। आज धनबाद के तीनों ईसीआरकेयू शाखा के प्रतिनिधियों ने सभी डिपो और कार्यालय में जाकर कि स्ट्राइक बैलट को संपन्न करने में अपनी भागीदारी दी जिस पर प्रमुख,बीके दुबे,नेताजी सुभाष,एन के खवास,सोमेन दत्ता,जे के साव,सुदर्शन महतो,आर के सिंह,ए के दास, अजय कुमार सिंह, इस्लाम अंसारी, तपन भटाचार्जी, प्रदीप्तो सिन्हा, एम के मुकेश, सुरेंद्र चौहान, अमरजीत यादव, प्रशांत बनर्जी, पिंटू नंदन,भानु प्रकाश गुप्ता, राजकुमार, पवन कुमार, उपेंद्र मंडल और विश्वजीत मुखर्जी शामिल थे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बरकट्ठा विस क्षेत्र का किया भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आरसी प्रसाद मेहता ने हर घर कांग्रेस कार्यक्रम के तहत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के डुमरौन, मूर्तियों, कुसयनवा, रूद, दुर्गा नगर, गोबरबंदा आदि पंचायत एवं गांवों का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने आमलोगों की समस्याएं सुनी. डॉ. मेहता ने कहा कि 2014 के बाद रघुवर कार्यकाल में ग्रामीण स्तर के सरकारी स्कूलों को मर्ज कर पंचायत स्तरीय करना, ग्रामीण बच्चों का भविष्य विनाशक तानाशाही फरमान था. पूर्व में हर गांव में एक सरकारी स्कूल हुआ करता था. लेकिन, रघुवर सरकार ने एकाएक पंचायत स्तर पर विद्यालयों को मर्ज कर गरीब, किसान व मजदूर के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर कर दिया. पंचायत स्तरीय स्कूलों को भी खिचड़ी स्कूल के रूप में परिवर्तित कर दिया. अब सरकारी स्कूलों में असहाय सर्वहारा बच्चे पढ़ रहे हैं. वहीं, हेमंत सरकार द्वारा बंद किए गए सभी स्कूलों को दोबारा खोलने का आदेश स्वागत योग्य है. डॉ. आरसी प्रसाद मेहता ने झारखंड सरकार से निवेदन किया है कि खिचड़ी की जगह बच्चों को छात्रवृत्ति देने के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए. सरकारी कार्यक्रम में सरकारी शिक्षकों को नहीं लगाया जाए.

### छात्रों को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : डॉ. आरसी प्रसाद मेहता

इसके अलावा शिक्षकों के अतिरिक्त अन्य सरकारी कार्यक्रमों हेतु सरकार पंचायत स्तरीय एक सरकारी पद का सृजन किया जाए, जो सरकारी कार्यक्रमों को अनुमोदित करेंगे. इससे सरकारी स्कूलों में बच्चे की संख्या बढ़ेगी एवं उनका भविष्य भी संवरेगा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता, सुरेंद्र रविदास, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष कामेश्वर मेहता, कुलदीप राम, हरेंद्र साव, सुनील कुशवाहा, प्रो. बीके मेहता आदि शामिल रहे.

## रैयतों को मालिकाना हक के लिए लगा शिविर, विस्थापितों की उमड़ी भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** डीवीसी से विस्थापित रैयतों को मालिकाना हक देने के उद्देश्य से पंचमाधव पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया. जिममे मुख्य रूप से सीओ रामनारायण खलखो, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, राजस्व कर्मचारी और अंचल कर्मी मौजूद थे. शिविर में विस्थापितों के कागजात की जांच करते हुए डीवीसी के पास जमा करने का निर्देश दिया गया है. सीओ ने बताया कि डीवीसी दस्तावेजों की संपुष्टि करते हुए विस्थापितों के खाता और प्लॉट नंबर का निर्धारण कर आवेदक को देगा. जिसे आवेदक अंचल कार्यालय में जमा करेंगे. अंचल कार्यलय में कागजात जमा होने के बाद म्यूटेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी. उन्होंने बताया कि विस्थापितो को मालिकाना हक दिलवाने की दिशा में वह हर संभव प्रयासरत है. विदित हो कि तिलैया डैम निर्माण में 56 मौजा की रैयत विस्थापित हो चुके हैं. जिन्हें अब तक मालिकाना हक प्राप्त नहीं हुआ है. जाति, आवासीय इत्यादि प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है जिसके कारण वेलोग कई सरकारी सेवाओं से वंचित रह रहे हैं. मालिकाना हक को लेकर सभी विस्थापित लंबे समय से संघर्षरत है. शिविर सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समजसेवियो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई..

**उत्साह** छत की ढलाई के लिए कार सेवा में उमड़ी भीड़, बोले भगवान सिंह

# 'सीजीपीसी की परियोजना को मिल गई छत'



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य और शिक्षा को केंद्र में रखकर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) की महत्वाकांक्षी परियोजना हेतु निमार्णाधीन भवन के पहले तल्ले के छत की ढलाई के लिए जमशेदपुर की संगत सतनाम-वाहेगुरु का जाप करते हुए बड़ी संख्या में कार सेवा में शामिल हुई. इसमें अन्य समुदाय के लोगों ने भी अपना योगदान दिया. बुधवार को साकची स्थित सीजीपीसी कार्यालय में अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या में संगत के उमड़ने से प्रधान भगवान सिंह भी अभिभूत हो गए. सीजीपीसी कार्यालय में सुबह छह बजे से ही संगत का जुटना शुरू हो गया था. जहां गुरुद्वारा कमेटियां, स्त्री सत्संग सभा, नौजवान सभा और अकाली दल समेत अन्य सिख जत्थेबंदियों ने अरदास उपरांत कार-सेवा में पूरी उत्सुकता के साथ भाग लिया. साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह ने टीम सहित पहुंच कर अपना योगदान दिया. इस अवसर पर सिख संगत के आलावा अन्य समुदाय के लोग व कुछ राजनितिक दल के नेता भी पुरे उत्साह के साथ कार-सेवा में शामिल हुए. सभी ने अपने सर पर कढ़ायी रख सतनाम-वाहेगुरु का जाप करते हुए कार-सेवा की. संगत से मिले सहयोग से अति उत्साहित सरदार भगवान सिंह ने कहा कि वाहेगुरु जी की कृपा से उन्होंने जैसा अंदाजा लगाया था, उससे कहीं अधिक संगत की उपस्थिति देखकर वे उत्साहित हैं. अब शहरवासियों के लिए अच्छे स्वास्थ्य और शिक्षा का सपना अब जल्द पूरा होने वाला है. उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा अस्पताल के लिए स्वास्थ्य उपकरण देने की पेशकश अभी से की जा रही है, जो इस मिशन की सकारत्मकता का उदाहरण है. इस आशय की जानकारी वे जल्द जमशेदपुर की संगत के साथ साझा करेंगे. सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सीजीपीसी केवल धार्मिक ही नहीं सामाजिक और लोकोपकारी कार्यों के लिए भी तत्पर है. महासचिव अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने कहा कि सीजीपीसी का धर्म मानवीय सेवा करना भी है और इस ओर किये जा रहे कार्यों से उन्हें गर्व महसूस हो रहा है.

## बोकारो: तीन गांव बाल विवाह मुक्त घोषित, चलाया जा रहा अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** जिला के कसमार प्रखंड को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार को प्रखंड के तीन गांव पिरगुल, भवानीपुर व रघुनाथपुर को मुखिया की अध्यक्षता में बैठक कर बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया. इस दौरान मौजूद लोगों ने गांव में बाल विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया. साथ ही बाल मजदूरी, बाल व्यापार व बाल यौन शोषण के रोकथाम के लिए कारगर प्रयास करने का निर्णय लिया गया. मुखिया गीता देवी व सरिता देवी ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी बहादुरपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान बाल विवाह मुक्त गांव का कार्यक्रम काफी सराहनीय है.



इस अभियान में सभी को जुड़कर काम करना होगा. मुखिया ने कहा कि यह काम प्रत्येक गांव में होना चाहिए ताकि बाल विवाह जैसी कुरीति जड़ से खत्म हो सके. सहयोगिनी की मिंटी कुमारी सिन्हा ने बताया कि पूरे कसमार प्रखंड के 40 गांवों को संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त गांव घोषित करने का संकल्प लिया गया है. जिसमे अभी तक 20 गांवों को अभियान चलाते हुए स्थानीय मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है. मौके पर उपमुखिया वीरेंद्र करमाली, सुनिता देवी, निरुपा देवी, सीता देवी, पदुम देवी, अशोक कुमार महतो, मिंटी कुमारी सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# हजारीबाग: पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के कब्जे से सरकारी जमीन मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्य के पूर्व मंत्री और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के पिता योगेंद्र साव ने जिस जमीन पर कब्जा किया था उस जमीन को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर मुक्त करा लिया है. साथ ही योगेंद्र साव पर प्राथमिकी भी दर्ज करने की बात कही जा रही है. जिला प्रशासन की टीम सुबह दलबल के साथ उस जमीन पर पहुंची है और बलपूर्वक अवैध रूप को हटा दिया. सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी शशि भूषण की उपस्थिति में कार्रवाई की गई. दरअसल शहर के हुरहुरु स्थित खासमहल की सरकारी जमीन पर रोक के बावजूद चारदीवारी खड़ी कर दी गई थी. 11 नवंबर को खास महल की जमीन पर मालिकाना हक को लेकर विवाद हुआ था और जांच के बाद सीओ ने तत्काल सभी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी थी. रोक के बाद जमीन से संबंधित कागजातों की जांच के लिए 22 नवंबर की तिथि सीओ के कोर्ट में निर्धारित की गई, परंतु सुनवाई से पूर्व ही सरकारी आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए चारदीवारी का निर्माण कर दिया गया. बता दें कि जमीन पर कब्जा जमाने का आरोप पूर्व मंत्री योगेंद्र साव पर था. जाच करने के बाद नोटिस भेजकर पुलिस की मदद से निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया.



### क्या है पूरा मामला

हुरहुरु स्थित जिस जमीन पर कब्जा को लेकर दावा किया जा रहा है, उसकी प्रकृति खास महल है. यह मौजा कैन्टोनमेन्ट, थाना नंबर 157, भवन पट्टा, होल्डिंग संख्या 302, प्लॉट संख्या 872,1235, 873,1336 एवं 893,1337 है. जिसका रकबा 25 डिसमिल, 15 डिसमिल और 10 डिसमिल है जो कुल 50 डिसमिल होता है. इसी 50 डिसमिल के आधा हिस्सा में चारदीवारी निर्माण का कार्य किया जा रहा था, जांच के बाद 11 नवंबर को निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था. कुल 50 डिसमिल जमीन को लेकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ-साथ लीजधारक एहसान अंसारी को नोटिस भेजा गया. नोटिस में चारदीवारी की जा रही जमीन को खासमहल की जमीन बताते हुए उसे सरकारी बताया गया था. विभाग का कहना था कि लीजधारी की मौत हो गई और इससे पूर्व 2008 में लीज की अवधि भी खत्म हो गई थी. ऐसे में यह जमीन सरकार की है. जानकारी के अनुसार इस जमीन को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने पावर ऑफ अटार्नी के माध्यम से जमीन ले ली. मामला जब विवाद में आया तो अपर समाहर्ता ने सदर अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर जांच रिपोर्ट देने को कहा था. अपर समाहर्ता ने कहा कि यह भूमि खास महल लीज की भूमि है. जो लीजधारी मो. एहसान, पिता स्व. मो. सामुएल के नाम से दिनांक 31 मार्च 2008 तक था. जांच में यह भी प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान समय में लीज भूमि पर लीजधारी या उनके वंशज निवास नहीं करते हैं.

## अलग-अलग जगहों पर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**रामगढ़।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र रीवर साईड में बीती रात घात लगाए चोरों ने माइनिंग सरदार पप्पू सिंह के सीसीएल क्वार्टर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. इसकी जानकारी पप्पू सिंह को तब हुई जब घर के ताला टूटा पाया गया और देखा कि घर के सभी कमरे का ताला गैस कटर से काटा हुआ है और पूरा सामान बिखरा पड़ा है. अलमीरा से सोना चांदी सहित दो लाख की सामान की चोरी की हुई है. पप्पू सिंह बीते दो दिनों से छठ पर्व मनाने को लेकर दुसरे घर भुरकुंडा जनता टाकिज के पास रह रहे थे इसी बीच घात लगाए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया और लाखों की सामान लेकर फरार हो गए. इसकी जानकारी भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत के रूप में किया गया. वहीं घटनास्थल पर पुलिस जांच पड़ताल कर चोरों का पता करने में लगी हुई है. वहीं दूसरी घटना भदानीनगर थाना क्षेत्र चैनगढ़ा मॉडर्न हाई स्कूल की है. जहां बीती रात घात लगाए चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. स्कूल परिवार को इसकी जानकारी तब हुई जब स्कूल के ऑफिस का ताला टूटा पाया गया और देखा कि ऑफिस का कंप्यूटर यूपीएस प्रिंटर एवं सीपीयू वाई-फाई रायटर सीम इत्यादि सामान की चोरी हो गई है. जिसके बाद भदानीनगर ओपी में लिखित शिकायत दर्ज किया गया. वहीं घटनास्थल पर पुलिस जांच पड़ताल कर चोरों का पता करने में जुट गई है.

## कोनरा पंचायत भवन में कर्मयोगी कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** कोनरा पंचायत भवन में एकदिवसीय कर्मयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमे कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, करियातपुर, बिजैया, गौरियाकरमा, रानीचुआं, रसोईया धमना आदि पंचायत से कुल 25 वीएलई ने हिस्सा लिया. यह कार्यशाला भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री कर्मयोगी को सफल बनाने के उद्देश्य से उपस्थित वीएलई को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायत और गांव में वीएलई के बीच विश्वास स्थापित करना और उनके आय में वृद्धि करना था. कार्यशाला सीएससी के सौजन्य से आयोजित की गई थी. जो पांच विभिन्न चरणों में संपन्न हुआ. जिससे कर्मयोगी का लक्ष्य और उसके परिणाम की जानकारी दी गई. प्रशिक्षण से वीएलई को जनता के बीच विश्वसनीय नेटवर्क स्थापित करते हुए अधिकाधिक अर्थोपर्जन करने, जनता के कार्यों को सुगमता और सरलता से संपन्न करने और व्यवसाय वृद्धि आदि संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई. प्रशिक्षण स्टेट से आए वसीम इमाम सहित जिला समन्वयक निजामुद्दीन अंसारी, जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा ने दिया. कार्यशाला में जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, नान्हू यादव, मो नईम अंसारी, गणेश यादव, रंजीत कुमार, रंजीत केसरी, नितेश कुमार, अविनाश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार, मो आसिफ इकबाल, मो मंसूर, संदीप कुमार, अर्जुन ठाकुर, उमेश यादव, संजय साव आदि सहित कई लोग मौजूद हुए.



## डीसी ने जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक आयोजित होने वाले 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों व गांवों में जाकर आम जनों को 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों, उनके स्थान एवं शिविर के दौरान आम जनों की समस्याओं को लेकर लगाए गए विभिन्न स्टॉल आदि के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी आदि उपस्थित थे।




## गागर में सागर

### मुखिया व पंसस ने यूएमएस चांदगढ़ में छात्रों के बीच स्कूली ड्रेस का किया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेड़ोकला पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदगढ़ के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच बेड़ोकला पंचायत मुखिया रिंकी देवी, पंचायत समिति सदस्य रामचन्द्र साव ने संयुक्त रुप से वर्ग तृतीय से अष्टम तक के छात्र छात्राओं के बीच 2 सेट स्कूली ड्रेस एक पीस स्वेटर तथा एक से अष्टम तक अध्यनरत विद्यार्थियों को कॉपी का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वाए स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकारी योजना का सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब इसके पीछे का उद्देश्य पुरी हो और वह लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास है। पंचायत समिति सदस्य रामचन्द्र साव ने बाल्यकाल के समय का सदुपयोग पर ध्यान देने को कहा। मंच का संचालन प्रधानाध्यापक मो रियाजुद्दीन ने किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शखावत अंसारी, सहायक अध्यापक मुबारक अंसारी,छोटेलाल राम, सुनिता यादव सिकन्दर कुमार राज आदि लोग उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा की मूर्ति स्थापना पर वन विभाग की प्राथमिकी का भाजपा नेता ने किया विरोध

**बरही ।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर खोड़ाहर के राज्यस्तरीय जतराटांड मेला स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थापना पर वन विभाग के प्राथमिकी का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता ने विरोध किया है. उन्होंने बताया कि झारखंड के वन विभाग की धरती पर झारखंड आबा की प्रतिमा की स्थापना पर विभागीय कार्रवाई विवेकहीन और राजनीति से प्रेरित है. वन विभाग का बड़ा भूभाग अतिक्रमित किया गया है, जिसे विभाग जानकर भी अनजान बना है, परंतु उसपर कोई कार्रवाई नही की गई है. जंगलों को अंधाधुंध कटाई हो रही है, परंतु विभाग मौन है. बरही विस क्षेत्र में एकमात्र राज्यस्तरीय जतराटांड़ मेला में भगवान बिरसा की प्रतिमा का स्थापना, जिसके अनावरण में कई प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित प्रबुद्धजन शामिल हुए. जो सिर्फ विस क्षेत्र ही नही पूरे राज्य का गौरव है. ऐसे में मूर्ति स्थापित करने वालो को पुरस्कृत करने के स्थान पर वन विभाग ने अशोक बाड़ा, अनिता कुजूर और कविता देवी पर प्राथमिकी दर्ज करने का काम किया है. जो अनुचित और राजनीति दबाब से ओत प्रोत है. उन्होंने वन विभाग से इसे अतिशीघ्र वापस लेने की अपील किया अन्यथा विभाग के खिलाफ जनांदोलन चलाए जाने की बात कही है.

## पूर्व विधायक चितरंजन यादव की 14वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

### चितरंजन यादव कर्मठ और संघर्षशील व्यक्ति थे : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चटकरी में पूर्व विधायक स्व. चितरंजन यादव की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार राय, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। संचालन पूर्व उपप्रमुख दुर्गा यादव ने किया। अतिथियों ने स्व चितरंजन यादव की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्व. चितरंजन यादव कर्मठ और संघर्षशील व्यक्ति थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज उनके अधुरे सपनों को उनके पुत्र विधायक अमित कुमार यादव निरंतर पूर्ण कर रहे हैं। कार्यक्रम में हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, कोडरमा जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, भाजपा नेता अम्बिका सिंह, बगोदर जिप सदस्या रीता देवी, पूर्व प्रमुख राम-लखन मेहता, रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि केदार साव,भाजपा नेता रमेश सिंह,समन ठाकुर रघुवीर प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, खलील अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, अशोक वर्णवाल, अनिल कुमार आजाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसादआदि उपस्थित थे।



### गोला में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**गोला।** ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को गोला थाना गेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट पहनने दो पहिया वाहनों की जांच की गई। जिसमें 7 वाहनों से ऑनलाइन 7 हजार और 13 गाड़ियों का ऑफ लाइन 11 हजार 5 सौ रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। एसआई अमित मार्डी ने बताया कि इस तरह का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके बाद भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बाइक चालक बिना हेलमेट और कार चालक बिना सीट बेल्ट के गाड़ी नहीं चलाएं। लापरवाही से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं।

### बंद घर से सात लाख के जेवरात और नगद ले उड़े चोर

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरियां गांव के जगृति चौक के पास स्थित एक बंद घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया. चोरों ने मोहन कुमार के घर से सात लाख के जेवरात समेत नगद की चोरी कर ली. परिवार के सभी लोग छठ मनाने सिमडेगा गये थे. इसी दौरान चोरों ने अपना हाथ साफ कर लिया. हालांकि इसका खुलासा तब हुआ जब घर के सभी लोग मंगलवार की शाम छठ मनाकर घर लौटे. मोहन कुमार ने पाया कि घर के दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है. समान भी बिखरा पडा है. जब घर के अंदर गये तो देखा कि अलमारी से सात लाख के जेवरात, उसके बिल समेत नगद गायब हैं. भुक्तभोगी मोहन कुमार ने मुफ्फसिल थाना में लिखित आवेदन के साथ प्राथमिकी दर्ज की है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने और न्याय दिलाने का आग्रह किया है.

## कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के लिए डीसी ने सरकार को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था. मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने जांच करवाया. आरोपी सीएलटीसी करण साहू ने आरोप पर संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये. डीसी चंदन कुमार ने कर्मचारी करण साहू (सीएलटीसी) की सेवा समाप्त करने अथवा उनके स्थान पर किसी दूसरे को रामगढ़ जिले में प्रतिनियुक्त करने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है. जांच में बात सामने आई कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ देने के लिए 21 फरवरी 2022 को एकरारनामा होने के बाद भी लाभुक को प्रथम किस्त का भुगतान 18 अगस्त 2023 को किया गया. वायरल हुए वीडियो से बात सामने आई कि रिश्वत लेने के उद्देश्य से ही प्रथम किस्त के भुगतान में विलंब किया गया था. इस बाबत कार्यपालक पदाधिकारी ने प्राथमिकी भी दर्ज करा चुके हैं. वहीं शिकायतकर्ता ने 17 नवंबर 2023 को पत्र लिखा कि करण साहू शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं. बयान बदलने को कह रहे हैं. इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया है कि नगर प्रबंधक, नगर परिषद रामगढ़ सह नोडल पदाधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) कुमार अनुराग के कार्यालय में लगभग 200 लाभुकों की संचिका लंबित है. विभिन्न किस्तों के भुगतान की संचिका 3 महीने से लंबित है. मामले में कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कुमार अनुराग से स्पष्टीकरण मांगा गया है.

## जेबीकेएसएस ने चलाया जनजागरण अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को प्रखंड के तुर्कबाद मैदान में एक सभा आयोजित कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया । सभा की अध्यक्षता क्रांतिकारी महेंद्र प्रसाद व संचालन छोटी दास ने किया। जनजागरण अभियान में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को अपने वक्तव्य के माध्यम से हक और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मौके पर क्रांतिकारी महेंद्र प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के गरीब, मजदूर व किसान अपने बच्चे को किसी तरह से पढ़ाते लिखाते हैं ताकि मेरा बच्चा कोई अच्छा नौकरी करे। लेकिन झारखंड सरकार की गलत नीतियों और सेटिंग वेटिंग से झारखंड के सारे नौकरियां बाहरियों के हाथों में चला जाता है और झारखंडियो को सिर्फ 5% नौकरी नसीब हो पाता है ।वह भी जिसका राजनीतिक क्षेत्र में पहुंच हो या पूर्व से कोई झारखंडी व्यक्ति कोई अच्छा पद पर हो । उन्होंने कहा कि झारखंड में 40% खनिज सम्पदा होने के बावजूद भी झारखंडियो को झारखंड में रोजगार नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण पढ़ा लिखा व्यक्ति को मेहनत मजदूरी करने के लिए अन्य राज्यों का पलायन करना पड़ रहा है। वहीं प्रवासी मजदूरों के नेता विरेन्द्र प्रसाद ने प्रवासी मजदूरों का दर्द बयां करते हुए कहा कि हम झारखंडियो को रोजगार के लिए अपने घर परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों का पलायन करना पड़ता है।और बहुत कठिनाई भरी मेहनत करने के बाद कुछ कुछ कमाई हो पाता है। मौके पर विनोद पासवान, छोटन कोल, अरूण कुमार महतो, सिकंदर कुमार, अवधेश राय,रवि साव , किशोर पासवान, कैलाश पासवान, ध्रुव पाण्डेय, राम सहाय यादव, भुनेश्वर राणा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




### मुआवजे की मांग के लिए रोका एंबुलेंस भुगतान के बाद छोड़ा

**हजारीबाग।** हादसे का शिकार प्रवासी मजदूर के पार्थिव शरीर को लेकर जब एंबुलेंस पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसे रोक लिया. घटना मंगलवार की है. जब मुआवजे का भुगतान हुआ तो एंबुलेंस को छोड़ा गया. बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा निवासी मजदूर चिंतामन महतो (37), पिता-गांगो महतो की मौत बीते शनिवार को महाराष्ट्र के चालीस गांव में करंट लगने से हो गयी थी. मंगलवार को मजदूर के पार्थिव शरीर को लेकर एंबुलेंस गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने मुआबजे की मांग करने लगे. इसकी जानकारी गांववालों ने मांडू विधायक जेपी पटेल को दी.

## उत्साह

### श्री गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

# गुरुवाणी व बच्चों के कार्यक्रम से संगत निहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। सिख धर्म के संस्थाजापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव को लेकर 22 नवम्बर को पांचवें दिन की प्रभात फेरी उत्साह के साथ निकाली गई । प्रभात फेरी के पांचवे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शब्द गाते चल रहे थे। जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। पांचवें दिन की प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान संगत अमृत वेले बोले पपीहा, आओ जीतो आओ हमारे, नहीं छोड़ो रे बाबा राम नाम, शब्दों से वातावरण को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक होते हुए बिजुलिया बस स्टैंड गई। वहां से बस द्वारा ला मेरिटल होटल के बिल्डिंग के पास पंजाबी फूड प्लाजा पहुंची। सरदार सतपाल सिंह सलूजा द्वारा साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार अमरजीत सिंह जग्गी ने सरदार सतपाल सिंह सलूजा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साध संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। पांचवें दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी इंद्रजीत जसल, जगजीत सिंह सोनी, जिगर छाबड़ा कवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह होरा जसकीरत सिंह भाटिया राजू कैद जसकीरत सिंह सैनी रौनक सिंह गुरजोत सिंह नरेंद्र सिंह होरा गुरदीप सिंह सैनी कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल, बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जसल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर आदि शामिल हुए।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

# 'सभी को एकजुट होने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी मैदान में बुधवार को जलेश्वर महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन शिव बबलू महतो ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकरी व संगठन के रीढ़ मोतीलाल महतो उपस्थित थे। साथ ही जिला के पदाधिकारीगण, प्रखंड कोर कमेटी के सदस्य तथा सिकनी पंचायत के सभी समुदायों के लोग बैरहक में उपस्थित हुए। मुख्यअतिथि मोतीलाल महतो ने कहा कि झारखंडियों की पहचान 1932 का खतियान है। सभी को इसके लिए एकजुट होने की जरुरत है। उन्होंने कहा की झारखंड बने 23 साल हो गया लेकिन अभी झारखंडी कौन है इसका पहचान नहीं हो पाया है। झारखंड में अभी तक नीति, नियम नही बन पाया है। यहां के लोगों को हक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। झारखंड के विकास में शिक्षा का भी महत्त्वपूर्ण योगदान है इसलिए सभी को अपने बाल बच्चों को पढ़ाना जरूरी है। कहा की 2024 के चुनाव में सभी को बदलाव की ओर अग्रसर होना है। बैठक में महिला कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद के लिए देवन्ति कुमारी, अध्यक्ष अनिता देवी, सचिव संजोती देवी, कोषाध्यक शांती देवी को चुना गया। वहीं, पुरुष कमेटी में संरक्षक रोहित राम महतो, अधयक्ष अर्जुन महतो, सचिव सुरेंद कुमार, उपाध्यक्ष लालदेव महतो को सर्व समिति से चुना गया है।



# कैलाश धाम करामुण्डा में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान जारी

### अखंड हरिकीर्तन शुरू





**कालो खलखो**

**बोलबा।** जिले के ठेठईटांगर प्रखण्ड के करामुण्डा कैलाश धाम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन अखण्ड हरि कीर्तन का किया गया। इस मौके पर बताया गया कि 21 नवम्बर को विधिवत अधिवास पूजन का आयोजन किया गया।वही 22 नवम्बर को नाम यज्ञ अखंड हरि कीर्तन नाम यज्ञ प्रारंभ हो गया एवं 23 नवम्बर को हवन पूजन ,आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं 23 नवम्बर की रात 9 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । इस मौके पर अखंड कीर्तन में उड़ीसा नवागांव, बोलबा , लेटाबेड़ा, अलिंगुड,बनटोली, करामुण्डा गांव के कीर्तन मण्डली शामिल हुए है । वही इधर सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने के लिए पुरोहित के रूप में नीलाम्बर पंडा तथा यजमान के रूप में नारायण सिंह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।वही बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कैलाश धाम के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए हमें यज्ञ एवं धार्मिक कार्यक्रम करना अति आवश्यक है ।धर्म के कार्य मे समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिएइस मौके पर श्यामसुन्दर बेहरा, नारायण सिंह, सुखदेव सिंह, रामप्रसाद सिंह, जुगल बेहरा ,शम्भु सिंह एवं अन्य लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है। गौरतलब हो यह धाम पहाड़ी के ऊपर अलौकिक छटाओं के बीच में बसा है जहां पर दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं। धाम के पुजारी सुखदेव सिंह एवं नारायण सिंह ने बताया कि कैलाश धाम दैविक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ सिंग द्वार नामक सात तल्ला का एक गुफा है गुफा के सातवें तल्ले पर माँ दक्षिण काली एक मूर्ति शक्ति पीठ के रूप में विराजित है।जो एक शेर आकृति के एक शीला पर भक्तों को दर्शन दे रही है। गुफा में एक पौराणिक शिव लिंग भी है ,साथ ही गुफा के अन्दर कई अद्भुत चीजें हैं। इस गुफा का एक अलग और अद्भुत महिमा बताया जाता है किसी प्रकार कोई भी शक्ति तंत्र तुरंत सिद्ध भी हो जाता है भूतप्रेत से ग्रसित रोगी कुछ ही दिनों में ठीक हो जाता हैम दूर-दूर से लोग मन्नत लेकर पूजा करने आते हैं ।वही पहाड़ी के चोटी पर अष्टम माता का शीला है बताया जाता है कि सिंग द्वार गुफा में पूजन के बाद रात में पुजारी को स्वपन में दर्शन देकर नीम पेड़ के पास मूर्ति होने का संकेत मिला था इसे कुछ लोग विश्वास नहीं कर रहे थे तब इसकी लोगों ने खुदाई करके सच्चाई का पता करने लगे लगभग पाँच फीट तक खुदाई के बाद पाया गया कि वह शीला एक विशाल जीवित चट्टान से सृजन होकर बाहर निकला है लोग देखकर आश्चर्य चकित हो गए और सभी लोग मिलकर वहीं पर वेदी बनाकर पूजा अर्चना शुरू कर दिया गया पहाड़ी के एक किनारे की गुफा के बाहर गाँव के चरवाहे बच्चियों ने तीन छोटे- छोटे अद्भुत बालकों को देखा देखने के बाद तुरंत ही चरवाहे बच्चियों ने बगल के बस्ती में जाकर कुछ ग्रामीणों को इसकी सूचना दे दिया गाँव वालों ने अद्भुत बालकों की सूचना मिलते ही जब वहाँ देखने पहुँचे तो वानर रूप में हनुमानजी वहाँ बैठे हुए थे जो बाद में भी कई ग्रामीणों ने इस घटना को देखा एक दिन गाँव के ईसाई समुदाय के प्रचारक ने भी बजरंगबली हनुमानजी को देखकर उसकी विशेषता को बताया ।प्रत्यक्ष दर्शी बच्चियों के अनुसार भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता का बाल रूप में यहाँ बच्चों को दर्शन दिए थे । तब से लेकर अब तक लोगों का इस पहाड़ पर दर्शन पूजन के लिए आवागमन बढ़ने लगा । कई बार भिन्न- भिन्न रूप में देवी देवताओं का यहाँ लोगों को दर्शन हुआ है ।वही सरकार की ओर से कैलाश धाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटक स्थल की सूची में शामिल किया है ।इसका प्रशासनिक स्तर पर निरीक्षण भी कर लिया गया है कैलाश धाम सह पर्यटक स्थल करामुंडा विकास समिति के अध्यक्ष रैन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव जुगेश सेनापति, पुजारी सुखदेव सिंह, नारायण सिंह सहित सदस्य गण एवं ग्रामीणों की से यहाँ की विकास कार्य तेजी से हो रहा है।

### पैदल ही रामरेखा लालपुर गांव पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा, कहा

# दूर होंगी गांव की सभी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक भूषण बाड़ा कैरबेड़ा पंचायत के रामरेखा लालपुर गांव पहुंचे। गांव तक वाहन नहीं जाने के कारण विधायक पैदल ही गांव पहुंचे थे। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में भुईयां जाति के लोग रहते हैं। उनके गांव में बुनियादी सुविधा की घारे कमी है। गांव में एक चापाकल तक नहीं लगा है। इस कारण पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। गांव के लोग काफी गरीब है। रोजगार के कोई साधन भी नहीं है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा एपीएल में डाल दिया गया है। जबकि सभी परिवार बीपीएल धारी हैं। इस पर विधायक ने कहा कि उनके गांव तक जल्द वे विधायक मद से सड़क का निर्माण कराएंगे। साथ ही पेयजल की भी समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के सभी परिवारों का बीपीएल कार्ड बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी आज तक सिर्फ वोट बैंक के रुप में ग्रामीणों का इस्तेमाल किया। जबकि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने एवं दूर करने की दिशा में कोई काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रमुख रजत लकड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह,जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

## कोडरमा : राजभवन के सामने ट्रेड यूनियन करेगा प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** संयुक्त किसान मोर्चा और राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देश के सभी राजभवनों के सामने प्रदर्शन होगा. 26, 27 और 28 नवंबर को प्रस्तावित महापड़ाव में भाग लेने के लिए कोडरमा ट्रेड यूनियन की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान की अध्यक्षता में हुई. मौके पर जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि मोदी सरकार के कुशासन से मुक्ति के लिए आंदोलन किया जायेगा. केंद्र सरकार विभिन्न श्रम कानूनों को कमजोर कर रही है. साथ ही किसानों के साथ नाइंसाफी हो रही है. किसानों को लागत मूल्य नहीं मिल पा रहा है. इसके कारण हजारों किसान आत्महत्या कर रहे हैं. किसान आंदोलन के दौरान मोदी ने आश्वासन दिया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करेंगे लेकिन अभी तक लागू नहीं हुआ. इसे लेकर संयुक्त किसान मोर्चा और राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन 26, 27 और 28 नवंबर को विभिन्न राज्यों के राजभवनों के समक्ष महापड़ाव का आयोजन किया है. कोडरमा जिले से सैकड़ों की संख्या में किसान एवं मजदूर 26 नवंबर को राजभवन मार्च करेंगे. मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि रसोइया बहनों के साथ राज्य सरकार दमन कर रही है. 66 रुपए में प्रतिदिन काम लिया जा रहा है. राशि बढ़ाने की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा.

# पुरुषोतम एक्सप्रेस में करंट दौड़ने की घटना की संरक्षा आयुक्त ने की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** धनबाद-गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे फाटक गेट के समीप पुरूषोतम एक्सप्रेस के लोको पेटोग्राफ उलझने की घटना हुई थी. कोलकाता से आये संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने इसकी जांच की. उल्लेखनीय है कि इस घटना में ट्रेन में करंट दौडने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था. चेन पुलिंग कर जैसे-तैसे ट्रेन को रोका गया था, नहीं तो ज्यादा नुकसान हो सकता था. घटना के तुरंत बाद धनबाद मंडल के डीआरएम ने मामले की जांच की थी. जबकि जीएम ने रनिंग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे. उक्त घटना के आलोक में बुधवार को परसाबाद पहुंचे सुवोमोय मित्रा ने मामले की गहनता से जांच की. उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी जायेगी.

### ग्रामीणों ने की कई ट्रेनों के ठहराव की मांग

वहीं संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के दौरान परसाबाद के ग्रामीणों ने विवेक गुप्ता के नेतृत्व में जीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया. परसाबाद स्टेशन पर पुरी-नई दिल्ली पुरूषोतम एक्सप्रेस, हावडा-मुंबई मेल, हटिया-पटना इस्लामपुर एक्सप्रेस, कोडरमा भाया गोमो रांची लोकल ट्रेन, धनबाद भाया कोडरमा जंक्शन, न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन तक इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन और पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की. इसके अलावे परसाबाद स्टेशन के उतरी छोर में पेयजल एवं शौचालय तथा 27 नंबर फाटक के पास फुट ओवरब्रिज की मांग की. ज्ञापन मे विवेक गुप्ता के अलावे रमेश चंद्र प्रसाद, ध्रुव कुमार गुप्ता, रौशन चावला, रवि चावला, बासुदेव मोदी, सुरेश आदि ने हस्ताक्षर किया.

# प्रज्ञा केंद्र संचालक पर राशि गबन का आरोप

### महिला ने उपायुक्त से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालक जीशान फिरदौस के ऊपर खिंडा गांव की सोमारी देवी नामक महिला ने ?21000 गबन का आरोप लगाकर सिमडेगा उपायुक्त के कार्यालय में आवेदन देकर गुहार लगाई है। उक्त आवेदन में महिला सोमारी देवी ने बताया है कि 17 अप्रैल 2023 को कुरडेग स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक जीशान फिरदौश के दुकान में जाकर 21000 रुपए की राशि उंसके बैंक आफ इंडिया के खाते में जमा करने के लिए दिया था और इसके एवज में प्रज्ञा केंद्र संचालक द्वारा उसे रिसीविंग पर्ची भी दी थी ,बाद में 17 नवंबर 2023 को ?6000 पुणः उसी के माध्यम से खाते में डालने के लिए राशि दिया गया जो राशि उसके खाते में डाल दिया और जब पासबुक अपडेट कराया गया तब 21000 की राशि का कोई भी जिक्र नहीं था। तब जाकर इस मामले में महिला ने प्रज्ञा केंद्र संचालक से पूछा गया तो उन्होंने पैसा डाल दिए जाने की बात कही, लेकिन खाता में पैसा नहीं आने पर महिला ने सिमडेगा उपायुक्त कार्यालय में आवेदन देकर उचित न्याय की गुहार लगाई है। इधर इस मामले में सिमडेगा उपायुक्त नहीं पीड़िता को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सिमडेगा में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने परिसदन भवन सिमडेगा के सभागार में बुधवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित एसएसआर 2024 से संबंधित के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बूथ निरीक्षण के दौरान पाए गए समस्याओं को संबंधित ईआरओ. एवं एईआरओ से जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने प्रपत्र- 6,7 एवं 8 से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत नये मतदाता को जोड़ने हेतु प्रपत्र - 6 की समीक्षा की।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज के लिए स्कूल करें सहयोग : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला में मतदाता सूची से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हेतु बुधवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ई-विद्या वाहिनी प्री-फील्ड प्रपत्र-06 को लेकर जिले के सभी स्कूलों एवं कॉलेज के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि, देश में आगामी दो आम चुनाव होने वाले है, लोकसभा एवं विधानसभा जिसके तहत जिला निर्वाचन विभाग अंतर्गत मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 चलाया रहा है। जिसमे जिले के स्कूलों में पढ़ने वाले वैसे बच्चें जो 2024 में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु अहर्ता रखते हैं, वैसे बच्चों का शिक्षा विभाग की ओर से ई-विद्या वाहिनी पोर्टल से डाटा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि ई-विद्या वाहिनी प्रीफील्ड प्रपत्र-06 का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में अध्यनरत वैसे छात्र-छात्रा जिनकी उम्र 01 जनवरी 2024 या 01 अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष हो रही है, उनका नाम प्रपत्र- 6 में भरकर उन्हें वोटर लिस्ट से जोड़ना है। वहीं उपायुक्त ने उपस्थित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उनके विद्यालय में पढ़ने वाले ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 01 जनवरी 2024 या 01 अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष हो रही है, उनका नाम प्रपत्र- 6 में भरकर एक सप्ताह के अंदर संबंधित प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अथवा ई.आर.ओ. को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय से जो बच्चें पास आउट होकर चले गए या ड्रॉप आउट हैं, उनको ट्रेस करते हुए प्रपत्र -6 भरकर एंट्री करने हेतु लंबित फॉर्म को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकार मोहनजी झा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### भाजपा कार्यकर्ता से मिलीं मंत्री अन्नपूर्णा देवी



**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के परसाबाद में भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी के आवास पर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की. मौके पर परसाबाद में ट्रेन का ठहराव, दुर्गा मंदिर में गेट निर्माण की मांग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई. मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव जयप्रकाश राम, शशि भूषण चौधरी, दिनेश कुमार सिंह, चंदन वर्णवाल बैजनाथ यादव, सुधीर यादव, रामचंद्र राम, अविनाश गुप्ता सुबोध भदानी आदि मौजूद रहे.

### जल जीवन योजना के कार्य में गड़बड़ी के लिए प्रमुख ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के द्वारा जल जीवन मिशन में कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगाकर सिमडेगा उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौपा है । उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा है की ठेठईटांगर पंचायत के ग्रामीण जल जीवन योजना कार्य संवेदक के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक टोला में दो से तीन घरों में ही कनेक्शन दिया जा रहा है, बाकी घरों को छोड़ दिया जा रहा है। उसमें भी 30 से 50 फीट की दूरी पर ही सरकारी पाइप दिया जा रहा है। बाकी उससे अधिक दूरी होने पर गरीब परिवार को खुद से पाइप खरीद करने की बात कही जा रही है या पाइप का पैसा वसूल करने का गलत तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत अंतर्गत जल जीवन योजना कार्य का जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए इस मामले में सभी लोगों को जल प्राप्त हो इस दिशा में पहल हो जिससे कि सरकार की इसका जानकारी योजना का लाभ मिल सके।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में सड़क सुरक्षा के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**सिमडेगा।** सिमडेगा डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के बीच बुधवार को सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया ।मौके पर मुख्य रूप से सिमडेगा पुलिस के प्रशिक्षु डीएसपी के द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के विषय पर अनेक जानकारियां साझा किया ।बच्चों ने इस विषय पर जानकारी हासिल कर सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सीनियर विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे, विद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा ने सभी बच्चों को इसके बारे में जानकारी साझा करते हुए प्रोत्साहित किया एवं सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने की बात कही ,उन्होंने बताया कि सड़क पार करते हुए या फिर किसी भी मामले में हमें यातायात नियमों को पालन करने की आवश्यकता है, क्योंकि लगातार जिस प्रकार से सड़क हादसे हो रहे हैं ।

# पत्रकार अमीर अहमद हाशमी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के खैरनटोली में मासूम क्लब द्वारा आयोजित पत्रकार आमिर अहमद हाशमी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन बुधवार को हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच कोलेबिरा बनाम घोचोटोली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलेबिरा की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 115 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी घोचोटोली की टीम ने 8.3ओवर में ही सात विकेट से उक्त मैच को जीत लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार घोचोटोली के सुशांत के दिया गया। इसक बाद खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लचरागढ़ की टीम ने निर्धारित दस ओवर मे 142 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी एसपी इलेवन सिमडेगा की टीम 91 रन ही बना पाई। 51 रनों से उक्त मैच को जीतते हुए लचरागढ़ की टीम क्वार्टर फाईनल में प्रवेश की। उक्त मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लचरागढ़ के सुमित पंडा को दिया गया। इसके बाद खेले गए पहला क्वार्टर फाईनल मैच में घोचोटोली की टीम 103 रन बना सकी। जवाबी पारी खेलने उतरी लचरागढ़ की टीम आठ ओवर में ही आठ विकेट से उक्त मैच को जीतते हुए सेमीफाईनल में प्रवेश किया। इस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार लचरागढ के सुमित पंडा को दिया गया।

### खेल के क्षेत्र में सिमडेगा का नाम है रौशन : एसपी

प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी कुमार सौरभ और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,झामुमो जिला सचिव सफीक खान,सेंट्रल अंजुमन के सदर मो.ग्यास,थाना प्रभारी जयगोविंद गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कार्यक्रम में एसपी सौरभ ने कहा कि सिमडेगा की पहचान खेल से होती है। खिलाड़ी बेहतर खेल का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। एसपी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाया जा सकता है। खिलाड़ियों को अनुशासन महान बनाता है। एसपी ने कहा कि कभी किन्ही को पुलिस की मदद चाहिए तो सीधे उनसे या उनके अधिनस्थ खिलाड़ियों से मिलकर अपनी बातों को रखें। समस्या का समाधान होगा। विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद ने कहा कि खेल के विकास के लिए सिमडेगा विधायक और उनकी सरकार कटिबद्ध है। झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। इसका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। सेंट्रल अंजुमन के सदर मो.ग्यास ने दिवंगत पत्रकार आमिर हाशमी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक बेहतर समाजसेवी करार दिया। मौके पर डा.इम्तियाज अहमद, हाजी जावेद, अरशद खान, सरफराज पिंटु, मामून, मंजुर, अहमद, अकील अंसारी, अशरफ, इरफान, रेहान, फरहान, मोईन, अब्दुल्लाह, रूस्तम सहित कई लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता का समापन 26 नवंबर को किया जाएगा।

## जलडेगा में चुआं का प्रदूषित पानी पीने को मजबूर लोग

**जलडेगा ।** प्रखंड के बाड़ीबृंगा डांग टोली में प्रशासनिक अनदेखी के कारण ग्रामीण चुवा का प्रदूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। यह परेशानी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए बनाए गए सोलर जलमीनार के खराब हो जाने से हुई। डांग टोली अनुसूचित जाति बहुल गांव है यहां सिर्फ आदिवासी लोग रहते हैं। इनका मुख्य पेशा मजदूरी करना है। जल मीनार खराब होने के कारण यहां के परिवारों को पेयजल के लिए बीस फीट गहरी खाई के नीचे खेत में बने एक चुआं से पानी लाना पड़ रहा है।

## लचरागढ में कोलेबिरा कांग्रेस की पूर्वी मंडल समिति की बैठक

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में कोलेबिरा कांग्रेस कमेटी के पूर्वी मंडल समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ एवं पंचायत,कमेटी की मजबूती को लेकर बैठक की गयी। प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्शन डुंगडुंग ने कहा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। लोग कांग्रेस पार्टी पर अभी भी भरोषा करते हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार 2014 से पहले हर विकास का काम देश के लिए किया है ।देशहित मे आगामी लोकसभा चुनाव मे बीजेपी को सत्ता से बाहर कर फिर से कांग्रेस को लाना है। बीजेपी राजस्थान ,छत्तीसगढ तथा मध्यप्रदेश की चुनाव बुरी तरह से हार रही है एवं कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

**जानकारी दी** | बानो-बांकी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

# 'सरकार की योजना का लाभ लें ग्रामीण'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के बानो व बांकी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बानो प्रखण्ड कार्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद बिरजो कंडुलना विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ,बीडीओ नईमउद्दीन अंसारी, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों को स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, इस दौरान जिला परिषद सदस्य ने लोगों को बताया कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी एवं राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का ग्रामीण अवश्य लाभ ले और उसी के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम में कई लोगो ने सरकार द्वारा दी जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास अपने जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है इस विषय पर लाभुक सुदर्शन सिंह व अधनी देवी ने अपनी अनुभव साझा किया ।वही आयुष्मान कार्ड के लाभुक स्नेहलता कंडुलना ने योजना के बारे में अपनी अनुभव साझा करते हुए जानकारी दी। वही उज्वला योजना हमारे जीवन मे किस तरह लाभकारी सिद्ध हुई इस पर लाभुक सावित्री देवी ने अपने जीवन मे हुई बदलाव के बारे में अनुभव साझा करते हुए उज्जवला गैस योजना के फायदे के बारे में जानकारी दी एवं केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया ।मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र बानो के डॉक्टर बंधनु उरांव ने जैविक खेती के बारे में जानकारी दी ।इस मौके पर बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ,फिरू बड़ाईक, महाबीर सिंह ,चारु माझी आशुतोष कुमार, लक्मी नारायण बड़ाईक, आदि लोग उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### हुलहुला खुर्द गांव में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के हुलहुला खुर्द गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी कौशल्या देवी है। उक्त महिला पारिवारिक विवाद के कारण तनावग्रस्त थी। मृतिका के पति राहुल कुमार ने बताया कि हम घर के बाहर बच्चा को खिला रहे थे। इस दौरान क्या हुआ हमें नहीं पता चला। जब अंदर जाकर देखे तो मेरी पत्नी कौशल्या फांसी के फंदे पर लटकी थी। इसके बाद उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल लाया। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर दिनेश कुमार मीणा ने उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जुआरी जगह बदल कर खेल रहे जुआ

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपावली पर्व संपन्न होने के बाउजूद जुआरियों का खुमार उतरने के बजाय और बढ़ा हुआ है। इसको लेकर बड़े पैमाने पर जुआरी बिचौलियों के बल पर दिन व रात जगह बदल बदल कर जुआ खेल रहे हैं। इसमें सीमावर्ती क्षेत्र यूपी से भी लोग जुआ खेलने आ रहे हैं। हालांकि प्रसाशन को इसकी भनक मिल चुकी है। एक दो बार छापेमारी भी पुलिस द्वारा की गई, परंतु जुआरियों का नेटवर्क मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिल पा रही है, जबकि बिचौलिया प्रशासन द्वारा चिन्हित होने के बाउजूद पकड़ से दूर है तो इसमें प्रशासन की मिलीभगत से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो लाखों के खेले जा रहे जुआ में बिचौलिया द्वारा तीस से चालीस हजार रुपये नाल के रूप में प्रति दिन निकाला जाता है। इसके एवज में खिलाड़ियों को मांस, मछली, शराब, सिगरेट सभी जुआ स्थल पर मुहैया कराया जा रहा है। जुआ प्रतिदिन जगह बदल बदल कर खेला जा रहा है ताकि पुलिस के जोखिम से बचा जा सके। इस बावत थाना प्रभारी ने पूछे जाने पर बताया कि जानकारी नहीं है। अगर ऐसा मामला है तो गश्ती दल को एलर्ट किया जायेगा।

### पूजा समिति ने प्रकट किया आभार

**लातेहार।** सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने छठ पूजा के मौके पर समिति को तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों का आभार प्रकट किया। सिंह ने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान पूरा नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी तकरीबन एक किलोमीटर की दूरी में आकर्षक विद्युत सज्जा व ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये गये थे। वाराणसी के पुरोहितों द्वारा गंगा आरती की गयी। इसके अलावा भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। इन सब आयोजन का खर्च नगर से संग्रह किये गये चंदा राशि से किया गया। छठ पूजन के आयोजन में नगर वासियों का अपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ है। सिंह ने कहा कि आगामी वर्षों में भी समिति के द्वारा इसी प्रकार की सुविधायें छठ व्रतियों को दी जायेंगी। उन्होंने समिति के तमाम सदस्यों को भी सफल आयोजन पर धन्यवाद दिया।

### पशुधन योजना के महत चार लाभुकों के बीच चूजों का किया गया वितरण



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के तहत, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन ने संयुक्त रूप से चार लाभुकों के बीच पांच-पांच सौ बायलर चूजों के साथ आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस संबंध में डॉ सुशिला बागे ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के तीन लाभुक सारो देवी ग्राम बेसरा, रुवी देवी व पुनम देवी ग्राम टुन्डाहुटु के बीच चूजों का वितरण किया। मौके पर पशु चिकित्सा कर्मी सरजु पासवान, विनोद बैठा, दिलिप सिंह व शिवनाथ यादव उपस्थित रहे।

### गढ़वा पहली बार कर रहा है किसी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी

# अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 से 26 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक तथा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया कि पहली बार गढ़वा में इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में 23 तारीख को इसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय संयुक्त रूप से 11.30 बजे करेंगे।

उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मैच चार ग्रुप में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रस्तावित प्रतियोगिता के लिए रांची, गोड्डा, खूंटी, सिमडेगा, हजारीबाग की बालक व बालिका टीमें पहुंच चुकी हैं। सभी टीमों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। तैयारी को लेकर समिति के लोग रात दिन कर लगे हुए हैं। मैच के लिए दो प्लेग्राउंड बनाए गए हैं। एक में बालक एक दूसरे में बालिका खेलेंगी। आयोजन को लेकर एक उप समिति गठित की गई है, जिसमें यातायात कमेटी में अध्यक्ष डीटीओ गढ़वा, समन्वयक आशुतोष पांडेय, सदस्य अखिलेश प्रसाद, कुलदीप कुमार शुभम कुमार, सुमित मिश्रा, राजा सिंह रवि कुमार को रखा गया। भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, कोऑर्डिनेटर रमाशंकर सिंह, सदस्य अरुण तिवारी, आशु दुबे संपत कुमार, संतोष कुमार को रखा गया है। इसी तरह भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष नवीन पाठक, कोऑर्डिनेटर शैलेश तिवारी, सदस्य अरविंद दुबे रामप्रवेश तिवारी, विवेक तिवारी चंद्र केतु कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल, ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता को रखा गया है। स्टेज व्यवस्था में कमलेश पांडेय, संजीव पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, विशाल पांडे को रखा गया है। वॉलीबॉल कोर्ट की व्यवस्था में डीएसओ गढ़वा को अध्यक्ष, प्रभात रंजन तिवारी के कोऑर्डिनेटर श्रीप्रकाश यादव, विकास तिवारी, प्रशांत कुमार ओझा समर राजा, कुलदीप कुमार गौड़ शुभम कुमार, सनी कुमार, बबलू कुमार को सदस्य रखा गया है। इसी तरह ओपनिंग क्लोजिंग सेरेमनी के लिए शैलेंद्र कुमार पाठक को अध्यक्ष, धीरज कुमार दुबे को कोऑर्डिनेटर पंकज मिश्रा, पंचम सोनी, आशु दुबे विशाल पांडेय, समर राजा को सदस्य बनाया गया है।

# खरौंधी में पारा शिक्षक की सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान के साथ विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधरी के पारा शिक्षक राजेंद्र सिंह के सेवानिवृत्ति के पश्चात बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक उमेशचंद्र पाठक ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक सिंह का कार्य अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है। शिक्षक समाज सेवक होते हैं, जीवन पर्यंत समाज को कुछ ना कुछ देते रहते हैं। सिंह के क्रियाकलाप अनुकरणीय एवं बेदाग रहा है। इनसे हम सभी शिक्षकों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर शिक्षक राजेंद्र सिंह ने विद्यालय परिवार एवं स्थानीय लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकाल के दौरान सभी का जो सहयोग मिला उसे जीवन भर नहीं भूला पाएंगे। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद कुमार ने भी सेवानिवृत्त शिक्षक के क्रियाकलापों को बेहतर बताते हुए इनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक को फूल माला तथा उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी गई।

# रांची में नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप 30 नवंबर से, 500 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन सह एशियाई साइकिलिंग कॉन्फेडरेशन के सेक्रेटरी सरदार ओंकार सिंह ने कहा कि रांची के खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 30 नवंबर से चार दिसंबर तक 75वां सीनियर, 52वां जूनियर और 28वां सब जूनियर नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से 26 टीमों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। झारखंड के 30 खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। ओंकार सिंह बुधवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सरदार ओंकार ने कहा कि रांची में जो साइकिलिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर है, उनका उपयोग होना चाहिए। इससे मेंटेनेंस भी होगा और सरकारी संपत्ति का रख-रखाव भी बेहतर तरीके से हो पायेगा। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग के लिए अनुकूल मौसम है। यहां ट्रैक के अलावा अन्य व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। साथ ही कहा कि पिछली बार के कई चैंपियन और इंटरनेशनल स्तर के साइक्लिस्ट भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। इस तरह की प्रतियोगिता होने से झारखंड के खिलाड़ियों में निखार आयेगी। यहां के खिलाड़ियों में अनुभव को कमी नहीं है सिर्फ उन्हें तराशन की कमी है। झारखंड ने कई नामी खिलाड़ियों को दिया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है। झारखंड सरकार में मंत्री मिथलेश ठाकुर आयोजन समिति के चीफ पैटर्न हैं। सांसद विजय कुमार हांसदा चैयरमैन, मधुकांत पाठक वाइस चेयरमैन और शैलेंद्र कुमार पाठक ऑर्गनाइजेशन सेक्रेटरी चुने गये हैं।

### किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू को पितृशोक भाजपा ने जताया शोक



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के पिता धनुषधारी साहू के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने शोक जताया और कहा कि भगवान दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। दुख व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश के नेताओं ने स्व धनुषधारि साहू की आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# लोगों तक सरकार की योजनाएं आसानी से पहुंचे, यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य : शांतनु ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। साहबगंज** पतन, पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्राल्शांतनु ठाकुर द्वारा साहिबगंज जिले का दो दिवसीय दौरा किया गया। इसी कड़ी में मनांनीय मंत्री श्री ठाकुर ने जिले के तालझारी प्रखंड करणपूरातो पंचायत परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री उपायुक्त साहिबगंज राम निवास यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी तलझारी सलखु हेम्ब्रम अन्य जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान माननीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन जिले में किस तरह हो रहा है। आदिवासी, दलित एवं पिछड़े लोगों तक भारत सरकार की योजनाओं के पहुंच की स्थिति क्या है इसी उद्देश्य से दौरा निर्धारित था। वहीं तालझारी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने माननीय मंत्री शांतनु ठाकुर का अभिवादन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ को लाभ देने एवं नए लाभुकों को इससे जोड़ने के लिए तथा वर्तमान में इन योजनाओं की स्थिति कैसी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन से संबंधित योजनाएं सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित पहुंच का जायजा लेने भी मंत्री जिले में आए जिनके हृदय से धन्यवाद।



# वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रखंड कार्यालय के सभागार में दूसरे बैच की चार पंचायत के 56 वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को शुरू हुआ। शिविर में मुकुंदपुर, केतार परसोडीह व लोहरगड़ा के वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से वार्ड सदस्यों के कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी गई। इस मौके प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि सभी वार्ड सदस्यों को सभी विषयों को समझ कर अपने गांव और पंचायत में विकास का नई आयाम जोड़ने के लिए काम करने को कहा गया। मौके पर प्रशिक्षक दीपक कुमार तिवारी व दुर्गेश कुमार ने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशासन की छोटी इकाई है, जो गांव का प्रतिनिधित्व करती है। पंचायत में वार्ड सदस्यों की क्या भूमिका होनी चाहिए, इन्हें पंचायत अधिनियम के तहत कौन-कौन से अधिकार दिए गये हैं, कार्य करने का क्या तरीका है इसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। गौरतलब हो कि प्रशिक्षण शिविर के पहले बैंच में परती कुशवानी, पाचाडुमर और बलिगढ़ पंचायत के 46 वार्ड सदस्यों को ट्रेंनिग दी जा चुकी है। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, बबिता देवी, सुजीता देवी, वीरबल राम, रंभा देवी, शिवदत्त मेहता, चिंता देवी, उपेंद्र बैठा, किरण देवी, मैमून बीबी आदि उपस्थित थे।

### आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक आज

**केतार।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ नंदजी राम ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन कराने को लेकर प्रखंड कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बीडीओ ने उक्त बैठक में प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, बीस सूत्री अध्यक्ष, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, चिकित्सा पदाधिकारी, शाख प्रबंधक सहित सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया है।

### अबुआ आवास योजना के लिए झारखंड राज्य का निवासी होना जरूरी

**रांची।** आवेदक को झारखंड राज्य का निवासी होना चाहिए। इस योजना का लाभ केवल आवास विहीन परिवारों (जिनके पास एक भी पक्का मकान नहीं है) को दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ जिन्हें नही मिला है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही रैंकिंग के आधार पर प्रतीक्षा सूची बना कर सुयोग्य लाभुको को लाभान्वित किया जाएगा।

**अबुआ आवास योजना के आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज:** मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता आधार से जुड़ा, जमीन का कागजात (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर, महिला के नाम से पंजीकरण, महिला न होने की स्तिथि में घर के मुखिया द्वारा नामित सदस्य हों।

### पतन, पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया साहिबगंज का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। साहबगंज**

पतन, पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के माननीय मंत्री श्री शांतनु ठाकुर द्वारा साहिबगंज जिले का दो दिवसीय दौरा किया गया। इसी कड़ी में मनांनीय मंत्री श्री ठाकुर ने जिले के तालझारी प्रखंड करणपूरातो पंचायत परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री उपायुक्त साहिबगंज राम निवास यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी तलझारी सलखु हेम्ब्रम अन्य जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान माननीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन जिले में किस तरह हो रहा है। आदिवासी, दलित एवं पिछड़े लोगों तक भारत सरकार की योजनाओं के पहुंच की स्थिति क्या है इसी उद्देश्य से दौरा निर्धारित था। वहीं तालझारी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने माननीय मंत्री शांतनु ठाकुर का अभिवादन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ को लाभ देने एवं नए लाभुकों को इससे जोड़ने के लिए तथा वर्तमान में इन योजनाओं की स्थिति कैसी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन से संबंधित योजनाएं सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित पहुंच का जायजा लेने भी मंत्री जिले में आए जिनके हृदय से धन्यवाद। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री द्वारा लाभुकों के बीच कई योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र वितरण किए गए।

**कवायद** श्री बंशीधर नगर में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम

# सरकार आपके द्वार का पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने के लिये तिथि का निर्धारण करते हुये कर्मियों को प्रतिनियुक्त कर दिया है। प्रखंड में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके लिए पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। भोजपुर पंचायत भवन में 24 नवंबर को भू अर्जन पदाधिकारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह के साथ पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे।

विलासपुर पंचायत में 28 नवंबर को पंचायत भवन म.वि. विलासपुर में भूमि सुधार उप समाहर्ता, श्री बंशीधर नगर की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कनीय अभियंता 15वें वित्त के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक श्रवण राम मौजूद रहेंगे। चितविश्राम पंचायत में 1 दिसंबर को उच्च विद्यालय चितबिश्राम में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार के साथ पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे। गरबांध पंचायत भवन में 4 दिसंबर को कार्यपालक दंडाधिकारी, श्री बंशीधर नगर हेम्ब्रोम की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कनीय अभियंता 15वें वित्त जितेंद्र कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक श्रवण राम मौजूद रहेंगे। 7 दिसंबर को पंचायत भवन हलिवंता में अनुमंडल



पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जे एस एल पी एस धनंजय कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर मौजूद रहेंगे। 11 दिसंबर को पंचायत भवन हुलहुला खुर्द में जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा राजदीप कुमार के साथ जनसेवक प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह मौजूद रहेंगे। 13 दिसंबर को उ.वि. कधवन में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड सहायक अभियंता मनरेगा उज्ज्वल कुमार के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज मौजूद रहेंगे।

16 दिसंबर को पंचायत भवन कोलझिकि में अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक लघु एवं कुटीर उद्योग सुमित कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय मौजूद रहेंगे। 18 दिसंबर को पंचायत भवन कुंबाखुर्द में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कनीय अभियंता मनरेगा रणधीर कुमार के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक संजीत कुमार मौजूद रहेंगे। 21 दिसंबर को पंचायत भवन कुशदण्ड में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल नगर उंटारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम सेविका उषा देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह मौजूद रहेंगे।

23 दिसंबर को पंचायत भवन नरही में कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम सेविका लालती देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी मौजूद रहेंगे। 26 दिसंबर को पंचायत भवन पिपरडीह में अनुमंडल पदाधिकारी नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनसेवक ज्ञानचंद केशरी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक वीरेंद्र यादव मौजूद रहेंगे।

# चतरा : अपर समाहर्ता ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। साथ ही आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने की कार्यवाही करने की बात कही गई। नगर परिषद क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या से निजात के लिए पूर्व की बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पार्किंग स्थल चिन्हित करने व सड़क की मापी करने का निर्देश दिया था। जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि प्रगति प्रतिवेदन अप्राप्त है। इसपर एसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण पृच्छा के माध्यम से जवाब मांगने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी बाजार क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले लापरवाह वाहन चालक एवं मालिक के ऊपर कार्रवाई करें। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने जानकारी दिया कि वैसे व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना स्थल से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाते है। उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसे लेकर अपर समाहर्त्ता ने सभी थाना प्रभारी सभी अंचल अधिकारी एवं सिविल सर्जन चतरा को चिन्हित कर योग्य लाभुकों को नियमानुसार लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड आदि मामलों की समीक्षा कर जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।



**ज्ञान की बात**

**छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा, अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से, तो सुकून हर पल मिलेगा !**

**- अज्ञात**

# इंसान व हाथी टकराव रुके

***हाथियों*** के महत्व के स्वीकार करने के उदेश्य से प्रत्येक वर्ष विश्व हाथी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि प्रारंभ से हाथी मनुष्य के सहचर रहे हैं। लेकिन हाल के दिनों में मनुष्य और हाथी के संघर्ष बढ़े हैं। इस कारण हाथी और मनुष्य दोनों को इसका खामियाजा उठाना पड़ा है। लापरवाही के कारण कई हाथी मौत का शिकार हुए हैं। मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम में करंट की चपेट में आने से दो बच्चे समेत पांच हाथियों की मौत हो गई। यह सीधे लापरवाही को दर्शाता है। बिजली की आपूर्ति के लिए वन विभाग ने ट्रेंच खोदकर उंचा टीला बनाकर छोड़ दिया। हाथी टीले पर चढ़ जैसे ही पार करने लगे बिजली करंट की चपेट में आ गये। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजल विभाग और वन विभाग की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण इन बेजुबान हाथियों की मौत हो गई। वैसे देखा जाये तो झारखंड वनों का प्रदेश है। यहां हाथी झुंड बनाकर इधर-उधर विचरते रहते हैं। इंसान जब उनके रास्तों में आता है तो टकराव होता है। पिछले दिनों एक सप्ताह के अंदर धनबाद और गिरिडीह में चार लोगों की जान हाथियों ने ले ली। बहरहाल देखा जाये तो विकास के नाम पर जंगल काटे जा रहे हैं। वहां खेती हो रही है। मकान बन रहे हैं। इस कारण हाथियों को भोजन और पानी की किल्लत हो गयी है। वे भोजन की तलाश में बस्तियों में आ रहे हैं। वहां इंसान के साथ इनका सामना हो रहा है। दूसरी तरफ हाथी दांत के कारण इनकी हत्या भी हो रही है। कुछ घुमंतू हाथी हैं। वे जहां रहते हैं, वह जगह तेजी से काटा जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्हें बाहर आना पड़ रहा है। यही कारण है कि मनुष्य और हाथी के टकराव होते हैं। ऐसे वक्त में यह जरूरी है कि नीति निर्धारकों को इस संघर्ष को रोकना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले जंगलों की कटाई को रोकना होगा। साथ ही हाथी तस्करों पर लगाम लगानी होगी। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि बिजली विभाग जंगलों से ले जा रहे बिजली के तारों को संभाल कर ले जायें। इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए अविलंब इस संघर्ष को रोकना चाहिए। कारण हाथी हमारे साथी हैं। यह देखा गया है कि जब आवागमन के साधन हमारे यहां नहीं थे,वैसी स्थिति में इनका उपयोग हर समय किया जाता रहा है। चाहे वह युद्व का मैदान हो या निर्माण कार्य। वैसे देखा जाये तो हाथी काफी संवेदनशील प्राणी होते हैं। होता यह है कि कई साल पहले जिस रास्ते से यह गुजरते थे वह सब इन्हें याद रहता है। गुजरते वक्त में वहां भोजन का नहीं मिलना इनके गुस्से को बढ़ा देता है। कारण उस जगह पर जहां कभी यह भोजन किये थे,वहां मकान बन गये हैं। ऐसे में उनके वन क्षेत्र में अनाधिकृत इंसान का अतिक्रमण इन्हें आक्रामक बना देता है। ऐसी स्थिति में वन विभाग सरकार से परामर्श लेकर कारिडोर बना दे। ऐसी स्थिति बन जाने पर हाथी एक जगह पर रहेगें। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी हो गया है कि हाथी और इंसान के टकराव की वजह से काफी नुकसान होता है। पिछले साल लातेहार में एक आदिवासी के घर से हजारो रूपये हाथी डकार गये थे। कोठी में रखे महुआ की गंध ने इन्हें आक्रामक बना दिया था। जिस कारण जान और माल दोनों की क्षति हुई थी।

**मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम में करंट की चपेट में आने से दो बच्चे समेत पांच हाथियों की मौत हो गई। यह सीधे लापरवाही को दर्शाता है। बिजली की आपूर्ति के लिए वन विभाग ने ट्रेंच खोदकर उंचा टीला बनाकर छोड़ दिया। हाथी टीले पर चढ़ जैसे ही पार करने लगे बिजली करंट की चपेट में आ गये।**

# युद्ध-विराम के लिए समझौते टेबल पर बैठने की पहल हो





ललित गर्ग

***इजरायल***-हमास के बीच जारी युद्ध किस करवट बैठेगा, इसकी कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता। डेढ़ माह से चल रहे इस युद्ध को विराम देने की कामना पूरी दुनिया कर रही है। सब शांति चाहते हैं, अयुद्ध चाहते हैं, अमन-चैन की भावना सभी के दिलों में है। लेकिन शांति एवं अयुद्ध की कामना के साथ कहीं-न-कहीं सोच में भयंकर भूल है। प्रतीत ऐसा हो रहा है बात युद्ध-विराम की हो और कार्य हों युद्ध के तो युद्ध-विराम कैसे होगा? इतने लम्बे युद्ध की विडम्बना यही है कि इजरायल पूरी ताकत लगाने के बावजूद अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाया है। न तो वह हमास को खत्म कर पाया है और न ही बंधक बनाये गये अपने लोगों को छुड़ा पाया है। छियालीस दिन से चल रहे इस युद्ध का एक और सार तत्व जो सामने आ रहा है वह यह कि करीब चौदह हजार लोगों की मौत हो चुकी है और इससे दोगुने घायल हुए हैं। इस युद्ध की एक और बड़ी विसंगति यही है कि मरने वालों में अधिकतर आमजन, महिलाएं और बच्चे हैं। युद्ध अनिवार्य हो सकता है, फिर भी युद्ध के बारे में उसका अंतिम सुझाव या निर्णय यही है कि युद्ध में किसी भी पक्ष की जीत निश्चित हो। लेकिन इस युद्ध में तो कोई भी जीतता हुआ प्रतीत ही नहीं हो रहा है। हिंसा एवं जनसंहार तो निश्चित है पर यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। युद्ध आज के विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। युद्ध करने वाले और युद्ध को प्रोत्साहन देने वाले किसी भी पक्ष को आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सके। निश्चित ही युद्ध तो बर्बादी है, अशांति है, विकास का अवरोध है, अस्थिरता है और जानमाल की भारी तबाही है। ऐसे युद्ध का अन्तिम निर्णय जब समझौते की टेबल पर ही होना है तो क्यों नहीं पहले ही टेबल पर बैठा जाये? युद्ध तो एक आग है, जो सब कुछ भस्म कर देती है। हम इजरायल-हमास एवं रूस-यूक्रेन के युद्ध में ऐसी ही भारी तबाही, जनसंहार एवं विभीषिका देख रहे हैं। इन दोनों युद्ध से जुड़े अनेक सवाल अहम हैं, लेकिन इनका जवाब देने वाला कोई नहीं है। दो देशों के बीच युद्ध में निर्णायक अथवा मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला संयुक्त राष्ट्र भी युद्ध समाप्त करने की अपील से अधिक कुछ नहीं कर पा रहा। भारत ने भी ऐसे अनूठे प्रयास किये, लेकिन उनकी निर्णायक भूमिका नहीं बन पायी। भले ही भारत के प्रयास सफल न हो रहे हो, लेकिन ऐसे ही प्रयासों की आज प्रासंगिकता है। इन्हीं में युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला है, जो विश्व मानवता के हित में हैं। भारत ने युद्ध विराम की कोशिशों के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी दर्शाया है। भारत ने लगातार पीड़ित लोगों की सहायता के लिये राहत सामग्री एवं दवाइयां भिजवाई है। भारत की पहल की संयुक्त राष्ट्र महासभा में रुचिरा कंबोज ने प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और सुसंगत रहा है। हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। इस्राइल और हमास के बीच पिछले कई दिनों से युद्ध जारी है, कम्बोज ने भारत के मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों को सराहा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन प्रयासों की भी सराहना की है जिनका उद्देश्य तनाव कम करना और फिलीस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करना है। कंबोज ने 70 टन आपदा राहत सामग्री पहुंचाने सहित

**हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का दृढ़ता से हमेशा विरोध करते आ रहे हैं। इस्राइल और हमास के बीच पिछले कई दिनों से महायुद्ध जारी है, कम्बोज ने भारत के मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों की सराहना की है।**

**इन दिनों**

फिलीस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इनमें दो किस्तों में 17 टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल हैं। युद्ध की स्थितियां लगातार विकराल होती जा रही है, इस संघर्ष में एक तरफ है इजरायल की सेना और दूसरी तरफ है आतंकी संगठन हमास, जो फिलीस्तीन को फिर से जिंदा करने के पक्ष में हैं। इजरायल ने हमास को नेस्तनाबूत करने की घोषणा की है, जबकि हमास ने दशकों पहले दुनिया के नक्शे से इजरायल का नामों-निशान मिटा देने की कसम खा रखी है। इस संघर्ष को लेकर दुनिया के देश भी अलग-अलग गुटों में बंट गये हैं, विरोधाभासी सोच सामने आ रही है। सब इस बात को भलीभांति जानते हैं कि ऐसे युद्ध के विनाश से उपजे हालात सदियों तक मानवता को भोगने पड़ते हैं। युद्ध भौतिक हानि एवं विनाश के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने में भी बहुत बड़ा कारण है। इससे पर्यावरण इतना प्रदूषित हो जाता है कि सालों तक इंसानों को शुद्ध सांस और भोजन मिलना मुश्किल हो जाता है। वैज्ञानिक इस बात की घोषणा कई बार कर चुके हैं कि युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने कम और दुष्परिणामों का शिकार बनने वाले संसार के सभी प्राणी होते हैं। युद्ध कितना भी लम्बा चले, उसका अंत समझौते से ही संभव है, यह अन्तिम शरण प्रारंभिक शरण बननी चाहिए। इसके लिये दुनिया की महाशक्तियों को सच्चे एवं शुद्ध मन से प्रयास करने चाहिए। गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की अपील करने वाला अमरीका, इजरायल को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करवा रहा है। वही गोला-बारूद गाजा पट्टी के निहत्थे लोगों पर दागा जा रहा है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इजरायल पर अचानक हुए हमले में ईरान का हाथ हो सकता है। ईरान के नेताओं ने हमले पर प्रोत्साहन और समर्थन के साथ युद्ध को आक्रामक बनाये रखने और इजरायल को ध्वस्त करने पर बल दे रहे हैं। हालातों को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि हालिया जंग के पीछे ईरान है और वो अपने मंसूबे में कामयाब होता दिख रहा है। निश्चित ही दोनों पक्षों के हजारों लोग पीड़ित होंगे, लेकिन जब धुआं शांत हो जायेगा, तो केवल एक ही देश के हित पूरे होंगे और वो देश है ईरान। इन हालातों में युद्ध को समाप्त करने की कोई भी पहल सार्थक साबित हो तो कैसे? इजरायल-हमास की ही तरह रूस और यूक्रेन युद्ध भी 600 से अधिक दिन से चल रहा है। इस युद्ध में दस हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इस युद्ध में एक तरफ रूस है तो दूसरी तरफ यूक्रेन है, जिसके पीछे अमरीका खड़ा है। निःसंदेह हमास ने इजरायल पर जिस तरह की बर्बरता, क्रूरता एवं अमानवीयता की, उसकी जितनी निंदा की जाय उतनी ही कम है। सवाल यह है कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में निर्दोष लोग जिस तरह से मारे जा रहे हैं, क्या बदले की कार्रवाई की आड़ में वह भी हमास जैसी बर्बरता एवं अमानवीयता नहीं है? शरणार्थी शिविरों, स्कूलों और अस्पतालों पर बमबारी को तो किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। यह भी बर्बरता ही है, जिसका समर्थन नहीं किया जा सकता। इजरायल पर हमले के लिए हमास दोषी है, तो उसे सबक सिखाया जा सकता है। लेकिन, जवाबी कार्रवाई के नाम पर निहत्थे लोगों को निशाना बनाने का तो कोई समर्थन कैसे कर सकता है? ऐसी स्थितियां तो युद्ध नीति के भी विरुद्ध है।

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने ऋषि भारद्वाज की कहानी***

**भारद्वाज ऋषि का विवाह**
भारद्वाज ऋषि का विवाह सुशीला से हुआ था और उनका एक पुत्र था गर्ग और एक पुत्री देववर्षिनी थी

**विमान शास्त्र की रचना**
ऋषि भारद्वाज ने विमान शास्त्र की रचना की थी इसका अर्थ होता है- पक्षियों के समान वेग होने के कारण इसे विमान कहते है। इस ग्रंथ में विमान चालक के लिए कई रहस्यों की जानकारी बताई गई है। इन राशियों को जान लेने के बाद ही पायलट विमान चलाने का अधिकारी हो सकता है।

**श्री राम से मिलन :** भारद्वाज ऋषि का श्री राम के साथ अनन्य अनुराग था वनवास के समय श्री राम इनके आश्रम में गये थे। भारद्वाज ने श्री राम का बड़े प्रेम से सत्कार किया था। श्रीराम ने इनसे रहने के लिए स्थान भी मांगा था तब इन्होंने अपना आश्रम ही लेने का अनुरोध किया था। श्रीराम ने इनका आश्रम लेने के लिए मना कर दिया था श्रीराम द्वारा इस प्रस्ताव को नहीं मानने पर चित्रकूट में उनके लिए व्यवस्था की थी। रावण का वध करने के बाद भी श्रीराम इनके पास आये थे। श्रीराम ने प्रसन्न होकर इन को वरदान दिया था कि जिस मार्ग से गुजरोगे उस मार्ग से वृक्षों के फल फूल बसंत के मौसम की तरह खिल उठेंगे। ऐसा कहते हैं जो द्वापरयुग में श्रीकृष्ण से भी इन की भेंट हुई थी।

**(समाप्त)**

**आइये सुने ऋषि अत्रि की कथा**
मुनि अत्रि ब्रह्मा के मानस पुत्र थे जो ब्रह्मा जी के नेत्रों से उत्पन्न हुए थे। यह सोम के पिता थे जो इनके नेत्र से आविर्भूत हुए। इन्होंने कर्दम की पुत्री अनुसूया से विवाह किया था जो एक महान पतिव्रता के रूप में विख्यात हुईं हैं।

**(क्रमशः)**

# भारत की तरह इजरायल भी करने जा रहा है गलती



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***आतंकवादी*** अंत तक आतंकी ही रहता है, बहुत कम देखा गया है कि सुधार कैंपों में रहने के बाद उसकी सोच में परिवर्तन आता है, अक्सर दिखाई यही दिया है, खासतौर पर इस्लामी आतंकवाद और नक्सलवादी विचारधारा में कि वर्षों तक सुधार गृह में रहने के बाद भी इनका मानस नहीं बदलता। बाहर आते ही ये फिर से हिंसा के अपने पुराने रास्ते पर चल पड़ते हैं। वर्षों से भारत जो गलतियां कर रहा है, वही अब इजरायल करने जा रहा है, ऐसा लग रहा है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं गुजरे हैं, भारत के मोस्ट वॉन्टेड अपराधी शाहिद लतीफ को पाकिस्तान के पंजाब में मार दिया गया। जब यह हुआ, तब भारत के संदर्भ में इसके आतंकी इतिहास की चर्चा भी होने लगी। तारीख 24 दिसंबर 1999, दिन शुक्रवार, काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़े आईसी 814 विमान को हथियारबंद आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया था। इंडियन एयरलाइंस के इस विमान में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। इस प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन आतंकियों ने छूटने के बाद किया क्या? वस्तुतः यह जानना और इससे जुड़ी जो आतंकवादियों की सूची भारत सरकार को छोड़ने के लिए दी गई थी, उसके बारे में हम सभी को जरूर जानना चाहिए। शाहिद लतीफ ने 1993 में पाक अधिकृत कश्मीर के रास्ते जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की थी, जिसे 1994 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया और आतंकी मसूद अजहर के साथ उसे 16 साल तक जम्मू की जेल में बंद रखा गया था। साल 2010 में 24 आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने उसे भी रिहा कर दिया। लेकिन क्या उसकी सोच बदली? इस्लामिक जिहाद खासकर हिन्दुओं और भारतीय सेना को अपना निशाना बनाने से वह आगे चूका? यदि इसका उत्तर खोजेंगे तो वह है नहीं। इस आतंकी से जुड़ा एक तथ्य यह भी है कि आतंकियों ने हाइजैक किये गये जिस विमान को कंधार एयरपोर्ट पर उतारा था, उसमें उन्होंने अपने 26 आतंकी साथियों की रिहाई और 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौती की मांग तत्कालीन भारत सरकार से की थी। शाहिद लतीफ भी उन 25 पाकिस्तानी आतंकियों की सूची में शामिल था। आगे जब शाहिद को 2010 में मनमोहन-सोनिया-राहुल गांधी की कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान के प्रति सद्भावना प्रेम के तहत रिहा किया, तब भी उसकी मूल इस्लामिक मजहबी कट्टरवादी आतंकी सोच में कोई परिवर्तन नहीं आया और उसने रिहा होने के छह साल बाद पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पठानकोट में दो जनवरी 2016 को एयरफोर्स एयरबेस पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। लगभग चार दिनों तक चली गोलीबारी में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। यहां थोड़ा रुकिये। गंभीरता से सोचिए, एक आतंकवादी को छोड़ने का कितना बड़ा नुकसान भारत को उठाना पड़ गया, कूटनीति के नाम पर पहले अटल सरकार, फिर मनमोहन-सोनिया की कांग्रेस सरकार के निर्णय ने भारत को कितना कष्ट में डाला है ! यह सिर्फ इस एक आतंकी के खौफनाक मंसूबों की यहां बात नहीं है। ज्यादातर हर आतंकी का इतिहास ही इसी प्रकार का है। कंधार प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन्होंने आगे क्या किया, वह भी हम सभी के सामने आज मौजूद है। भारत के कब्जे से छूटने के बाद मसूद अजहर ने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गठन किया। मसूद अजहर ने उसके बाद भारत पर सबसे ज्यादा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसमें भारतीय संसद पर हमला, मुंबई हमला, पठानकोट एयरबेस हमला और पुलवामा हमला मुख्यतः शामिल है।

**24 दिसंबर 1999 शुक्रवार, काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़े आईसी 814 विमान को हथियारबंद आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया था। इंडियन एयरलाइंस के इस विमान में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# बांग्लादेश में शेख हसीना की वापसी भारत क्यों चाहता है?



आर.के.सिन्हा

***पड़ोसी*** देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा। जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा के साथ स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव शुरू हो गये हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आये हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हरसंभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित हैं। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निर्वासित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झकझोर दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने उनका स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। उन्होंने कोलकाता के मौलाना आजाद कॉलेज से कानून की पढ़ाई की थी और वहीं छात्र राजनीति में शामिल हुए थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत-बांग्लादेश संबंध वर्तमान समय में ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। सन 1947 में धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना और 1972 में पाकिस्तान टूटा। उस टूट से निकला बांग्लादेश। पाकिस्तान में एक वर्ग बांग्लादेश से इस आधार पर नाराज रहता है कि उसने 'टू नेशन थ्योरी' को गलत साबित कर दिया। जो कभी एक थे, उनमें से एक की राह अलग है, शेष दो से। वर्तमान में पाकिस्तान के भारत और बांग्लादेश दोनों से ही बेहद तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं।

**शेख हसीना की सत्तारूढ़ लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले।**

**चुनाव**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनिल सिंह बादल*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### विभिन्न मांगों के समर्थन में किसान मजदूरों का उमड़ा जन सैलाब

**सहरसा।** बिहार राज्य किसान सभा अंचल काउंसिल महिषी सहरसा के नेतृत्व में भूमिहीनों को वास की जमीन, कोशी कटाव पीड़ित को पुनर्वास, बुढ़िया चौभागा डानैज की डुमरा नवहट्टा से कोपड़िया तक जल जमाव की समस्याओं का स्थाई निदान, बाढ़ पीड़ितों को राहत, दाखिल खारिज में धांधली पर रोक,खाद बीज की कालाबाजारी पर अंकुश , किसानों का धान का समय पर सरकारी एजेंसियों पर द्वारा न्युनतम समर्थन दर पर खरीद ,कोशी प्राधिकार कानून को लागू करने,वृद्धजनों को 3000 रुपया मासिक पेंशन सहित किसान मजदूरों के अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 8- 10 किलोमीटर की दूरी से मार्च करते हजारों की संख्या में औरत मर्द किसान मजदूर गगनचुंबी नारा लगाते अंचल सह प्रखंड कार्यालय पर रोष पूर्ण प्रदर्शन करते प्रखंड मुख्यालय में सभा में तब्दील हो गया। किसान सभा के अंचल अध्यक्ष नौशाद आलम की अध्यक्षता एवं किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव डॉ रामरेख यादव के संचालन में चले सभा को संबोधित करते सीपीएम विधायक दल के नेता सह विधानसभा सचेतक कामरेड अजय कुमार ने केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना किया। उन्होंने कहा मोदी की सरकार पूंजीपतियों एवं कारपोरेट घरानों के साथ मिलकर देश को लूट रही है।

### वन विभाग के कैम्पस से चोरी हुए सामानों को बंगाल से किया गया बरामद



**किशनगंज।** शहर के खगड़ा स्थित अनुमंडलीय कार्यालय के पीछे वन विभाग के कैम्पस से लोहे के सामानों की चोरी के मामला का उदभेदन सदर पुलिस ने कर लिया है। पुलिस की टीम ने चोरी हुए सामानों को मंगलवार की रात को बंगाल के एक कबाड़ी की दुकान से बरामद किया है। मामले में पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज किए जाने के महज आठ घण्टे के अंदर चोरी का सामान बरामद किया है। सदर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर तरुण कुमार तरुणेश के नेतृत्व में टीम बंगाल के एक कबाड़ी की दुकान में छापेमारी की गई। टीम में अवर निरीक्षक सह अनुसंधानकर्ता एस खान प्रशिक्षु अवर निरीक्षक राकेश कुमार, सूरज कुमार व अन्य पुलिस जवान शामिल थे। पुलिस की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। सोमवार को खगड़ा में वन विभाग के कैम्पस से लोहे के सामानों की चोरी का मामला प्रकाश में आया था। मामले में वन विभाग के अधिकारी के बयान पर विगत मंगलवार को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गई थी। इसके बाद एसपी डा. इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर पुलिस की टीम एसडीपीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में कांड के अनुसंधान में जुट गई और केस की पड़ताल की जाने लगी। इस दौरान पुलिस को यह सूचना मिली की चोरी हुए सामानों को सीमा के समीप बंगाल के किसी कबाड़ी की दुकान में बेचा गया है।

### नेपाल के वीरगंज में हेरोईन के साथ भारतीय युवक गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिला से सटे नेपाल के वीरगंज पुलिस ने 10 ग्राम हेरोइन के साथ एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बिहार के पूर्वी चंपारण के मोतिहारी वीरता टोला निवासी यादोलाल कुमार (25) के रूप में हुई है। नेपाल के पर्सा जिला के एसपी कोमल विक्रम शाह ने बताया कि वीरगंज के वार्ड 8 घंटा घर स्थित सड़क खंड से शंका के आधार पर युवक को नियंत्रण में ले कर जांच में क्रम में उक्त बरामदगी हुई है।युवक साइकल पर था और रक्सौल से वीरगंज कस्टम होते हुए पावर हाउस की ओर जा रहा था। उसने अपने पैंट में बने गुप्त पॉकेट में उक्त हेरोइन छिपा रखा था। कुल 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इस दिशा में जांच और अग्रेतर करवाई जारी है।एसपी श्री शाह ने बताया कि नेपाल पुलिस लगातार ड्रग्स धंधेबाजो के विरूद्ध अभियान चला रही है।इसके पूर्व 17 नवंबर को वीरगंज महा नगर पालिका वार्ड 14 स्थित गंडक चौक से परवानीपुर की ओर जा रहे एक बाईक चालक को रोक कर जांच की गई।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जायेंगी ममता बनर्जी

# वह नक्सल विरोधी व अपने अनुभवों पर देंगी व्याख्यान



**एजेंसी। कोलकाता**

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अगले साल विश्वविद्यालय में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया है। प्रो-वीसी, जोनाथन माइकी ने विगत मंगलवार को बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में इसकी घोषणा की और कहा कि सीएम ने इस निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। सीएम के प्रधान मुख्य सलाहकार और कार्यक्रम के संचालक अमित मित्रा ने घोषणा करने के लिए माइकी को मंच पर बुलाया। उन्होंने कहा, हमने उन्हें अपने विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने और उनके संघर्षों और उपलब्धियों के बारे में बोलने के लिए आमंत्रित किया है। हम उनके जीवन के प्रतिबिंब एवं नस्लवाद विरोधी और सांप्रदायिक सद्भाव पर उनके विचारों और नीतियों से प्रभावित हैं। हमारे कॉलेज में एक मजबूत भारतीय छात्रों की उपस्थिति है। हम चाहते हैं कि वह नस्लवाद विरोधी और महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दें। उनके अनुभव व विचारों का हमारे छात्र और शिक्षक अच्छा लाभ ले पायेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने बचपन के संघर्ष के बारे में बात की क्योंकि कम उम्र में उनके पिता के निधन के बाद उनकी शिक्षा में बाधा उत्पन्न हुई थी। बनर्जी ने कहा, मैं आपमें से अपने जीवन संघर्ष व राजनैतिक उपलब्धियों पर देंगी व्याख्यान कई लोगों की तरह बहुत अच्छी अंग्रेजी नहीं बोल सकती लेकिन मैं टुकड़ों में कई भाषाएं जानती हूं। यहां श्री माइकी ने कहा कि उनका परिचय मुख्यमंत्री से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र, लक्ष्मी ग्रुप के एमडी उद्योगपति रुद्र चटर्जी ने कराया था। अर्थशास्त्री, श्री माइकी जो कि कैलोग कॉलेज, ऑक्सफोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, वह वहां इनोवेशन और नोलेज एक्सचेंज के प्रोफेसर हैं। उन्होंने कहा, हमारी संक्षिप्त बातचीत हुई। मैंने उन्हें हमारे विश्वविद्यालय में आकर व्याख्यान देने का प्रस्ताव दिया, वह सहमत हो गयी, जिसके बाद उनके सलाहकार ने मुझसे घोषणा करने के लिए कहा।

### शहीद सीआरपीएफ के जवान को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**रीवा।** त्योंथर नगर पंचायत के वार्ड नं 8 में शहीद सीआरपीएफ के जवान को थाना प्रभारी सोहागी की अगुवाई में शहीद अशोक पाल को सीआरपीएफ के जवानों के साथ - साथ गांव के लोगों ने भी नम आंखों से सलामी दी। शहीद के शव को देखने के लिए जन समूह का हुजूम उमड़ पड़ा। त्योंथर की माटी में जन्मे अशोक कुमार पाल को बचपन से ही फौजी बनने की ललक थी। पिता हीरा लाल पाल के तीन बेटों में सबसे छोटा बेटा अशोक कुमार पाल सीआरपीएफ ने सीआरपीएफ में भर्ती होकर गांव का नाम रोशन किया। शहीद अशोक कुमार पाल जिस गांव के रहने वाले थे उस गांव की बात करें तो जैसा गांव की माटी ने 7 से 8 फौजी जवान दिए है। शहीद अशोक कुमार पाल के पिता ने बताया कि बेटा तीन-चार महीने से बीमार चल रहा था। मेरे बेटे ने अभी दो-तीन दिन पहले ही भोपाल में जाकर सीआरपीएफ हेड क्वार्टर में जॉइनिंग की और जॉइनिंग के 1 दिन बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और भोपाल में ही भर्ती कराया गया था, इलाज के दौरान हमारे बेटे की मृत्यु हो गई।

## खेलते-खेलते फरार्टा पंखे से चिपके

# चारों भाई-बहन की हुई दर्दनाक मौत, सदमे में पिता ने खाया जहर



**एजेंसी। उन्नाव**

यूपी के उन्नाव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 4 भाई और बहन की करंट लगने से मौत हो गई। जिसके बाद आहत पिता ने जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। हालत खराब होने पर मृत बच्चों के पिता को अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। खास बात ये है कि पिता की हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। मामला बारासगवर थाना के लालमन खेड़ा गांव का है। यहां रहने वाले वीरेंद्र कुमार के 4 मासूम बच्चों की मौत बिजली का करंट लगने से हुई थी। पुलिस के अनुसार घर के अंदर फरार्टा पंखा रखा था। रविवार शाम 4 बजे के करीब बिरेंद्र के चारों बच्चे खेल रहे थे, तभी अचानक एक बच्चे ने पंखा छू लिया। पंखे में करंट था जिसकी वजह से बच्चा उसकी चपेट में आ गया। उसकी चीख सुनकर पास में मौजूद तीन अन्य बच्चे भी उसके पास पहुंच गए और एक के बाद एक सभी करंट की चपेट में आ गए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में नई तकनीकों से भी परिचित हो रहें हैं किसान

**रांची।** झारखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कई नवीनतम तकनीकों से भी किसानों को रुबरु कराया जा रहा है। झारखंड के विभिन्न जिलों में भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीनस्थ कार्य करते हुए इफको द्वारा ड्रोन तकनीक के जरिए खेतों में नैनो यूरिया, डीएपी एवं इफको सागरिका तरल समेत उर्वरक और दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खूंटी के तोरपा, दियांकेल और बारकुली के पास नवनिर्मित किसान पाठशाला में ड्रोन स्प्रे के माध्यम से टमाटर, मटर और आलू के खेत में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका का छिड़काव किया गया। इस दौरान पहली बार तोरपा प्रखण्ड और आसपास के किसानों ने खेतों में ड्रोन स्प्रे का प्रैक्टिकल डेमोस्ट्रेशन देखा। वहीं 21 नवंबर को गुमला जिला के भरनो प्रखंड के दुम्बो पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत किसान हरिया महतो, विष्णु महतो, देव शरण महतो कुल 2 एकड खेत में खड़ी फसल सब्जी मटर, आलू एवं मक्का में इफको नैनो यूरिया, इफको नैनो डीएपी एवं इफको सागरिका तरल का स्प्रे कराकर उपस्थित अन्य सभी किसानों को कृषि में ड्रोन एवं तरल उर्वरकों के महत्त्व के प्रति जागरूक किया गया। इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने बताया कि इस तकनीक के कई फायदे हैं और कम उर्वरक के इस्तेमाल के बावजूद पैदावार अधिक होती है।

## बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण लागू, सरकारी नौकरियों में मिलेगा बड़ा फायदा

# राज्यपाल ने दी विधेयकों को मंजूरी




**एजेंसी। पटना**

बिहार में सेवाओं और शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर 75 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया है। राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर के हस्ताक्षर और गजट अधिसूचना के साथ ही राज्य की सरकारी सेवाओं और सरकारी शिक्षण संस्थानों के दाखिले में आरक्षण की नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। विधेयक के अनुसार प्रोन्नति के मामले में सिर्फ अजा एवं अजजा को विशेष सुविधा मिलेगी। आरक्षण की ये सुविधा सीधी भर्ती में मिलेगी। बिहार विधानसभा में नौ और विधान परिषद में 10 नवंबर को इन विधेयकों सर्व सम्मति से स्वीकृति मिली थी। विधानसभा सचिवालय ने 12 नवंबर को इन्हें राज्यपाल के पास भेज दिया था। उसी दिन राज्यपाल के पास कुल छह विधेयक गए थे। इनमें से चार 14 नवंबर को लौट आए थे। राज्य सरकार की गजट अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल ने आरक्षण विधेयकों पर 18 नवंबर को हस्ताक्षर किया। उसकी प्रति मंगलवार को राज्य सरकार को मिली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 16 नवंबर को आयोजित उद्योग विभाग के समारोह में अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल से आग्रह किया था कि वे आरक्षण विधेयक पर अपना हस्ताक्षर कर दें। उनके आग्रह के दो दिन बाद राज्यपाल ने इन विधेयकों पर हस्ताक्षर किया। राज्य सरकार ने जाति आधारित गणना में मिले जातियों के नवीनतम आंकड़े के आधार नई आरक्षण नीति लागू किया है। गणना में समाज के हरेक नागरिक और परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया है।

### हरियाणा में आरक्षण कानून रद्द होने से उद्यमी खुश, अब निगाहें सरकार के अगले कदम पर

गुरुग्राम। हरियाणा में निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने पर गुरुग्राम के उद्यमियों ने स्वागत किया है। हालांकि सरकार की ओर से हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात सामने आने पर उद्यमियों की निगाहें अब आगामी कार्रवाई पर लगी हैं। उद्यमियों की मानें तो आरक्षण रहता है तो काबिल कर्मचारी चुनने में परेशानी आती है। हरियाणा के मूल निवासियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण के लिए हरियाणा सरकार ने स्टेट एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट एक्ट 2020 बनाया था। हाल ही में हाई कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। इस पर गुरुग्राम के उद्यमियों को काफी राहत मिली थी। इस बीच सरकार की ओर से कहा गया कि हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर रही है और स्टडी के बाद सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इस बात के सामने आने के बाद अब उद्यमियों की निगाहें सरकार की ओर से की जाने वाली तैयारी व फैसले पर टिकी है।

### पति और बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला

**बरेली।** जिले में पति- पत्नी और वो का मामला सामने आया है। महिला की जिद की वजह से मामला फरीदपुर कोतवाली में पहुंच गया जहां दिन भर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पति के साथ ही मायके के लोग भी मनाने में जुटे रहे, लेकिन वह प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही।

दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है प्रेमी : हरदोई निवासी महिला पति के साथ हरिद्वार में एक फैक्ट्री में काम करती थी, जहां उसकी मुलाकात फरीदपुर निवासी युवक से हुई जो दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। दोनों एक दूसरे के संपर्क में आ गए और नजदीकियां बढ़ गईं। वह प्रेमी के साथ फरीदपुर आकर उसके घर रहने लगी। पति ने हरदोई में पत्नी को ले जाने की एफआईआर दर्ज कराई और तलाश करते हुए फरीदपुर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस प्रेमिका और प्रेमी को थाने ले आई। जहां महिला के मायके वाले और पति भी कोतवाली में पहुंचे। पति के साथ साथ मायके वाले भी महिला को मनाने में जुटे रहे लेकिन वह प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।

# आज नशामुक्त बिहार मिनी मैराथन का होगा आयोजन

**एजेंसी। किशनगंज**

मद्य निषेध, उत्पाद एवम निबंधन विभाग, बिहार तथा कला, संस्कृति एवम युवा विभाग, बिहार के निदेर्शालोक में ह्यह्यनशामुक्त बिहार मिनी मैराथनह्लह्ल के आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को प्रातः 7 बजे प्रतिभागी दौड़ेंगे। डीएम तुषार सिंगला के नेतृत्व में दौड़ का आयोजन होगा। 23 नवंबर को प्रातः 07 बजे जिला मुख्यालय स्थित अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम खगड़ा में नशा मुक्त बिहार मिनी मैराथन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। मद्य निषेध विभाग के द्वारा नशा मुक्ति हेतु प्रचार-प्रसार की कड़ी में इस मिनी मैराथन के माध्यम से लोगों में संदेश दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में किशनगंज जिला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिला के निवासी भाग ले रहे हैं। लगभग दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने निबंधन कराया है। मैराथन दौड़ का आयोजन पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों का एक साथ किया जाएगा। 14 वर्ष और उससे अधिक उम्र के पुरुष एवं महिला दोनों आयुवर्गों के लोग 05 कि.मी. तक दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को अपने परिचय पत्र, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, दौड़ के समय साथ लाना अनिवार्य होगा। यह दौड़ पुरुष तथा महिला वर्ग में अलग-अलग कोटि अनुसार आयोजित की जाएगी। खगड़ा स्टेडियम के मुख्य द्वार से दौड़ प्रारंभ होगा, निर्धारित रूट पर मैराथन दौड़ कराते हुए पुनः बदले हुए मार्ग से समाप्ति खगड़ा स्टेडियम में की जाएगी। 5 किलोमीटर दौड़ का मैराथन रूट जारी करते हुए बताया गया कि 5 किलोमीटर दौड़ का स्टार्ट प्वाइंट स्टेडियम गेट होगा। स्टेडियम मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर दौड़ कालू चौक की तरफ के मार्ग पर प्रस्थान करेगी, सर्किट हाउस होते हुए खगड़ा मेला गेट के रास्ते ऊपर सर्विस रोड के लिए मंदिर के तरफ प्रस्थान करेगी, फिर दाहिने होकर व्यवहार न्यायालय सड़क से होते हुए डुमरिया मोड़ पर इंडोर स्टेडियम के मार्ग पर प्रस्थान होगा।

### बीपी प्रीमीयर लीग पांचवें संस्करण में चैंपियन बनी गुड्डू गैंबलर्स की टीम

**बेगूसराय।** जिला मुख्यालय के वीपी इंटर स्कूल के मैदान में चल रहे बी.पी. प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण में तौफीक टर्मिनेटर को छह विकेट से हारकर गुड्डू गैंबलर्स की टीम चैंपियन बन गई है। गुड्डू इस संस्करण के सबसे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन गए हैं। वाई.एस.सी.एसी. क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित बी.पी. प्रीमीयर लीग के पांचवें संस्करण के फाइनल के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तौफीक टर्मिनेटर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर के मुकाबले में आठ विकेट खोकर 161 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी कर रहे तौफीक टर्मिनेटर टीम की ओर से दिलीप ने 34 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। वहीं, कप्तान तौफीक ने 15 गेंद में 31 रन का योगदान दिया। गुड्डू गैंबलर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए निशांत ने तीन विकेट एवं अभिषेक ने महत्वपूर्ण दो विकेट झटके।

# तीसरे दिन नहर में डूबे बालक का मिला शव



**एजेंसी। अररिया**

फारबिसगंज के चौरा परवाहा पुल नहर में डूबे 8 साल के शिवम का शव तीसरे दिन बुधवार को मिला।स्थानीय गोताखोरों ने डूबे बालक के शव को खोज निकाला। जबकि तीन दिनों से एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च अभियान में लगी थी। बुधवार के दोपहर को एसडीआरएफ के जवान खोजबीन में थक गए तो दोपहर बाद स्थानीय गोताखोर नहर में उतरकर डूबे बालक के खोजबीन में जुटे। परिणामस्वरूप तीसरे दिन डूबे बालक का सुराग पाने में स्थानीय गोताखोर कामयाब हुए और शव को बाहर निकाला।इस दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। उल्लेखनीय है कि भागकोहलिया पंचायत के वार्ड संख्या तीन के रहने वाले किसान जीतन मंडल का आठ साल का पुत्र शिवम सोमवार को अपने दोस्तों के साथ नहर के समीप ही खेल रहा था।इसी दौरान नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया।जिसके बाद हादसे की जानकारी दोस्तों ने शिवम के परिजनों को दी।परिजनों की ओर से ग्रामीण जनप्रतिनिधि को सूचना देने के बाद प्रखंड प्रमुख सुरेश पासवान,मुखिया प्रतिनिधि मो.रियाज मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को हादसे की सूचित करते हुए स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन का काम शुरू करवाया।मगर कोई सफलता नहीं मिलने पर सर्च अभियान के लिए एसडीआरएफ जवानों को लगाया गया।जिनके द्वारा पिछले तीन दिनों से नहर में खोजबीन की गई। बुधवार को एसडीआरएफ जवानों के सर्च के बाद हाथ खड़ा करने के बाद लोकल गोताखोर फिर से डूबे बालक के खोजबीन में लगे।थोड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने नहर में डूबे शिवम के शव को बाहर निकाला।जिसके बाद परिजनों में शोक छा गया।सभी चित्कार करने लगे।जिससे मौके का माहौल काफी गमगीन हो गया।

# कुख्यात साइबर ठग मुन्ना उर्फ बौना गिरफ्तार, 70 हजार लगाया था चूना



**एजेंसी। नवादा**

नवादा साइबर थाने की गठित विशेष टीम ने बुधवार को छापेमारी कर कुख्यात साइबर ठग मुन्ना उर्फ बौना को नेमदारगंज थाने के बेलाटांड़ गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।इसके पूर्व खाते में रुपए स्थानांतरित कर पाने वाले नवादा नगर के मिजार्पुर निवासी रितेश कुमार तथा सूरज कुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। नवादा साइबर थाने के प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रिया ज्योति द्वारा गठित विशेष जांच दल के सदस्य और पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन मंडल ने बताया कि साइबर थाना कांड संख्या 8/23 ,16/23 तथा 18/23 के वैज्ञानिक जांच के क्रम में पाया गया कि बेलाटांड़ के मुन्ना उर्फ बौना ने वादी के खाते से 40000 ,10000 तथा 20000 रुपए तीन तिथि में निकाली है। उसने 70 हजार रुपए का चूना लगाया है।इस रुपए को सूरज तथा रितेश के खाते में स्थानांतरित किए गए थे। घटना में शामिल सूरज तथा रितेश को 14 नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना के किंग पीन मुन्ना कुमार उर्फ बौना फरार चल रहा था ।जिसे गठित 6 सदस्य टीम ने छापेमारी कर बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

### 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते स्वास्थ्य अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ा

**खरगोन।** जिले में एक स्वास्थ्य अधिकारी को लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है बता दें कि आवेदक के अनुसार वह उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है आवेदक की पत्नी का देहांत हो जाने से वह दो माह अवकाश पर था। जिसके कारण उसके दो माह के वेतन का भुगतान बीएमओ कार्यालय झिरनिया द्वारा रोक दिया गया था, रुकी हुई वेतन तथा अन्य भुगतान जो की लगभग 1,33,000/ था को निकालने के एवज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिरनीया में पदस्थ लेखापाल आनंद कनेल के द्वारा 56,000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। यह शिकायत आवेदक द्वारा लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की गई थी आवेदक द्वारा की गई उक्त शिकायत के सत्यापन के दौरान सही पाए जाने पर आज 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए आरोपी को ट्रैप किया गया।

# सपा को नई बुलंदियों पर पहुंचाना ही नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : अखिलेश यादव



**एजेंसी। ईटावा**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि पार्टी संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के बताए हुए रास्ते पर चलकर सपा को नई बुलंदियों पर पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अखिलेश ने पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अपने दिवंगत पिता मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पैतृक गांव सैफई में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कहा, "नेता जी (मुलायम सिंह यादव) ने ऐसे-ऐसे फैसले लिए, जिन्होंने देश की राजनीति को मोड़ने का काम किया।" उन्होंने कहा कि, ह्यह्ययहां जितने भी लोग बैठे हैं उन सबके पास नेताजी की कुछ न कुछ यादें हैं। आज नेताजी हमारे बीच नहीं हैं। नेताजी ने खुशहाली और विकास का जो रास्ता दिखाया, वंचितों को सम्मान दिलाया, हम इस रास्ते पर चलकर इस विचारधारा को और मजबूत करेंगे और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । सपा प्रमुख ने कहा कि, "मुझे भरोसा है कि हमेशा देश या फिर लोकतंत्र पर जब कभी कोई संकट आया तो नेताजी ने सामने खड़े होकर उस संकट से बचाने का काम किया है। समाजवादी लोग भी समाजवादी विचारधारा को और मजबूत बनाने का काम करेंगे।" अखिलेश ने सैफई में बनने जा रहे मुलायम सिंह यादव के स्मारक का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्थान बनेगा और यह एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने कहा कि मुलायम सिंह यादव राजनीति में भले ही कितनी भी ऊंचाई पर पहुंच गए हों लेकिन वह अपने पुश्तैनी गांव सैफई को कभी नहीं भूले। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने सुझाव दिया कि उनका स्मारक लखनऊ में बनना चाहिए लेकिन बाद में यह तय किया गया कि जिस सैफई की मिट्टी में खेलकर मुलायम बड़े हुए और राजनीति की, वहीं पर उनका देश का सबसे बेहतरीन स्मारक बनेगा।

### सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई आठ

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के रैपुरा क्षेत्र में विगतूद मंगलवार को रोडवेज बस और बोलेरो के बीच भिड़ंत में घायल एक और यात्री की बुधवार को मौत हो गई, इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 8 हो गई है। मृतकों में 7 यात्री एक ही परिवार के हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर मानिकपुर तहसील के ग्राम पंचायत बगरेही के पास कल चित्रकूट से प्रयागराज जा रही जनरथ बस और बोलेरो के बीच आमने सामने की भिड़ंत में पांच यात्रियों की मौके पर मौत हो गई थी जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायलों को प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात दो और घायलों की मौत हो गई थी जबकि आज भोर एक अन्य यात्री ने दम तोड़ दिया।

## बंगाल वॉरियर्स ने मनिंदर सिंह को बनाया कप्तान



**कोलकाता।** प्रो कबड्डी लीग का बहुप्रतीक्षित 10वां सीजन नजदीक है और पूर्व चैंपियन बंगाल वॉरियर्स इसे सनसनीखेज बनाने के लिए उत्सुक हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बंगाल वॉरियर्स ने आगामी सीजन के लिए शीर्ष रेडर मनिंदर सिंह को अपना कप्तान नियुक्त किया है, जो 2 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। मनिंदर, जो 2017 से बंगाल वॉरियर्स के साथ हैं, ने 2019 में अपने पहले प्रो कबड्डी लीग खिताब के लिए टीम की कप्तानी की थी।

# वनडे रैंकिंग में कोहली तीसरे स्थान पर, गिल टॉप पर बरकरार



**एजेंसी। दुबई**

वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत के बल्लेबाज विराट कोहली वनडे खिलाड़ी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, उनके साथी शुभमन गिल ने शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। कोहली ने हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ 765 रन बनाए और इससे दाएं हाथ के बल्लेबाज को तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद मिली और गिल के केवल 35 रेटिंग अंक के भीतर, जो बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर रहे।

गिल 826 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, वह पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से थोड़ा आगे हैं, जो 824 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हालाँकि, विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कोहली (791 अंक) और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (अब 769 अंकों के साथ चौथे स्थान पर, एक स्थान ऊपर चढ़कर) करीब आ रहे हैं।

कोहली विश्व कप में तीन मौकों पर तिहरे आंकड़े तक पहुंचे और अपने पूर्व साथी सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा, जबकि रोहित ने 597 रन बनाए और भारत की जोड़ी ने टूनार्मेंट को दो प्रमुख रन स्कोरर के रूप में समाप्त किया। कोहली ने 2017 और 2021 के बीच लगभग चार वर्षों के शासनकाल के दौरान लगातार 1258 दिनों तक नंबर 1 रैंकिंग हासिल की, हाल के वर्षों में बाबर ने प्रमुख पद पर अधिकांश समय बिताया, जब तक कि गिल ने विश्व कप के दौरान शीर्ष बिलिंग हासिल की।

भारत की जोड़ी के बढ़ने का मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के डेरिल मिशेल विश्व कप में अपने 552 रनों के दम पर पांच स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

सबसे उल्लेखनीय प्रस्तावक ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड हैं, जो विश्व कप फाइनल में अपने उत्कृष्ट शतक और प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद प्रभावशाली 28 स्थानों की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।


गेंदबाजी चार्ट में, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज शीर्ष पर बने हुए हैं, भारत की जोड़ी मोहम्मद सिराज (तीसरे) और जसप्रीत बुमराह (चौथे) एकदिवसीय गेंदबाजों के लिए शीर्ष 10 में मजबूती से कायम हैं, जबकि टीम के साथी कुलदीप यादव एक स्थान गिरकर छठे स्थान पर आ गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी अपने सफल विश्व कप अभियान के बाद रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चार पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर, उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आठ पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस सात पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर हैं। विश्व कप के समापन पर ऑलराउंडरों की वनडे रैंकिंग के शीर्ष 10 में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है, बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर दो स्थान गिरकर सातवें स्थान पर और बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए।

# रायपुर में 1 दिसंबर को होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच

**एजेंसी। रायपुर**

वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच के बाद भारत एक बार फिर रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के सामने होगा हैं। इस मैच के लिए जिला प्रशासन ने भी अनुमति दे दी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 नवंबर से टी-20 के पांच मैचों की शृंखला शुरू हो रही है। इस शृंखला का चौथा मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को होगा। खबर है कि रायपुर में रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे स्टार क्रिकेटर नहीं आएंगे। स्टेडियम में रखरखाव का काम जारी है। पूर्व क्रिकेटर






कपिल देव की कंपनी देव मस्को के एक्सपर्ट रायपुर पहुंचे हैं। यह टीम लाइट्स को दुरुस्त करने का काम कर रही है। इस मैच के लिए बुधवार को प्रशासन की टीम स्टेडियम का निरीक्षण करेगी। इस मैच के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। शृंखला का पहला मुकाबला 23 नवंबर को राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापटनम में होगा। दूसरा मुकाबला 26 नवंबर, रविवार, ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम, तिरुवनंतपुरम में खेला जायेगा। तीसरा मुकाबला 28 नवंबर, मंगलवार, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी, चौथा मुकाबला 01 दिसंबर, रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम और पांचवा मुकाबला 3 दिसंबर को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, हैदराबाद में खेला जाएगा।

# आईपीएल नीलामी के लिए 10 क्रिकेटरों को किया शॉर्टलिस्ट

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुल 10 क्रिकेटरों को आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो 19 दिसंबर को दुबई में होगी। मुख्य फ्रेंचाइजियों ने इन 10 खिलाड़ियों में दिलचस्पी दिखाई है, जिनके पास अगले साल के आईपीएल में खेलने का अच्छा मौका है। इस बार आईपीएल नीलामी के लिए कुल 590 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जम्मू-कश्मीर से आने वालों में मुजतबा यूसुफ, रसिख सलाम, परवेज रसूल, कमरान इकबाल, फाजिल राशिद, हेनान मलिक, आबिद मुश्ताक, नासिर लोन, औकिब नबी और विवरांत शर्मा शामिल हैं। मुजतबा कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ




नेट बॉलर रह चुके हैं और इस बात की पूरी संभावना है कि इस बार उन्हें किसी एक टीम में स्थायी जगह मिल सकती है। उम्र में हेराफेरी के आरोप में प्रतिबंधित होने से पहले रसिख सलाम ने मुंबई इंडियंस अकादमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण लिया। पिछली तीन नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद परवेज रसूल ने एक बार फिर अपना नाम 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर नीलामी के लिए रखा है। आबिद मुश्ताक, औकिब नबी और नासिर लोन को विभिन्न फ्रेंचाइजी द्वारा ट्रायल के लिए बुलाया गया है। जम्मू-कश्मीर के दो क्रिकेटरों - अब्दुल सलाद और उमरान मलिक - को सनराइजर्स हैदराबाद ने 4-4 करोड़ रुपये में टीम में बरकरार रखा है। जो मायने रखता है वह आज लाखों ट्रांस महिलाओं को भेजा जा रहा संदेश है, एक संदेश जिसमें कहा गया है कि हम उनके नहीं हैं। मैं वादा करती हूं कि मैं अपने खेल में समानता के लिए लड़ना बंद नहीं करूंगी, हम सर्वोच्च स्तर पर क्रिकेट खेलने के अधिकार के हकदार हैं।हम खेल की अखंडता या सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। मैकगैही ने छह टी20 मैच खेले और 19.66 की औसत और 95.93 की स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए।

## राजस्थान रॉयल्स में जाने के लिए तैयार आवेश खान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेज गेंदबाज अवेश खान लखनऊ सुपर जायंट्स से राजस्थान रॉयल्स में जाने के लिए तैयार हैं, वहीं जायंट्स ने आवेश के बदले राजस्थान से शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को ट्रेड किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी पिछले सप्ताह ट्रेड पर सहमत हुए थे और बीसीसीआई इस सप्ताह स्वैप पर मुहर लगाने के लिए तैयार है। आवेश, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली टी20 शृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं, को सुपर जायंट्स ने 2022 की मेगा नीलामी में 10 करोड़ रुपये (लगभग 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में खरीदा था। इस बीच, रॉयल्स ने पडिक्कल के लिए 7.75 करोड़ रुपये (लगभग 945,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया। दोनों खिलाड़ियों को इस साल संबंधित फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किया है। पडिक्कल ने 2022 (17) में अपनी टीम के लिए हर मैच और 2023 में 11 मैच खेलने के बावजूद, रॉयल्स द्वारा उन्हें सौंपी गई शीर्ष क्रम की भूमिका को पूरा करने के लिए संघर्ष किया।

# नॉर्दर्न ब्रेव ने महिला सुपर स्मैश टूर्नामेंट के लिए चमारी अटापट्टू के साथ किया करार

**एजेंसी। वेलिंगटन**

नॉर्दर्न ब्रेव ने 2023-24 महिला सुपर स्मैश टूर्नामेंट के लिए बेहतरीन फॉर्म में चल रही श्रीलंकाई बल्लेबाज चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। श्रीलंकाई दिग्गज अटापट्टू सिडनी थंडर के लिए डब्ल्यूबीबीएल में खेल रही हैं, और वर्तमान में टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 पारियों में 45.10 के औसत और 134.62 के स्ट्राइक रेट के साथ 451 रन बनाए हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स की बेथ मूनी, इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिनके नाम 12 पारियों में 535 रन हैं। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स द्वारा जारी एक बयान में, उन्होंने



कहा कि वह इस अवसर को लेकर अति उत्साहित हैं। अटापट्टू दिसंबर के अंत में नॉर्दर्न ब्रेव कैंप में शामिल होंगी। आयरलैंड की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्दर्न ब्रेव की कप्तान एमियर रिचर्डसन ने बयान में कहा, हम चमारी को ग्रुप में शामिल करने के लिए उत्साहित हैं। वह पिछले कुछ महीनों से शानदार फॉर्म में है और वर्तमान में डब्ल्यूबीबीएल में अपना क्लास दिखा रही है, इसलिए हम उसकी मारक क्षमता को अपने लाइनअप में जोड़ने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, चमारी की हरफनमौला क्षमता सुपर स्मैश के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त होगी और हाथ में बल्ले और गेंद दोनों के साथ उनका प्रदर्शन हमारी टीम के लिए अच्छा होगा। नॉर्दर्न ब्रेव का सुपर स्मैश अभियान 22 दिसंबर को पुरुषों की ब्रेव टीम के साथ डबल-हेडर के हिस्से के रूप में शुरू होगा। महिला टीम सेडॉन पार्क में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स हिंड्स और पुरुष टीम स्टैग्स से भिड़ेगी। चमारी के 2 जनवरी को वेलिंगटन ब्लेज के खिलाफ मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## शेखर बोस पहली बार हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे




**आरएनएम। रांची**

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष का कार्यभार भोलानाथ सिंह जी का संभालने के बाद झारखंड वॉलीबाल संघ के शेखर बोस पहली बार हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी ने उन्हें एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का शुभंकर जूही और स्टिक देकर सम्मानित किया। उनके साथ ही झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सीडी सिंह, एसके पांडे राजेंद्र सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई खेल प्रशासक भी हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे थे सभी खेल प्रशासको को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी ने एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी के शुभंकर जूही और हॉकी स्टिक भेंट कर स्वागत किया।

# गौतम गंभीर एलएसजी छोड़कर बतौर मेंटर केकेआर में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व सलामी भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का साथ छोड़ दिया है और अब वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ बतौर मेंटर जुड़ गए हैं। केकेआर ने बुधवार को फ्रेंचाइजी के मेंटर के रूप में गंभीर की वापसी की घोषणा की। गंभीर मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ हाथ मिलाएंगे। इससे पहले, गंभीर 2011 से 2017 तक कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे थे, जिसे केकेआर का स्वर्णिम काल माना जाता है। इस अवधि के दौरान, टीम ने दो बार इंडियन प्रीमियर



लीग (आईपीएल) जीता, पांच बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची। अपनी वापसी पर गंभीर ने कहा कि इस कदम ने उन्हें भावुक कर दिया क्योंकि वह अपनी पूर्व टीम में वापसी करेंगे। गंभीर ने यह भी कहा कि वह न केवल फ्रेंचाइजी बल्कि 'सिटी ऑफ जॉय' में वापस आ रहे हैं। केकेआर द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में गंभीर ने कहा, मैं भावुक व्यक्ति नहीं हूं और बहुत सी चीजें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। लेकिन ये अलग है, यह वहीं पर वापस आ गया है जहां से यह सब शुरू हुआ था। आज, जब मैं एक बार फिर उस बैंगनी और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने के बारे में सोच रहा हूं तो मेरे गले में रुंधन और दिल में आग है। मैं न केवल केकेआर में वापस आ रहा हूं बल्कि मैं जॉय के शहर में वापस आ रहा हूं।

### पीसीबी के युवा खिलाड़ियों पर भड़के जावेद मियांदाद

**कराची।** पाकिस्तान के महान खिलाड़ी जावेद मियांदादको लगता है कि सरफराज अहमद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए नवनियुक्त शान मसूद की तुलना में बेहतर उपयुक्त थे। मियांदाद ने कराची में मीडिया से कहा कि सरफराज अहमद को न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया जाना चाहिए, बल्कि उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तान भी बनाया जाना चाहिए था। यह स्पष्ट है कि सरफराज एक अनुभवी क्रिकेटर हैं और उन्होंने पहले भी पाकिस्तान के लिए कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और अगर उन्हें कप्तान बनाया गया होता तो यह ऑस्ट्रेलिया में टीम के लिए महत्वपूर्ण होता, जो दौरे के लिए एक कठिन जगह है।

# एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं : हार्दिक सिंह

**एजेंसी। बेंगलुरु**

चोट के कारण एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला से बीच में ही बाहर होने से लेकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने तक, 2023 भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह के लिए एक उतार-चढ़ाव वाला वर्ष बन गया है। उन्हें एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2023 के लिए नामित किया गया है, जिससे यह साल उनके लिए और भी खास हो गया है। उन्होंने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 के लिए नामित होने पर मैं



आश्चर्यचकित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसी मान्यता प्राप्त करना एक खिलाड़ी के रूप में आपके सपनों में से एक है। यह निश्चित रूप से आपको और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। हालाँकि, उन्होंने स्वीकार किया कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं था और वह और बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि यह मेरा सबसे अच्छा साल था। मैं और भी बेहतर कर सकता था, खासकर विश्व कप के दौरान, जहां इतने महत्वपूर्ण चरण में चोट लगना दिल तोड़ने वाला था। लेकिन, कुल मिलाकर, मैं खुश हूं एफआईएच प्रो लीग अभियान, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ यह साल मेरे बेहतर गुजरा।" मिडफील्ड में अपने तेजतर्रार प्रदर्शन और हाल के वर्षों में भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक बनने के साथ, 25 वर्षीय खिलाड़ी प्रमुखता से उभरे हैं।

**24वां जोधपुर पोलो सीजन** | **नीला शहर अपने वार्षिक पोलो उत्सव के लिए तैयार, महाराजा गजसिंह बोले**

# पोलो महोत्सव पर्यटन आकर्षण को बढ़ाता है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

1 दिसंबर से 14 जनवरी 2024 तक राजस्थान का जोधपुर पोलो दुनिया का केंद्र होगा। वायु सेना रोड, पाबूपुरा पर महाराजा गज सिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, जोधपुर पोलो सीजन के 24वें संस्करण का गवाह बनेगा, जो जोधपुर पोलो और घुड़सवारी संस्थान द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है।



### सीजन में एक आकर्षक लाइन-अप है

तीन आईपीए 8 गोल टूर्नामेंट, तीन कम लक्ष्य वाले क्लब टूर्नामेंट, और नौ रोमांचक एक दिवसीय प्रदर्शनी मैच। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे जोधपुर-मारवाड़ के महामहिम महाराजा गजसिंह द्वितीय, जो 1952 से एक महान योद्धा हैं।

टूर्नामेंटों का वर्णन करते हुए, जोधपुर पोलो और घुड़सवारी संस्थान के सचिव इंद्रजीत सिंह ने विस्तार से बताया: एमेच्योर कप (2 गोल) - 1-4 दिसंबर, उम्मेद भवन पैलेस कप (4 गोल) - 6-8 दिसंबर, आईपीए टूनार्मेंट: एचएच महाराजा जोधपुर कप (8 गोल) - 14-18 दिसंबर, राजपूताना और मध्य भारत कप (8 गोल) - 19-24 दिसंबर, जोधपुर के महाराजा गोल्डन जुबली कप (8 गोल) - 27-31 दिसंबर, क्लब टूर्नामेंट: जोधपुर पोलो कप (2 गोल) - 4-7 जनवरी, 2024, मेहरानगढ़ कप (4 गोल) - 10-14 जनवरी, 2024 सीजन के महत्व को दोहराते हुए, महाराजा गजसिंह द्वितीय ने कहा, जोधपुर भारत में पोलो के शानदार इतिहास का एक प्रतीक बना हुआ है। जैसे ही हम इस सीजन में प्रवेश कर रहे हैं, यह एक मात्र खेल की सीमा को पार कर जाता है। यह एक उत्सव है जो हमारे लचीलेपन, परंपराओं और उत्साही समुदाय का जश्न मनाता है। इस वर्ष, हम अपने अतीत के प्रति श्रद्धा को भविष्य के लिए जीवंत आकांक्षाओं के साथ मिला रहे हैं। हम दुनिया को जोधपुर के खेल, संस्कृति और विरासत के अनूठे संगम का आनंद लेने के लिए हार्दिक रूप से आमंत्रित करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, हालांकि पोलो महोत्सव जोधपुर के पर्यटन आकर्षण को बढ़ाता है, लेकिन यह शहर की वास्तविक गर्मजोशी और सौहार्द है जो इसे अन्य पोलो स्थलों से अलग करता है।

## आईसीसी ट्रांसजेंडर फैसले के बाद डेनिएल मैकगेही ने लिया संन्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर डेनिएल मैकगेही ने कहा है कि 'बहुत भारी मन से' कनाडा के लिए उनका अंतरराष्ट्रीय करियर 'खत्म' हो गया है। आईसीसी की लिंग पात्रता आवश्यकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव के बाद, जिसने ट्रांसजेंडरों को महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया, मैकगेही ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैकगैही ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, बुधवार की सुबह आईसीसी के फैसले के बाद, मुझे बहुत भारी मन से कहना पड़ रहा है कि मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर खत्म हो गया है। जितनी जल्दी यह शुरू हुआ, अब इसे खत्म होना ही चाहिए। आईसीसी बोर्ड ने मंगलवार को नए नियमों को मंजूरी दे दी, जिसके अनुसार कोई भी खिलाड़ी जो पुरुष से महिला बन गया है और किसी भी प्रकार के पुरुष यौवन से गुजर चुका है, उसे महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, चाहे उन्हें किसी भी सर्जरी या लिंग परिवर्तन उपचार की आवश्यकता हो। मूल रूप से ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली, 29 वर्षीय मैकगैही, 2020 में कनाडा चली गईं और 2021 में पुरुष से महिला में चिकित्सा परिवर्तन कराया।

## गागर में सागर

### सोने-चांदी के दाम में मामूली गिरावट



**नई दिल्ली।** आज से भारत में शादियों के सीजन का आगाज होने वाला है। 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच चलने वाले वेडिंग सीजन में देशभर में करीब 38 लाख से ज्यादा शादियां होने वाली हैं। इस दौरान लोग जमकर सोने और चांदी के गहने खरीदते हैं। अगर आप भी ज्वेलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो जान लें कि आज गोल्ड और सिल्वर दोनों ही वायदा बाजार में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 61,156 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था। फिलहाल यह कल के मुकाबले 70 रुपये यानी 0.11 फीसदी कमी के साथ 61,155 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर बना हुआ है। मंगलवार को सोना 61,155 रुपये प्रति 10 ग्राम पर देखा गया था। वहीं चांदी भी वायदा बाजार में गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। शुरूआती दौर में चांदी 73,149 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली। फिलहाल चांदी 92 रुपये यानी 0।13 फीसदी फिसलकर 73,212 रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी हुई है। कल यह वायदा बाजार में 73,304 रुपये पर बंद हुई थी।

### गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी का तलाक रेमंड पर पड़ा भारी




**नई दिल्ली।** सूट फैब्रिक के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक, रेमंड लि. की शेयर बाजार में सातवें दिन गिरावट देखने को मिली। अरबपति उद्योगपति और कंपनी के चेयरमैन गौतम सिंघानिया और उनकी पत्नी नवाज मोदी के बीच तलाक की खबर ने निवेशकों के बीच अनिश्चितता पैदा कर दी। बता दें कि दिवाली के एक दिन बाद यानी 13 नवंबर से ही सिंघानिया दंपति के अलग होने की खबर आ गई थी। 32 साल के रिश्ते को खत्म होने की जानकारी खुद गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर दी थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद खबर आई थी कि नवाज मोदी ने फैमिली सेटलमेंट के तहत गौतम सिंघानिया से 75 फीसदी संपत्ति यानी 8745 करोड़ रुपए की डिमांड उनकी बेटी निहारिका और निशा के साथ-साथ खुद के लिए किया था। गौतम सिंघानिया की कुल नेटवर्थ 11,600 करोड़ रुपए की है। 13 नवंबर को जब सिंघानिया ने अपनी पत्नी और रेमंड बोर्ड के सदस्य नवाज सिंघानिया से अलग होने की खबर दी, तब से स्टॉक में 12 फीसदी की गिरावट आई है। इसकी वजह से मार्केट वैल्यू में 180 मिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। बुधवार को शेयरों में 4.4 फीसदी की गिरावट आई, जो 25 अक्टूबर के बाद सबसे बड़ी गिरावट है।

### सोशल मीडिया पर सामान बेचने वालों पर आईटी की पैनी नजर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम पर सामान बेचने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ये ब्रांड और लोग काफी मुनाफा भी कमा रहे हैं। अगर बात टैक्स की करें तो इनमें से कई लोग टैक्स नहीं दे रहे हैं। अगर दे भी रहे हैं तो वह काफी कम है। इनकम टैक्स ने ऐसे लोगों की पहचान की है। डिपार्टमेंट ने 10,000 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का नोटिस भी जारी कर दिया है। अभी आई। टी। डिपार्टमेंट की ओर से 45 नोटिस पैन इंडिया ब्रांड्स को भेज दिए गए हैं। कई नोटिस भेजे जाने बाकी हैं। आई। टी। डिपार्टमेंट और सरकार ने साफ संकेत दे दिए हैं कि टैक्स चोरी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीते कुछ समय से टैक्स चोरी के मामलों को पकड़ा गया है और सख्ती की गई है, जिसकी वजह से सरकार को टैक्स कलेक्शन में भी इजाफा हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में चल कर रहीं ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ आई। टी। डिपार्टमेंट सोशल मीडिया पर सामान बेचने वालों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। डिपार्टमैंट की ओर से करीब 10,000 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का भंडाफोड़ किया गया है। ये टैक्स चोरी करीब 3 साल से की जा रही थी। इन नोटिस को अक्तूबर के लास्ट वीक से लेकर 15 नवम्बर के बीच भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस भेजे जाने बाकी हैं।

## टाटा के टाइटन मल्टीबैगर शेयर ने पकड़ी टीसीएस की राह

# भाव में आई तेजी से मार्केट कैप 3 लाख करोड़ के पार


**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में इन दिनों टाटा समूह का जलवा चल रहा है। एक तरफ नए आईपीओ ने बाजार में धूम मचाई हुई है, तो दूसरी तरफ पुराने मल्टीबैगर शेयर भी नए-नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। टाटा समूह का एक फेमस मल्टीबैगर शेयर तो अब बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टीसीएस की राह चल पड़ा है। हम बात कर रहे हैं समूह के सबसे शानदार शेयरों में एक टाइटन की। टाइटन वही शेयर है, जिसने दिवंगत दिग्गज इन्वेस्टर राकेश झुनझुनवाला को पहचान दिलाई और उन्हें भारतीय बाजार के बिग बुल के रूप में स्थापित किया। टाटा के इस शेयर ने स्टॉक मार्केट के कइयों निवेशकों को




मालामाल किया है। हाल-फिलहाल में टाइटन के शेयर फिर से रैली की राह पर चल रहे हैं। बुधवार के कारोबार में टाइटन का शेयर 0.77 फीसदी की तेजी के साथ 3,420.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले विगत मंगलवार को स्टॉक में 2 फीसदी की तेजी देखी गई थी और भाव 3,400 रुपये के पार निकल गया था। इसके साथ ही कंपनी का बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया था। अभी मार्केट कैप 3.04 लाख करोड़ रुपये है। इसके साथ ही टाइटन टाटा समूह का दूसरा ऐसा शेयर बन गया है, जिसका मार्केट कैप 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। टाटा समूह की आईटी कंपनी टीसीएस ने सबसे पहले यह कीर्तिमान हासिल किया था, जो अभी भारतीय शेयर बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी भी है। टीसीएस का मौजूदा बाजार पूंजीकरण करीब 13 लाख करोड़ रुपये है। टीसीएस से आगे सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज है। 3 लाख करोड़ रुपये के एमकैप के स्तर को हासिल करने के साथ ही टाइटन शेयर बाजार की 16वीं सबसे बड़ी कंपनी भी बन गई है। मंगलवार की शानदार तेजी के बाद टाइटन ने एमकैप के मामले में एशियन पेंट्स को पीछे छोड़ा है। एशियन पेंट्स की मौजूदा मार्केट वैल्यू 3.01 लाख करोड़ रुपये है।

## कनाडा के नागरिकों के लिए भारत ने शुरू की वीजा सर्विस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलती हुई नजर आ रही है। भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सर्विस की फिर से शुरूआत कर दी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। पिछले दो महीने से कनाडाई नागरिकों के लिए भारत ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा सर्विस पर रोक लगाई हुई थी। ऐसे में एक बार फिर से वीजा सर्विस बहाल होने के बाद कनाडाई नागरिक भारत की यात्रा कर पाएंगे। दरअसल, कनाडा ने सितंबर में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाया था। इस वजह से दोनों देशों के संबंध काफी खराब हो गए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने संसद में कहा था कि कनाडाई नागरिक निज्जर की जून में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में गुरुद्वारे के बाहर हुई हत्या को भारतीय एजेंट्स ने अंजाम दिया था। इसके बाद 21 सितंबर को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सर्विस पर रोक लगा दी। भारत सरकार ने ट्रूडो के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया था।

## डालमिया सीमेंट ने 'छठ पूजा' समारोह के नेतृत्व में अहम भूमिका निभाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने पूर्वी राज्यों- बिहार, झारखंड और ओडिशा में शुभ 'छठ पूजा' समारोह का नेतृत्व करने में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए कंपनी को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस समारोह में बिहार के रोहतास, नवादा, मुजफ्फरपुर और पटना, झारखंड के रांची और ओडिशा के राजगांगपुर में कुल 100 राजमिस्त्रियों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह त्योहार सूर्य देव के प्रति भक्ति और कृतज्ञता का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप, डालमिया सीमेंट ने एक जुलूस का आयोजन किया, जिसमें सूर्य रथ की सुविधा बेहद प्रशंसनीय रही। यह एक वाहन है, जो डीलर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के परिवारों को सोन नदी के तट पर ले जाता है, जहां वे छठ पूजा के दौरान उगते और डूबते सूर्य की पूजा और प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, डालमिया सीमेंट हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता को गहनता से महत्व देता है। कंपनी का प्रयास हमेशा ही उन सभी समुदायों में एक समावेशी वातावरण स्थापित करने का होता है, जिनकी यह सेवा करती है। हम निर्माण प्रोजेक्ट्स में महत्वपूर्ण योगदान के लिए स्थानीय राजमिस्त्रियों और उनके परिवारों की हार्दिक सराहना करते हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने छठ पूजा में स्वच्छता अभियान चलाया

**रांची।** छठ पूजा के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने स्वच्छता के लिए एक प्रतिज्ञा अभियान का आयोजन किया। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस समर्थन के परिणामस्वरूप, बैंक के कर्मचारी, रांची नगर निगम और नगर निगम के साथ मिलकर स्थानीय स्तर पर साफ-सुथरे और हरित स्वच्छता के लिए विभिन्न छठ घाटों की सफाई की और स्वच्छता के लिए संगठित हस्ताक्षर अभियान चलाया। झारखंड सर्किल के सर्किल हेड कुमार अभिषेक ने इस समर्थन और सहयोग को बढ़ाते हुए कहा कि स्वच्छता ही हमारे समुदाय की नींव है।

### एलआईसी ने बढ़ाई बैंक ऑफ बड़ौदा में हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा निगम ऑफ इंडिया ने बैंक ऑफ बड़ौदा में अतिरिक्त शेयरों का अधिग्रहण किया है, जिससे इसकी हिस्सेदारी 5% सीमा से अधिक हो गई है। सोमवार को ये हिस्सेदारी का लेनदेन लगभग 48.3 करोड़ रुपए में पूरा हुआ। एलआईसी की हिस्सेदारी में इस वृद्धि की घोषणा के बाद, बैंक ऑफ बड़ौदा और एलआईसी दोनों के शेयर की कीमतों में मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर थोड़ी गिरावट देखी गई। एलआईसी द्वारा यह खरीदारी तब हुई है जब बैंक ऑफ बड़ौदा सक्रिय रूप से अपने पूंजी आधार को बढ़ा रहा है। इस महीने की शुरूआत में, बॉब ने कहा था कि वह टियर-2 और इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिए 15,000 करोड़ रुपए जुटाने की दिशा में काम कर रहा है। यह पहल बैंक की अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है।

## विदेश

### यूएन में भारत ने चीन पर साधा निशाना, कहा

## अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना जरूरी

**एजेंसी**

भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए तथा अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। सामान्य विकास के माध्यम से स्थायी शांति को बढ़ावा देना नामक विषय पर आयोजित एक खुली बहस में कहा, यदि संसाधनों की कमी बनी रही तो विकास एक दूर का सपना है। इसलिए, भारत ने जी20 की अपनी मौजूदा अध्यक्षता सहित विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के सुधार की दिशा में काम किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय समिति की यह बैठक चीन की इस महीने की अध्यक्षता में हुई। मधुसूदन ने कहा कि जैसा कि बैठक के अवधारणा पत्र से पता चलता है, हमें




पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए और अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के संबंध में सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तीन स्तंभों- शांति एवं सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों की परस्पर निर्भरता को शामिल किया जाना चाहिए। मधुसूदन ने कहा, सुरक्षा वास्तव में बहुआयामी है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के अन्य निकायों के लिए अनिवार्य पहलुओं सहित हर पहलू में सुरक्षा परिषद की भागीदारी उचित नहीं हो सकती।

### घुसपैठ मामले में पुलिस ने 4 पाकिस्तानी नागरिक को किया गिरफ्तार

**हांगकांग।** पुलिस ने शहर में अवैध रूप से प्रवेश करने के संदेह में चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि चार अन्य संदिग्ध अवैध अप्रवासी जो पाकिस्तानी पासपोर्ट धारकों के साथ डबल डेकर बस में शाऊ केई वान जा रहे थे, उनकी तलाश की जा रही है। सुबह 8.30 बजे से कुछ समय पहले, पुलिस को राहगीरों से कई कॉल मिलीं, जिन्होंने शेक ओ में केप डी'एगुइलर रोड पर आठ गैर-चीनी पुरुषों के एक समूह को देखा, जिनके बारे में शक था कि वे अवैध रूप से शहर में प्रवेश कर चुके हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही समूह भाग निकला था। इसके बाद अधिकारियों ने तलाशी ली और इलाके में नाकाबंदी कर दी। लगभग आधे घंटे बाद, एक बस चालक ने शेक ओ में केप डी' एगुइलर रोड पर आठ संदिग्ध अवैध अप्रवासियों के वाहन में कूदने की रिपोर्ट पुलिस को दी। वे एल्ड्रिच स्ट्रीट पर शाऊ केई वान बस टर्मिनल पर उतरे। मामले से परिचित एक सूत्र ने कहा, समूह ने बस किराए के लिए 100 बैंकनोट से भुगतान किया।

### यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है ईरान

## यूक्रेन के लोगों के लिए हो सकता है खतरा



**एजेंसी। तेहरान**

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को इस बात को लेकर चिंता जताई कि ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए उसे बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है, जो यूक्रेन के लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। अमेरिका के एक राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ईरान पहले से रूस को ड्रोन, लक्षित हवाई बम और गोला बारूद मुहैया करा रहा है और संभवतः वह रूस का समर्थन करने की दिशा में आगे बढ़ने का विचार कर रहा है। किर्बी ने सितंबर में हुई बैठक का जिक्र किया जिसमें ईरान ने रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की मेजबानी की थी और कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली का प्रदर्शन किया था । अमेरिका ने इस पर चिंता जताई थी। किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, इसलिए हम बात को लेकर चिंतित हैं कि ईरान संभवतः रूस को बैलिस्टिक मिसाइल उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ कर सकता है। उन्होंने कहा, इस समर्थन के बदले रूस ईरान को मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और हवाई रक्षा समेत अभूतपूर्व रक्षा सहयोग की पेशकश कर सकता है।'' किर्बी की यह चेतावनी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन की रक्षा जरूरतों के मद में आपात अमेरिकी कोष से 61 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि देने का अनुरोध किया था, कांग्रेस ने इसे अभी इसे मंजूरी नहीं दी है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड मंत्रालय में ...

▶▶21 मार्च 2023 को झारखण्ड विधान सभा में उद्धृत एवं यथापारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 (हिन्दी) के अनुरूप अंग्रेजी रूपान्तरण में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

▶▶झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली, 2019 (संशोधन सहित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई।

▶▶वित्तीय वर्ष 2023-24 में डुमरी विधानसभा उप-चुनाव, 2023 के दौरान प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों के आवासन, गमनागमन एवं अन्य कार्यों पर व्यय हेतु झारखण्ड आकस्मिकता निधि से चार करोड़ पचपन लाख चार हजार एक सौ पैंतालीस रुपए अग्रिम के रूप में स्वीकृत ।

▶▶लोहरदगा जिला अन्तर्गत किस्को पुलिस अनुमण्डल के सृजन की स्वीकृति दी गई।

▶▶राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में डिजिटल भाषा प्रयोगशाला को क्रियाशील करने हेतु सुयोग्य प्रशिक्षक, के कुल 26 पदों के सृजन की स्वीकृति ।

▶▶राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बीआईटी सिंदरी में पढ़ाये जा रहे तथा प्रस्तावित शाखाओं में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंड के आलोक में नामांकन क्षमता के अनुसार शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु पदों के पुनर्गठन को स्वीकृति दी गई।

▶▶डॉ तरूण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, पाकुड़ को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई

▶▶पंचम झारखण्ड विधान सभा का द्वादश (मानसून) सत्र (दिनांक 28.07.2023 से 04.08.2023) के सत्रावसान हेतु मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।

▶▶केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास' (एएचपी ) अंतर्गत मिहिजाम नगर परिषद के कानगोई में कुष्ठ रोगियों के लिए कुल 64 आवासों के निर्माण के लिए स्वीकृत परियोजना हेतु तकनीकी अनुमोदन प्राप्त प्राक्कलित राशि आठ करोड़ बीस लाख तैंतीस हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶असंगठित कर्मकारों के कल्याणार्थ पूर्व से संचालित योजनाओं का अध्ययन कर झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निर्माण श्रमिकों के तर्ज पर योजनाएँ बनाए जाने की स्वीकृति दी गई।

▶▶जल संसाधन विभागान्तर्गत पुनर्वास कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के छः कर्मियों की सेवा समाप्ति के कारण सेवा से बाहर रहने की अवधि का सेवा विनियमन एवं वेतन भुगतान की स्वीकृति दी गई।

▶▶झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2023 पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

▶▶बजट पूर्व कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ हरिश्वर दयाल, सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष , अर्थशास्त्र विभाग, संत जेवियर कॉलेज, राँची एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।

▶▶सरकारी भूमि के हस्तांतरण हेतु नीति निर्धारण करने की स्वीकृति दी गई।

▶▶हजारीबाग जिलान्तर्गत अंचल केरेडारी के विभिन्न मौजा अंतर्निहित कुल रकबा 150.33 एकड़ भूमि इक्यावन करोड़ उनतीस लाख एकतीस हजार दो सौ इक्कीस रुपए मात्र की अदायगी पर करनदारी (केरेडारी) कोयला खनन परियोजना हेतु एनटीपीसी लिमिटेड के साथ 30 वर्षों के लिए सःशुल्क लीज बंदोबस्ती करने की स्वीकृति दी गई।

▶▶झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।

▶▶साहेबगंज अन्तर्गत दिग्घी (बरहरवा) ठल्ट-80 से केसरो (बरहेट-बरहरवा मोड़) के लिए रिंग रोद वाया कुम्हारिया-बूढ़ी पहाड़-अंबेरी पहाड़-चपांडेय रोड (लंबाई-11.736 किमी., सी.डब्ल्यू.-7.0 मीटर) और बरमसिया से मां बिंदुवासिनी मंदिर लिंक रोड (लंबाई-1.360 किमी., सी.डब्ल्यू.-5.5 मीटर) (मीटर)(कुल लम्बाई-13.096 कि०मी०) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य (पुल कार्य, भू-अर्जन एवं वनरोपण सहित) हेतु रू० 47,33,03,000/- (सैतालीस करोड तैंतीस लाख तीन हजार) रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶पथ प्रमंडल, खूंटी अन्तर्गत खूंटी-तोरपा कोलेबिरा (रल्ट-03) पथ कि०मी० से 56.00 कि०मी० (कुल लम्बाई- 52.00 कि0मी0) (कैरेजवे राईडिंग क्वालिटी में सुधार 56,77,79,600/- (छप्पन करोड़ सतहत्तर लाख उनासी हजार छः सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶पथ प्रमंडल, खूंटी अन्तर्गत हटिया-लोधमा कर्रा पथ (एमडीआर-032) (कुल लम्बाई 26.400 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींग एवं पुलों के निर्माण सहित) हेतु रू० 109,37,50,300/- (एक सौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार तीन सौ रू० ) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶पथ प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत बालूमाथ-मुरपा-लपरा पथ (एमडीआर -143) (कुल लम्बाई-23.00 कि०मी०) के पुनर्निर्माण कार्य हेतु रू० 98,30,05,000/- (अंठानबे करोड़ तीस लाख पाँच हजार रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶पथ प्रमंडल, देवघर अन्तर्गत रौशन मोड़ से मधुपुर भाया साफ्तर घाट पथ (टऊफ-226) (कुल लम्बाई 12.840 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींग एवं फ&फ सहित) कार्य हेतु रू0 52,89,75,300/- (बावन करोड़ नवासी लाख पचहत्तर हजार तीन सौ रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▶▶विभागीय पत्रांक सं० 492, दिनांक 24.02.2023 द्वारा निर्गत परिनियम, यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर संशोधित कानून और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय - 2022 में संशोधन करने की स्वीकृति दी गई।

### संभावनाओं के बावजूद ....

भी खुद बनना चाहते हैं कुछ मामलों में संगीतकार तक खुद बने जिससे फिल्में दर्शकों को आकर्षित नहीं कर पाईं। निमार्ता इस बात की भी शिकायत करते हैं कि उनकी फिल्मों को अन्य राज्यों की तरह मंच नहीं मिलता न प्रोत्साहन मिलता है । अनेक राज्यों में क्षेत्रीय फिल्मों को दिखाना अनिवार्य किया गया है जिससे फिल्मों को बढ़ावा मिला है । झारखंड के एक फिल्मकार ने साल भर पहले वाव ओटिटी प्लेटफॉर्म बनाकर एक पहल की है जिसमें अनेकभाषाओं की फिल्में दिखाई जा रहीं हैं पर संरक्षण सरकार को देना चाहिए ताकि यहां की सभी नौ क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में फिल्में बनें और प्राकृतिक रूप से फिल्म निर्माण के लिए सर्वथा उपयुक्त यह राज्य बाहर के फिल्मकारों को आकर्षित कर सके ।

### 'पुरानी पेंशन' बहाली को ...

का कहना है कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी एक साथ आ गए हैं। देश के लगभग सभी कर्मचारी संगठन इस मुद्दे पर एकमत हैं। केंद्र और राज्यों के विभिन्न निगमों और स्वायत्तता प्राप्त संगठनों ने भी ₹ओल्ड पेंशन स्कीमह्न की लड़ाई में शामिल होने की बात कही है। बैंक एवं बीमा सेक्टर के कर्मचारियों से सकारात्मक बातचीत हुई है। कर्मचारियों ने हर तरह से सरकार के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली के लिए आग्रह किया, लेकिन बात सुनी नहीं गई। अब उनके पास अनिश्चितकालीन हड़ताल ही एक मात्र विकल्प बचता है। इसके लिए बीते 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर से आए लाखों कर्मियों ने 'ओल्ड पेंशन स्कीम' को लेकर प्रदर्शन किया था। कर्मचारियों ने कहा था कि वे सरकार को वह फॉर्मूला बताने को तैयार हैं, जिसमें सरकार को ओपीएस लागू करने से कोई नुकसान नहीं होगा।यदि इसके बाद भी सरकार, पुरानी पेंशन लागू नहीं करती है तो 'भारत बंद' जैसे कई कठोर कदम उठाए जाएंगे।ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को नुकसान होगा। क्योंकि कर्मचारियों , पेंशनरों व उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या 10 करोड़ से ज्यादा है। यह संख्या चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए निर्णायक हो सकता है। क्योंकि केंद्र के सभी मंत्रालय/विभाग, रक्षा कर्मी (सिविल), रेलवे, बैंक, डाक, प्राइमरी, सेकेंडरी, कालेज एवं यूनिवर्सिटी टीचर, दूसरे विभागों एवं विभिन्न निगमों और स्वायत्तशासी संगठनों के कर्मचारी, ओल्ड पेंशन स्कीम पर एक साथ आंदोलन कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने जो कमेटी बनाई है, उसमें 'ओल्ड पेंशन स्कीम' का जिक्र ही नहीं है। उसमें तो एनपीएस में सुधार की बात कही गई है। इसका मतलब है कि केंद्र सरकार, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू नहीं करना चाहती है। केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस में चाहे जो भी सुधार किया जाए, कर्मचारियों को वह मंजूर नहीं है। कर्मचारियों का केवल एक ही उद्देश्य यह है कि बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करके परिभाषित व गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' को बहाल किया जाए।




## गागर में सागर

### तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम दौरा



**गंगटोक।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा है कि राज्य सरकार आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की सिक्किम यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री तमांग ने बुधवार को राजधानी गंगटोक के सम्मान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम दौरे को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सिक्किम दौरे के दौरान दलाई लामा के दर्शन के लिए करीब एक लाख लोगों के आने की संभावना जताई।

### एनआईए ने पंजाब और हरियाणा में 14 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमलों के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में 14 जगहों पर छापेमारी की है। वाणिज्य दूतावास पर हमलों की घटनाओं की जांच के लिए एनआईए की एक टीम ने अगस्त 2023 में सैन फ्रांसिस्को का दौरा किया था। 19 मार्च और दो जुलाई को हुए हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए दोनों राज्यों में ये छापे मारे गए। यह छापेमारी पंजाब के मोगा, जालंधर, लुधियाना, गुरुदासपुर, मोहाली, पटियाला और हरियाणा के कुरुक्षेत्र और यमुना नगर में की गई। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान आरोपित व्यक्तियों से संबंधित जानकारी वाले डिजिटल डेटा को जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय सेना का दल आस्ट्रेलिया रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के 81 सैनिकों का दल दूसरे संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्रेलियाहिंद-23' में भाग लेने के लिए बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। यह अभ्यास छह दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में किया जायेगा। इस दल में गोरखा राइफल्स 60 नौसेना का एक और वायु सेना के 20 सैनिक शामिल हैं। आस्ट्रेलियाई सेना की 13वीं ब्रिगेड के 60 जबकि ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और वायु सेना के 20-20 सैनिक भी सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। दोनों देशों की सेनाओं के बीच ऑस्ट्रेलियाहिंद अभ्यास पहली बार वर्ष 2022 में राजस्थान में महाजन रेंज में आयोजित किया गया था। इसे दोनों देशों के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने की योजना है। अभ्यास का उद्देश्य सहयोग आधारित साझेदारी को बढ़ावा देना और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम तरीकों को साझा करना है। यह शांति स्थापना अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र के अध्याय सात के तहत शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर संचालन और तालमेल को बढ़ावा देगा। संयुक्त अभ्यास से विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और सामरिक संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं के अभ्यास का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा इससे दोनों सेनाओं के बीच परस्पर समझ को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने में भी मदद करेगा।

# आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में समय-समय पर महान आध्यात्मिक विभूतियों ने सदाचार, करुणा और परोपकार का संदेश प्रसारित किया है। राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पुट्टपर्थी के क्षेत्र को पवित्र किया। उनके आशीर्वाद से देश-विदेश के करोड़ों लोग लाभान्वित होते रहे हैं और आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों की शिक्षा की अवधारणा हमारी महान परंपराओं को जीवंत बनाती है।




राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। प्रत्येक छात्र में सत्य, सदाचार, शांति, स्नेह और अहिंसा के मूल्यों को विकसित करना समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को मौलिक महत्व देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति संस्थान का समग्र दृष्टिकोण बहुत प्रभावशाली है। शिक्षा के स्थान पर शिक्षा-देखभाल की अवधारणा अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान ने शिक्षा प्रक्रिया में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक आयामों को शामिल किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संस्थान के छात्र पेशेवर रूप से सुदृढ़, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और आध्यात्मिक रूप से जागरूक व्यक्तित्व विकसित करने में सफल होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे श्री सत्य साईं बाबा के मूल्यों और शिक्षाओं का प्रसार करें और आधुनिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास के उदाहरण पेश करें।

**सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसा**

## रेस्क्यू ऑपरेशन होगा सफल बाहर आयेंगे 41 श्रमिक

### अभी तक कुल 45 मीटर से अधिक ड्रिलिंग हुई पूरी

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसे के रेस्क्यू ऑपरेशन के 11वें दिन श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अच्छी खबर आई हैं। सबकुछ ठीक ठीक रहा तो सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अब कुछ घंटे ही बचे हैं। ऑगर मशीन से अभी तक 45 मीटर तक पाइप पुश हो चुका है। कुछ देर पहले प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने बताया कि ऑगर मशीन से पुनः ड्रिलिंग शुरू करते हुए और 6 मीटर तक ड्रिलिंग कर दी गई है। इस तरह से अभी शाम तक कुल 45 मीटर तक से अधिक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आने वाला समय और अधिक महत्वपूर्ण है। अगले फेज की ड्रिलिंग शुरू हो गई है। रेस्क्यू टीम के लिए बुधवार का 11वां दिन खास होने वाला है और बड़ी सफलता मिलेगी। उम्मीद है कि कुछ ही घंटों बाद सभी 41 श्रमिकों को सिलक्यारासुरंग से सकुशल बाहर निकल लेंगे। प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। एयरपोर्ट से लेकर ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल और सिल्क्यारा सुरंग के बाहर पर्याप्त फोर्स एवं एंबुलेंस तैयार खड़ी हैं। इस दौरान एम.डी (एनएचआईडीसीएल) महमूद अहमद, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।

## लश्कर के दो आतंकवादी सहयोगी हुए गिरफ्तार

**हथियार और गोला-बारूद बरामद**

**एजेंसी। श्रीनगर**

श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके बेमिना में राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि श्रीनगर पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर संदिग्ध आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली। इस पर श्रीनगर पुलिस और सीआरपीएफ की क्यूआरटी की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर शाम लाल पेट्रोल पंप, एनआर कॉलोनी के पास एक नाका स्थापित किया। उन्होंने बताया कि नाका चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सेंट्रो कार (जेके-09ए 2788) परिम्पोरा से टेंगपोरा की ओर जा रही थी। कार ने चौकी पर सुरक्षाबलों को देखते ही भागने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया कि मौके पर मौजूद अधिकारियों की टीम ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान त्रेहगाम कुपवाड़ा निवासी मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन के रूप में हुई। इनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 04 मैगजीन, 02 फिलर मैगजीन और 08 ग्रेनेड बरामद किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों के खिलाफ पुलिस थाना बटमालू में यूएलएपी अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।

### अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में पंचतीर्थ स्नान का आगाज आज से



**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में कार्तिक माह के 'पंचतीर्थ स्नान' का आगाज एकादशी 23 नवम्बर से होगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। पवित्र पुष्कर सरोवर पर अजमेर प्रशासन, पुलिस, नगरपालिका, सिविल डिफेंस तथा एसडीआरएफ ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। धार्मिक स्नान के पहले दिन एकादशी पर अलसुबह पवित्र सरोवर में स्नान किया जाकर, दिनभर दानपुण्य कर, भगवान ब्रह्माजी के दर्शन का क्रम चलेगा। पुलिस ने भीड़ के आगमन को देखते हुए सरोवर मार्ग की ओर बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित करने का काम शुरू कर दिया है , जो पांचों दिन प्रभावित रहेगा।

## गहलोत सरकार कभी सत्ता में नहीं लौटेगी : मोदी

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के सागवाड़ा में आदिवासी क्षेत्र में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार राज्य में सत्ता में वापस नहीं आएगी। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार का आखिरी दिन है। सागवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "बांसवाड़ा-डूंगरपुर राजस्थान के वागड़ क्षेत्र में आता है। वागड़ क्षेत्र को कांग्रेस के कुशासन का खामियाजा भुगतना पड़ा है। कांग्रेस नेताओं के करीबी लोगों के बच्चे अधिकारी बन गए और आपके बच्चों को चुन-चुनकर बाहर कर दिया गया। पेपर लीक माफिया ने राजस्थान के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस नेताओं के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं और उनके लॉकरों से सोने की ईंटें निकाली जा रही हैं। लाल डायरी के पन्ने खुल रहे हैं, जो कांग्रेस सरकार के काले कारनामों को बयां करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं को राजस्थान में लागू करने के लिए कांग्रेस को हटाना जरूरी है। मोदी (आपके लिए) कितना भी कुछ करना चाहें, कैसे करेंगे कोई और तो जयपुर में बैठा है? इसलिए, भाजपा सरकार चुनें। उन्होंने कहा, कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की गुलाम बन गई है। कल मैं जयपुर में रोड शो कर रहा था, वहां बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए थे, इसमें मुख्यमंत्री की तो फोटो थी, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की नहीं, उनके एक सांसद की फोटो तो थी, लेकिन उनके अध्यक्ष्ज्ञ और इतने बड़े दलित नेता खड़गे की फोटो शामिल नहीं थी, कल मैंने देखा कि कांग्रेस में एक दलित नेता के साथ क्या हुआ। वह कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं के परिवार से हैं। लेकिन कांग्रेस केवल एक परिवार की भक्ति में लगी हुई है।

### प्रधानमंत्री मथुरा के ब्रज रज उत्सव में गुरुवार को करेंगे शिरकत



**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मथुरा जिले में आयोजित ब्रज रज उत्सव में गुरुवार शाम को शामिल होंगे। ब्रज तीर्थ विकास परिषद की तरफ से आयोजित यह उत्सव इस बार पूर्णरूप से मीराबाई को समर्पित किया गया है। मीराबाई का 525वां जन्म महोत्सव भी इसमें मनाया जाएगा। वहीं देवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। जिला प्रशासन के मुताबिक प्रधानमंत्री लगभग साढ़े 3 घंटे ब्रजभूमि में रहेंगे। देवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। नरेन्द्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री चौथी बार मथुरा आ रहे हैं। वह 3.50 बजे आगरा एयरपोर्ट से मथुरा के लिए हेलीकाप्टर से उड़ान भरेंगे। 4.15 बजे उनका हेलीकाप्टर सेना के परिसर में स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से वह कार से मथुरा के धौली प्याऊ स्थित रेलवे मैदान में आयोजित मीराबाई के जन्मोत्सव समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मीराबाई पर आधारित नृत्य नाटिका फिल्म अभिनेत्री एवं स्थानीय सांसद हेमामालिनी प्रस्तुत करेंगी। नृत्य नाटिका करीब डेढ़ घंटे की है।

## राजौरी मुठभेड़ में आतंकी ढेर, कैप्टन और एक जवान शहीद, दो जवान घायल

**एजेंसी। राजौरी**

राजौरी जिले के कालाकोट इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है, जबकि दो जवान घायल हुए हैं। अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। जम्मू आईजीपी आनंद जैन ने बताया कि राजौरी के उपमंडल कालाकोट के तहत पुलिस स्टेशन धर्मसाल के अंतर्गत सोलकी गांव के बाजी माल इलाके में तीन आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली। इस विशेष सूचना पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इसी बीच शुरू हुई मुठभेड़ को लेकर सेना और पुलिस के उच्च अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।



उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने यहां एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है। दो जवान घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का अभियान जारी है और दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है।


**सफलता** गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल से ब्रह्मोस फायरिंग का पहला परीक्षण

# भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

### स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस

### ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल ने बुधवार को समुद्र में अपनी पहली ब्रह्मोस फायरिंग में 'बुल्स आई' स्कोर किया। यह पहला मौका है जब नौसेना ने किसी जहाज के चालू होने से पहले उससे विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया है। परीक्षण के दौरान जहाज की लड़ाकू तत्परता के साथ भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया। नौसेना प्रवक्ता के मुताबिक कमीशनिंग से पहले किसी युद्धपोत से विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का यह पहला परीक्षण है, जो युद्ध की तैयारी पर भारतीय नौसेना के अटूट फोकस, आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता को रेखांकित करता है। ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया। यह जहाज इसी साल 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को मुंबई के मझगांव शिपबिल्डर्स ने सौंपा था। प्रोजेक्ट-15 बी क्लास स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का चार जहाजों में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे जल्द ही नौसैनिक बेड़े में शामिल करने से भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी।

प्रोजेक्ट 15बी के तहत तैयार किया गया तीसरा जंगी जहाज इंफाल पहली बार इसी साल 28 अप्रैल को समुद्री परीक्षण के लिए पहली बार रवाना किया गया था। विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक के तीसरे जहाज आईएनएस इंफाल का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। जहाज के निर्माण की आधारशिला 19 मई, 2017 को रखी गई थी। यह भारतीय नौसेना का पहला जहाज है, जिसका नाम पूर्वोत्तर भारत के एक शहर के नाम पर रखा गया है।

नौसेना के मुताबिक राडार से बचने में सक्षम युद्धपोत इंफाल को कई विशिष्ट तकनीकों तथा उच्च स्वदेशी सामग्री से लैस किया गया है। इसे नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इंफाल को अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक युद्धपोत होने का अनूठा गौरव प्राप्त होगा। युद्धपोत इंफाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और मणिपुर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## FILMY हलचल

### फिल्म 'डंकी' का गाना 'डंकी ड्रॉप 2 - लुट पुट गया...' रिलीज हुआ



**डंकी** के मेकर्स ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की म्यूजिकल यात्रा शुरू करते हुए फिल्म से पहला दिल छू लेने वाला गाना 'डंकी ड्रॉप 2 - लुट पुट गया...' जारी कर दिया है। यह गाना हार्डी के उस अध्याय को खोलता है, जब वह मनु के प्यार में पड़ जाता है और वह दुनिया के खिलाफ उसके लिए खड़ी होती है। गाने में आप देखेंगे कि कैसे मनु के लिए उसकी भावनाएं उसे एक होपलेस रोमांटिक में बदल देता हैं। इस गाने को म्यूजिक मैस्ट्रो प्रीतम ने कंपोज किया है, जिसमें अरिजीत सिंह की दिल छू लेने वाली आवाज है। गाने के बोल स्वानंद किरकिरे और आईपी सिंह ने लिखे हैं। गाने के दिलकश डांस मूव्स मशहूर गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किए हैं, जो इसे और भी मैजिकल बनाते है और इसमें प्यार का रंग खिलता है। वैसे एक मास्टर कहानीकार के रूप में पहचाने जाने वाले राजकुमार हिरानी के नाम सबसे ज्यादा देखी जाने वाली और आकर्षक फिल्में हैं और इस बार वह एक और दिलकश फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका टाइटल 'डंकी' की है। यह फिल्म चार दोस्तों और विदेशी तटों तक पहुंचने की उनकी खोज की एक दिल छू लेने वाली कहानी है।

### 'राम राज्य' पर म्यूजिक एल्बम जल्द होगा रिलीज



**उत्तर प्रदेश** सरकार जल्द ही वनवास से लौटने के बाद अयोध्या में भगवान राम के जीवन के 11 प्रसंगों पर केंद्रित एक म्यूजिक एल्बम जारी करेगी। म्यूजिक एल्बम का थीम राम का आदर्श शासन-'राम राज्य' होगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता वाली अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति एल्बम का निर्माण करेगी। अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव और संत कबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर समिति के सदस्य हैं। अधिकारियों ने कहा कि लोकप्रिय गायकों के अलावा, संगीत एल्बम पर काम करने की सहमति के लिए प्रसिद्ध संगीतकारों से भी संपर्क स्थापित किया गया है।

### सूर्या की फिल्म 'कांगुवा' दुनियाभर में 38 भाषाओं में होगी रिलीज

**मेगास्टार सूर्या** की अगली मैग्नम ओपस कंगुवा के मेकर्स ने मेगास्टार के जन्मदिन पर खास फिल्म की पहली झलक दिखाई। इसके बाद एक दिलचस्प पोस्टर भी सामने आया जो फिल्म 'कांगुवा' की जोरदार दुनिया से रूबरू कराता है। मेकर्स का दावा है कि वह इतिहास रचने के लिए तैयार है क्योंकि यह फिल्म दुनियाभर में 38 भाषाओं में 3डी और आईमैक्स फॉर्मेट में रिलीज की जाएगी। 'कांगुवा' एक शानदार फिल्म तैयार है। भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक नया स्टैंडर्ड सेट करने के लिए जो 3डी और आईमैक्स प्रारूपों में दुनियाभर में 38 भाषाओं में रिलीज होगी। प्रोड्यूसर ज्ञानवेलराजा के ने बताया कि वे 'कांगुवा' के मार्केटिंग और रिलीज के मामले में उन क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जहां तमिल सिनेमा अभी तक नहीं पहुंच पाया है। इसके अलावा, 'कांगुवा' के साथ, तमिल सिनेमा बॉक्स ऑफिस नबंर्स और ऑडियंस तक पहुंचने में नए दरवाजे खोलने वाला है। फिल्म 'कांगुवा' की दुनिया दर्शकों को एक नया विजुअल अनुभव कराएगी। मानवीय भावनाएं, दमदार प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर पहले कभी नहीं देखे गए, एक्शन सीन्स फिल्म का मूल होंगे।

